* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

13 फरवरी, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 116

आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

जया बच्चन के सभापति धनखड़ को उंगली दिखाने पर मचा बवाल

स्व. डा. जनार्दन पाण्डेय

की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित

मंगलवार, 14 फरवरी 2023

अखण्ड हरि कीर्त्तन
प्रातः 10:30 बजे से

बुधवार, 15 फरवरी 2023

प्रसाद
दोपहर 12:30 बजे से आपके आगमन तक

सांस्कृतिक कार्यक्रम
दोपहर 2:00 बजे से

समस्त कोयलांचलवासी सादर आमंत्रित हैं।

आमंत्रित कलाकार

विष्णु ओझा

विशाल गगन

छोटू बिहारी

दीपिका ओझा

विशाल ओझा

भोला पाण्डेय

अनन्या प्रकाश

रमेश पाण्डेय (पौत्र)
भारतीय जनता पार्टी
सैल्यूट तिरंगा
राष्ट्रीय सचिव

स्थान : कार्यालय, कतरास मोड़, झरिया (धनबाद)

सर्राफा

सोना (बिक्री)	53,900 रु./10 ग्राम
चांदी	72,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 13 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in

पाकिस्तान के पास इस 'भंवर' से बचने का कोई रास्ता नहीं

■ अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कर्ज देने से किया इनकार

■ पाकिस्तान के लिए अब आगे कुआं है और पीछे खाई

■ कंगाली के रास्ते पर एक और कदम आगे बढ़ा भारत का पड़ोसी

एक वक्त था, जब पाकिस्तान भारत के खिलाफ साजिशें रचता था, सीमा पार से आतंकवादियों को भेजता था और हिंदुस्तान के लिए सबसे बड़ा खतरा था। लेकिन अब वक्त बदल चुका है। वही पाकिस्तान अब घुटनों पर है। कंगाल हो चुका पाकिस्तान वर्तमान में दिवालिया होने की कगार पर खड़ा है। उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पीएम मोदी से बातचीत कर संबंध सुधारना चाहते हैं। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि आज का पाकिस्तान भारत के लिए खतरा पैदा नहीं कर सकता, क्योंकि वह खुद कई मुसीबतों से घिरा हुआ है। 75 साल पहले अस्तित्व में आने के बाद से पाकिस्तान में एक के बाद दूसरा संकट लगातार जारी है। सिर्फ 1980 के दशक के बाद से पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) से 13 बार बेलआउट पैकेज ले चुका है। पाकिस्तान का वर्तमान आर्थिक संकट, जिसे उसके प्रधानमंत्री 'कल्पना से परे' बता रहे हैं, ने उसे पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। यह बात सच है कि कमजोर पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों को अंजाम नहीं दे सकता। लेकिन अगर उसके हालात और बुरे हुए, तो भारत के लिए चिंताजनक होगा। कंगाली और अराजकता के चलते पाकिस्तान में अगर राजनीतिक सरकार का पतन हुआ, तो वहां टीटीपी जैसे आतंकी संगठन और मजबूत हो सकते हैं। वह परिस्थिति भारत के लिए खतरनाक होगी। पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का जखीरा भी गलत हाथों में जा सकता है। इसलिए पाकिस्तान की हालत भारत के लिए भी चिंताजनक है। पाकिस्तान की इस कंगाल स्थिति का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह



भारत का पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान इन दिनों बुरी तरह फंसा हुआ है। वह दिवालिया होने की कगार पर आ गया है और उसके सामने विकल्पों के दरवाजे एक-एक कर बंद होते जा रहे हैं। हालत यह हो गयी है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी उसे राहत देने से इनकार कर दिया है। इसके कारण दुनिया भर में पाकिस्तान की साख गिर गयी है। वह लिये गये कर्ज को वापस करने की स्थिति में नहीं है। दरअसल, पाकिस्तान अपने संसाधनों का इस्तेमाल अपनी अवाम की बजाय आतंकवाद, कट्टरपंथ और जिहाद को बढ़ावा देने के लिए करता आया है। अब उसके पास अपने खाने के लिए भी संसाधन नहीं बचे हैं। ऊपर से आतंकवाद के जो कांटे वह भारत के लिए बो रहा था, आज टीटीपी के रूप में खुद उसी को चुभ रहे हैं। आइएमएफ से निराशा हाथ लगने के बाद पाकिस्तान का आर्थिक संकट दूर-दूर तक कम होता नहीं दिख रहा है।

वैसे तो दुनिया भर में पाकिस्तान को आतंकवाद की फैक्ट्री के लिए जाना ही जाता था कि अचानक वहां श्रीलंका जैसे हालात की स्थिति बनने लगी है। पाकिस्तान इन दिनों सबसे बुरे आर्थिक संकट से गुजर रहा है और लोगों का मानना है कि बस कुछ ही दिनों बाद पाकिस्तान में भी वही देखने को मिल सकता है, जो हाल के दिनों में श्रीलंका में देखने को मिला। लोगों का यह भी कहना है कि पाकिस्तान के लोग भयंकर महंगाई और खाने-पीने जैसी आवश्यक सामग्री के लिए तरस रहे हैं। बेकाबू महंगाई की वजह से आम लोगों से हर जरूरत की चीज दूर होती जा रही है। कंगाली की कगार पर आ पहुंचा पाकिस्तान दुनिया भर के देशों से भीख मांग रहा है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार अपने सबसे बुरे दौर से गुजरते हुए आठ बिलियन डॉलर से भी नीचे चला गया है। अगस्त महीने में स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने एक डाटा जारी किया। इसमें पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार 7830 मिलियन डॉलर रिकॉर्ड किया गया है। यह पाकिस्तान में पिछले तीन सालों का सबसे खराब स्तर बताया जा रहा है। ऐसे में माना जा रहा था कि अगर पाकिस्तान को आइएमएफ की तरफ से मदद नहीं की गयी, तो फिर श्रीलंका जैसे हालात बनने से कोई नहीं रोक सकता। लेकिन अब आइएमएफ ने भी पाकिस्तान से मुंह फेर लिया है।

ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि पाकिस्तान की दीर्घकालिक गिरावट का क्या यह कोई बुनियादी मुकाम है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की टीम ने पाया है कि पाकिस्तान को कर्ज जारी करने के बदले उसकी संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था का किस तरह प्रबंधन किया जाये, इस पर विचार जरूरी है। इसका सीधा मतलब यह है कि कर्ज मिले या न मिले, पाकिस्तान के लिए यह बुरा समय है। उसे चुनाव श्रीलंका की तरह के संयोग, अराजकता और उन कठोर कदमों के बीच करना है, जिन्हें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों 'सोच से बाहर' बताया। ऊंचे बिजली बिल, ऊंचे टैक्स, कम सब्सिडी और पहले ही 27 फीसदी पर पहुंच चुकी बर्बर मुद्रास्फीति पाकिस्तानी अवाम के जीवन स्तर में और गिरावट लायेगी।

दरअसल, पाकिस्तान की यह स्थिति उसकी कर्ज लेने की आदत के कारण हुई है। पाकिस्तान लगातार बाहरी देशों से कर्ज ले रहा था। हालत यहां तक पहुंच गयी थी कि विदेशी दूतावासों के कर्मियों का वेतन और दूसरे खर्च के लिए भी पाकिस्तान उन देशों पर निर्भर हो गया। इसका सीधा असर उसकी विदेशी साख पर पड़ा।

पाकिस्तान के बदहाल हालात की दूसरी वजह भ्रष्टाचार और इसके बाद राजनीतिक अस्थिरता है। अगर कोई सरकार सत्ता में आती भी है, तो वह पांच साल पूरे नहीं कर पाती है। देश आर्थिक कर्ज के नीचे निरंतर दबता चला जा रहा है। इससे उबरने के लिए पाकिस्तान सरकार ने चीन से 2.3 अरब डॉलर का भारी कर्ज भी ले लिया। इसके ब्याज भुगतान से ही पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार खाली होने लगा।

इन सबके साथ मुद्रा की कीमत में एक रात में करीब 15 फीसदी और पिछले एक साल में कुल करीब 35 फीसदी की कटौती और ईंधन की कीमत में वृद्धि करने के दो कठोर फैसलों से पाकिस्तान की कमर टूट गयी है। सवाल यह है कि क्या पाकिस्तान की जनता इस पैकेज को अपनी तकदीर मान कर कबूल कर लेगी।

इस तरह के कठोर उपायों का मतलब यह है कि पाकिस्तान अब अंधी गली में पहुंच चुका है। हालांकि अब तक वह अपने कर्जदारों से ऐसे वादे करके पैसे हासिल करता रहा है, जिन्हें वह प्रायः तोड़ता रहा है, लेकिन वह इतनी उस्तादी नहीं दिखा सका है कि चीन-पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर के बड़े तामझाम की ओट में चीन के साथ उपयुक्त परियोजनाओं के ठेके हासिल कर सके।

अगर पाकिस्तान को अब नये सिरे से शुरुआत करनी है, तो एक लंबा रास्ता आगे पसरा हुआ है। उसके कमजोर सामाजिक-आर्थिक पैमाने 'निम्न' मानव विकास सूचकांक से परिलक्षित होते हैं। उसकी प्रति व्यक्ति आय दक्षिण एशिया में निम्नतम स्तर पर है। उद्योग का आधार संकरा है और राजनीति पंगु है, तो राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर उसका एजेंडा उलटे नतीजे दे रहा है। ऐसे में पाकिस्तान के लिए अब एक ही रास्ता बचा है और वह है भारत की शरण में आना। लेकिन यह रास्ता इतना आसान नहीं है।

झारखंड में भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए सुनीता चौधरी को विजयी बनायें:दीपक प्रकाश

रामगढ़ उपचुनाव को लेकर भाजपा-आजसू की हुई संयुक्त बैठक

बैठक में शामिल हुए सांसद आदित्य साहू, सीपी चौधरी और जयंत सिन्हा

अमरजीत कुमार

कुजू (आजाद सिपाही)। हथमारा पोचरा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को रामगढ़ उपचुनाव को लेकर भाजपा और आजसू पार्टी की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में बोलते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रदेश में काबिज झामुमो सरकार राज्य में लूट और भ्रष्टाचार से रावण राज स्थापित करने में जुटी है। इस रावण राज को खत्म करने के लिए रामगढ़ उपचुनाव में भाजपा-आजसू की संयुक्त उम्मीदवार आजसू की सुनीता चौधरी को भारी मतों से विजयी बनायें।

उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने शासन में राज्य के लोगों के साथ सिर्फ और सिर्फ छलावा कर रहे हैं। इनके शासन से राज्य की जनता ऊब चुकी है। जनता ने इन्हें उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। रामगढ़ उपचुनाव से इसकी शुरुआत हो जायेगी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता और संचालन और धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री रंजन सिंह फौजी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, महासचिव रोशन लाल चौधरी, शशि भूषण भगत, प्रो खिरोधर प्रसाद साहू, रंजीत सिन्हा, नारायण चंद्र भौमिक, प्रकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ आगत अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए किया गया। वक्ताओं ने भाजपा और आजसू के सभी कार्यकर्ता को एक साथ मिलकर घर घर जाने और केंद्र सरकार की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि सुनीता चौधरी की जीत ही आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में रामगढ़ क्षेत्र से भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का परिणाम साबित होगा।

चुनाव में गठबंधन धर्म का होगा पालन : आदित्य साहू

राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव में निश्चित तौर पर गठबंधन धर्म का पालन किया जायेगा। गठबंधन प्रत्याशी की जीत के लिए कार्यकर्ताओं को हर बूथ को जीतना जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हर घर जाकर रामगढ़ के विकास के लिए वोट मांगने की बात कही।

रामगढ़ की पहचान हो रही धूमिल : सीपी चौधरी

गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि जब से झारखंड में झामुमो की सरकार है, रामगढ़ जिले में विकास का पहिया थम सा गया है। पहले विकास के मामले में पूरे राज्य स्तर पर रामगढ़ की एक अलग पहचान बनी हुई थी। लेकिन रामगढ़ में विकास अपना अस्तित्व खो रहा है, जिसे पुनः बरकरार करने के लिए एनडीए की प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित करना पड़ेगा। तभी रामगढ़ में धीमी पड़ रही विकास की गाड़ी रफ्तार से दौड़ने लगेगी। इससे रामगढ़ की पुरानी पहचान बरकरार होगी।

हेमंत के नेतृत्व में राज्य का नहीं हो सकता भला: जयंत सिन्हा

बैठक को संबोधित करते हुए हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि झूठे वायदे करने वाले हेमंत सोरेन सरकार ने न सिर्फ झारखंड की जनता को ठगा, बल्कि पेट्रोल वाउचर जारी कर राहत देने के नाम पर गरीबी का मजाक भी उड़ाया। इसलिए इस लूट, झूठ और भ्रष्टाचार के जनक हेमंत को हटाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि उपचुनाव नहीं धर्मयुद्ध है, इसको जीतने के लिए हमें कुछ बातों को ध्यान देने के लिए बूथ स्तर पर आजसू और भाजपा का तालमेल होना जरूरी है।

कार्यक्रम में ये थे मौजूद

मौके पर मनोज महतो, तिवारी महतो, राजू चतुर्वेदी, रंजीत पांडेय, जगेश्वर प्रजापति, मनोज गिरी, संजय शाह, राजेंद्र कुशवाहा, नीरज मंडल, अरविंद साहू, बलराम महतो, कृति गौरव, आनंद बेदिया, सोनू प्रवीण, मुन्ना खटीक, किरण देवी, प्रिया करमाली, आशुतोष सिंह, जय किशोर महतो, गुड्डू सिंह, प्रो संजय सिंह, अनीता साहू, कुमेल उरांव, बबलू साव, विजय गिरी, सुखदेव प्रसाद, पवन यादव, सुभद्रा अग्रवाल समेत काफी संख्या में भाजपा आजसू के लोग उपस्थित थे।

खेला करनेवाली भाजपा के साथ बिहार में हो गया खेला : तेजस्वी

कार्यकर्ता मिलन समारोह में कइयों ने थामा राजद का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश के द्वारा रविवार को कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शहर के एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित सम्मेलन में हजारों की संख्या में राजद कार्यकर्ता अपने लोकप्रिय नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को सुनने पहुंचे। झारखंड के पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ तेजस्वी का स्वागत किया गया। मौके पर छऊ नृत्य कर कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। वहीं पद्मश्री मुकुंद नायक की टीम के साथ तेजस्वी मांदर की थाप पर थिरके। सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा कि झारखंड के प्रति हमारा विशेष ध्यान है। महीने में दो दिन मैं राज्य के लोगों के साथ बिताऊंगा और यहां रह कर पार्टी को सींचने का काम करूंगा। देश में भाजपा की जहां भी सत्ता नहीं होती है, वहां चुनी हुई सरकार को पैसा के बूते और सरकारी एजेंसियों के साथ मिल कर खेला करती है, लेकिन राजद ने बिहार में भाजपा के साथ खेला कर दिया। महागठबंधन बना कर बिहार से भाजपा को खदेड़ने का काम किया। तेजस्वी ने कहा कि झारखंड में पार्टी को मजबूत करना है। यदि किसी को लगता है कि झारखंड में राजद कमजोर है, तो यह उनकी भूल है। संगठन में थोड़ी चूक हुई है, लेकिन इस बार भूल नहीं करते हुए सब मिलकर संगठन को मजबूत करेंगे।

संगठन का प्रभाव नहीं हुआ है कम: जयप्रकाश नारायण

पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण ने कहा कि संयुक्त बिहार के वक्त भी इस क्षेत्र में पार्टी का प्रभाव रहा है और आज भी यह प्रभाव कम नहीं हुआ है। लालू ने सांप्रदायिक शक्तियों के समक्ष घुटना टेकने का काम नहीं किया। उन्होंने गुलामी और अन्याय को कभी बर्दाश्त नहीं किया। उनके पदचिन्हों पर चलकर तेजस्वी यादव काम कर रहे हैं।

देश की स्थिति किसी से छिपी हुई नहीं है : श्याम रजक

राष्ट्रीय महासचिव श्याम राजक ने कहा कि देश संकट के दौर से गुजर रहा है। संविधान के घोर विरोधी लोग देश की सत्ता में हैं। देश में आग लगाने का काम किया जा रहा है। ऐसी सांप्रदायिक शक्तियों को नेस्तनाबूद करने का समय आ गया है। राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दकी ने कहा कि देश की स्थिति क्या है, आज किसी से छुपी हुई नहीं है। राजद सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता का हिमायती है। जिन्हें आगे बढ़ने नहीं दिया गया, उन्हें आगे बढ़ाने वाली पार्टी राजद है।

गरीबों की लड़ाई लड़ने वाली पार्टी है राजद : संजय प्रसाद यादव

राजद के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने कहा कि सिंगापुर से दिल्ली लौटने के बाद हमारे सुप्रीमो लालू यादव ने कार्यक्रम की जानकारी मुझसे और प्रदेश अध्यक्ष से ली। उनकी आवाज को सुनकर ऐसा लगा कि फिर वही पुराना शेर हमलोगों के बीच लौट गया है। हमारे युवा नेता तेजस्वी यादव के संबोधन को सुनकर राजद के सभी कार्यकर्ता क्षेत्र में जायें और संगठन को मजबूत करने में जुटें।

सभा को इन्होंने भी किया संबोधित

राजद युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि लालू यादव के नीति सिद्धांत पर चल कर ही संगठन को मजबूत करना है, जबकि पलामू के पूर्व सांसद घुरन राम ने कहा कि संगठन जितना मजबूत होगा, उतनी हमारी ताकत बढ़ेगी। पूर्व मंत्री सुरेश पासवान ने कहा कि भाजपा को भगाना ही 2024 का मिशन है। इसके लिए संगठन को मजबूत करना जरूरी है। वहीं पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि लालू यादव और रोहिणी आचार्य के उत्तम स्वास्थ की कामना करता हूं। वहीं चतरा लोकसभा से उम्मीदवार रहे सुभाष यादव ने कहा कि लालू यादव ने कभी नीति सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। राजद सामाजिक न्याय की पार्टी है। वहीं मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि अब 2024 आने में समय नहीं है। इसलिए चुनाव की तैयारी में जुट जायें। प्रखंड से लेकर राज्य स्तर पर सम्मेलन होगा। राजद के उम्मीदवार चुनाव में दमखम के साथ लग जायें। यही संकल्प लेकर लौटना है।

कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत सत्ता की कुर्सी तक पहुंचेंगे : रानी कुमारी

महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने कहा कि जमीनी कार्यकर्ताओं को सम्मान देने वाला कोई दल है, तो वो राजद है। कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत ही पार्टी सत्ता की कुर्सी तक पहुंचेगी।

भारत जलाओ पार्टी है भाजपा: गौरी शंकर यादव

खटाल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गौरी शंकर यादव ने कहा कि नाली-गली की सफाई के नाम पर सत्ता में आयी केंद्र की सरकार ने युवाओं को बेरोगजर बना दिया है। गौरी ने भाजपा को भारत जलाओ पार्टी बताया।

ये हुए पार्टी में शामिल

पलामू के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। गिरिडीह के लक्खी राम मुर्मू, इम्तियाज अंसारी, मुनिलाल साह, जयकांत महतो, गुना राम महतो, डॉ तुलसी महतो समेत अन्य लोगों ने राजद की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा है।

www.epaper.azadsipahi.in

13 फरवरी, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 116

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

तुर्की-सीरिया में 33 हजार से ज्यादा मौतें
संख्या 50 हजार से ऊपर जा सकती है

झारखंड समेत 13 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यपाल बदले

सीपी राधाकृष्णन झारखंड के 11वें राज्यपाल, रमेश बैस महाराष्ट्र गये

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड समेत 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यपालों को बदल दिया है। इसकी अधिसूचना रविवार को जारी की गयी। इसके अनुसार अब झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन होंगे। वह झारखंड के 11वें राज्यपाल होंगे। वहीं रमेश बैस को महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया है। रमेश बैस झारखंड के 10वें राज्यपाल थे। वह छत्तीसगढ़ से सात बार सांसद भी रहे हैं। इसके अतिरिक्त रमेश बैस केंद्र सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में वह पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री रह चुके हैं। वह साल 2021 के जुलाई महीने में झारखंड के राज्यपाल बनाये गये थे। उन्हें जुलाई 2019 में त्रिपुरा का राज्यपाल बनाया गया था। फिर वह झारखंड के राज्यपाल बने और अब महाराष्ट्र के नये राज्यपाल होंगे।

कोयंबटूर से लोकसभा सांसद रहे चुके हैं सीपी राधाकृष्णन : झारखंड के नये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन पूर्व राज्यपाल रमेश बैस की तरह ही लोकसभा सांसद भी रह चुके हैं। व्यह कोयंबटूर लोकसभा क्षेत्र से दो बार सांसद रह चुके हैं। इनकी गिनती भाजपा के बड़े नेताओं में होती रही है। इसके अतिरिक्त भाजपा ने इन्हें तमिलनाडु में पार्टी का अध्यक्ष भी बनाया था। वर्तमान में वह भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हैं। भाजपा ने उन्हें केरल भाजपा प्रभारी बनाया था। साथ ही सीपी राधाकृष्णन साल 2016 से साल 2019 तक अखिल भारतीय कॉयर बोर्ड के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। भाजपा के कद्दावर नेताओं में शामिल सीपी राधाकृष्णन 16 साल की उम्र से आरएसएस और जनसंघ से सीधे जुड़े रहे हैं।

सीएम हेमंत सोरेन ने किया स्वागत

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के नये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का स्वागत और अभिनंदन किया है। मुख्यमंत्री ने रविवार को ट्वीट कर नये राज्यपाल का स्वागत किया। निवर्तमान राज्यपाल रमेश बैस के बारे में हेमंत सोरेन ने लिखा, महाराष्ट्र राज्य का राज्यपाल नियुक्त किये जाने पर रमेश बैस जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

झारखंड के अब तक के राज्यपाल

प्रभात कुमार	15 नवंबर से 03 फरवरी 2002
वीसी पांडेय	04 फरवरी से 14 जुलाई 2002 (अतिरिक्त प्रभार)
एम. रामा जोइस	15 जुलाई 2002 से 11 जून 2003
वेद मारवाह	12 जून 2003 से 09 दिसंबर 2004
सैयद सिब्ते रजी	10 दिसंबर 2004 से 23 जुलाई 2009
के. शंकरनारायण	26 जुलाई 2009 से 21 जनवरी 2010
एमओएच फारूक	22 जनवरी 2010 से 03 सितंबर 2011
डॉ सैयद अहमद	04 सितंबर 2011 से 17 मई 2015
द्रौपदी मुर्मू	18 मई 2015 से 13 जुलाई 2021
रमेश बैस	14 जुलाई 2021 से अब तक

12 अन्य राज्यपाल भी बदले, कोश्यारी का इस्तीफा स्वीकार

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। झारखंड के अलावा 12 अन्य राज्यपालों और उप-राज्यपालों को बदला गया है। शिवाजी पर बयान देकर विवादों में आये महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकार कर लिया है। उनकी जगह रमेश बैस भेजे गये हैं। इसी साल जनवरी में सुप्रीम कोर्ट से रिटायर हुए जस्टिस अब्दुल नजीर को आंध्र प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है। रिटायरमेंट के 40 दिन बाद राज्यपाल बनाये गये जस्टिस नजीर राम मंदिर, ट्रिपल तलाक और नोटबंदी जैसे मामलों में फैसला दे चुकी बेंच में शामिल थे। जिन 13 राज्यों में राज्यपाल और उप-राज्यपाल बनाये गये हैं, उनमें से नौ में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। रिटायर्ड ब्रिगेडियर डॉ बीडी मिश्रा को लद्दाख का उप-राज्यपाल बनाया गया है। इससे पहले वह अरुणाचल प्रदेश और मेघालय के राज्यपाल रहे। छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसूईया उइके को मणिपुर का राज्यपाल बनाया गया है। एलए गणेशन को नगालैंड का राज्यपाल बनाया गया है। वे मणिपुर के गवर्नर रहे थे। बिहार के राज्यपाल फागु चौहान को मेघालय का राज्यपाल, आरवी आर्लेकर को बिहार का राज्यपाल, गुलाब चंद्र कटारिया को असम और लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सिक्किम का नया राज्यपाल बनाया गया है।

आलोक दुबे समेत चार नेता छह वर्षों के लिए कांग्रेस पार्टी से निलंबित

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा पर सम्यक विचारोपरांत प्रदेश कांग्रेस के चार नेताओं को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। इनमें आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता और साधुशरण गोप को तत्काल प्रभाव से अगले छह वर्षों के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। इस आशय का कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया है। यह जानकारी झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने दी।

असम में महसूस किये गये भूकंप के तेज झटके

असम (आजाद सिपाही)। असम के कुछ हिस्सों में रविवार को चार तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया। आधिकारिक बुलेटिन के मुताबिक तत्काल भूकंप से किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की जानकारी नहीं मिली है।

रमेश बैस ने शिबू सोरेन से मिल कर स्वास्थ्य की ली जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यपाल रमेश बैस ने रविवार को गुरुजी के आवास जाकर उनसे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मौजूद थे। तीनों के बीच करीब 20 मिनट तक बातचीत हुई।

शिबू सोरेन मेदांता हॉस्पिटल से डिस्चार्ज : इरबा स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिता और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन तीन दिनों के बाद रविवार को अस्पताल से डिस्चार्ज हो गये। शिबू सोरेन का इलाज कर रहे डॉक्टर अमित कुमार ने बताया कि उन्हें जो भी समस्या थी उसकी दवा दे दी गयी है। फिलहाल, वे राहत महसूस कर रहे हैं। डॉक्टर ने बताया कि शिबू सोरेन को कई हिदायतों के साथ डिस्चार्ज किया गया है। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जो भी समस्याएं हैं, उसके हिसाब से खाने-पीने में परहेज करने की भी सलाह दी गयी है। बता दें कि शिबू सोरेन को सांस लेने में तकलीफ और नींद नहीं आने की समस्या के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में उनकी रूटीन जांच की गयी। कुछ घंटों बाद उनकी हालत स्थिर बतायी गयी।

देवघर में अपराधियों से मुठभेड़ में दो जवान शहीद

आजाद सिपाही संवाददाता

देवघर। बाबा नगरी देवघर में शनिवार देर रात पुलिस और अपराधियों के बीच भयंकर मुठभेड़ हो गयी। इस घटना में पुलिस के दो जवान शहीद हो गये। पुलिस पर हमला करनेवाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार घटना नगर थाना क्षेत्र के श्यामगंज रोड अंडा पट्टी मोहल्ले में हुई। शहीद जवान मछली व्यवसायी सुधाकर झा की सुरक्षा में तैनात थे। घटना नगर थाने से पांच सौ मीटर की दूरी पर हुई। शहीद हुए दोनों जवान साहिबगंज जिला के रहनेवाले रवि कुमार मिश्रा और संतोष यादव थे। बताया जाता है कि कुछ दिनों पहले पुराने विवाद में सुधाकर झा के मुंशी पर जानलेवा हमला हुआ था। इसके बाद उन्होंने एसपी से सुरक्षा गार्ड की मांग की थी और दोनों पुलिस जवानों को उनकी सुरक्षा के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था।

देर रात हुई भयंकर मुठभेड़

रात करीब साढ़े 12 बजे अपराधियों ने सुधाकर झा पर घर में हमला किया, जिसके बाद दोनों जवानों से अपराधियों की मुठभेड़ हुई। इसी दौरान गोली लगने से दोनों पुलिस जवानों की मौत हो गयी। मुठभेड़ के दौरान तलवारबाजी भी हुई। मृतक दोनों पुलिस जवान सिविल ड्रेस में थे। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी केके साहू कुशवाहा पुलिस जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान अपराधियों ने थाना प्रभारी की गाड़ी पर भी फायरिंग की। इस घटना में थाना प्रभारी भी बाल-बाल बच गये। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए एक हमलावर को गिरफ्तार कर लिया। उक्त हमलावर भी बुरी तरह घायल है। उसके हाथ तलवार से कट गये थे। घटना की सूचना मिलने पर एसपी सुभाष चंद्र जाट, एसडीपीओ पवन कुमार समेत कई पुलिस अधिकारी पहुंचे।

बताया जा रहा है कि मछली व्यवसायी सुधाकर झा से अपराधियों का पुराना विवाद चल रहा था। इस कारण दोनों के बीच मुकदमा भी हुआ है। मुकदमा उठाने को लेकर ही बात आगे बढ़ी और मुठभेड़ शुरू हो गयी। इस घटना में तलवारबाजी से सुधाकर झा भी घायल हुए हैं।

ताजिकिस्तान में फंसे झारखंड के 36 मजदूर, दाने-दाने को मोहताज

- राज्य और केंद्र सरकार से वतन वापसी की लगायी गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता

विष्णुगढ़। बोकारो, हजारीबाग और धनबाद जिले के रहनेवाले 36 प्रवासी मजदूरों ने ताजिकिस्तान से सोशल मीडिया के माध्यम से वतन वापसी की गुहार लगायी है। मजदूरों की मदद के लिए भारत सरकार और झारखंड सरकार के नाम त्राहिमाम संदेश भेजा गया है। सरकारों से कहा गया है कि जिस कंपनी में ये मजदूर काम कर रहे थे, उसने चार महीने से वेतन नहीं दिया है। पैसे के अभाव में मजदूर दाने-दाने को मोहताज हैं।

यह कोई पहला मौका नहीं है, जब दलालों के चक्कर में पड़ कर गरीब तबके के लोग विदेशों में फंसे हैं। इससे पूर्व ताजिकिस्तान में 44 मजदूरों के फंसने का मामला सामने आया था।

ये सभी मजदूर चार महीने पूर्व बिष्णुगढ़ प्रखंड की खरना पंचायत के पंचम महतो के माध्यम से ट्रांसमिशन लाइन के लिए काम करने ताजिकिस्तान गये थे, जहां पिछले चार महीने से उन्हें वेतन नहीं मिला है।

श्रमिकों की मदद के लिए की अपील : प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले सिकंदर अली ने केंद्र और राज्य सरकार से श्रमिकों की मदद की अपील की है। उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में झारखंड में आये दिन कहीं न कहीं से इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। लोग रोजी-रोटी की तलाश में विदेश जाते हैं, जहां उनको यातनाएं झेलनी पड़ती हैं।

ताजिकिस्तान में फंसे मजदूर : गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड अंतर्गत तुकतुको के खिरोधर महतो, नागेश्वर चौधरी, रामदेव महतो, औरा के सुखदेव महतो, संतोष कुमार, महुरी के गोवर्धन महतो, ढिबरा के जगरनाथ महतो, परतापुर के गणेश महतो, घाघरा के कैलाश महतो, सरिया प्रखंड के अंतर्गत पिपराडीह के डुमरचंद महतो, डुमरी प्रखंड के अंतर्गत कुलगो के शंकर कुमार, सेवाटांड़ के झरिलाल महतो, हजारीबाग जिले के बिष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर के बालेश्वर महतो, नागी के महेंद्र महतो, करगालो के शिवशंकर साव, सारूकुदर के टुकामन महतो, नागेश्वर महतो, केंदुवाडीह के डेगलाल गंझू, बलकमक्का के दर्शन महतो, उच्चाघाना के प्रकाश महतो, खरना के सुरेश महतो, डेगलाल महतो, महेश महतो, अशोक कुमार, सिरैय के राजेश महतो, बसरिया के सुकर महतो. टाटीझरिया प्रखंड अंतर्गत जोलमी के दौलत महतो, लालमण महतो, योधा महतो, बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत हुरलुंग के नारायण महतो, बालेश्वर महतो, कडमा के दशरथ महतो, अशोक कुमार, करतवारी के प्रकाश महतो, धनबाद जिले के तोपचांची प्रखंड अंतर्गत मानटांड़ के दिनेश कुमार महतो शामिल हैं।

पीएम मोदी ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का किया उद्घाटन, कहा

कांग्रेस बॉर्डर पर सड़क बनाने से डरती थी, उसे सैनिकों के पराक्रम पर शक था

आजाद सिपाही संवाददाता

दौसा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के सबसे बड़े एक्सप्रेस-वे के पहले फेज का उद्घाटन किया। इसके बाद सभा में पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस सीमावर्ती इलाकों में सड़क बनाने से डरती थी। उसे लगता था कि दुश्मन हमारी बनायी सड़कों से चलकर देश के भीतर आ जायेगा। मुझे समझ नहीं आता कि कांग्रेस क्यों हमारे सैनिकों के शौर्य और बहादुरी को कम आंकती रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि सीमा पर दुश्मनों को रोक देना और उन्हें मुंहतोड़ जवाब देना हमारी सेना को बखूबी आता है। उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर बिना नाम लिये इशारों में निशाना साधा। उन्होंने कहा कि साल भर तक बजट को डिब्बे में बंद रखा। गलती किसी से भी हो सकती है, लेकिन यह साबित होता है कि कांग्रेस के पास न विजन है, न उसकी बातों में वजन है।

पीएम मोदी ने कहानी सुनायी, फिर बोले- इसका राजस्थान से संबंध नहीं : पीएम मोदी ने कहा- मैं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का कार्यकर्ता था और दौरे पर रहता था। एक बार एक सज्जन ने भोजन के लिए पूछा। मैंने कहा कि अभी नहीं खाया है, तो उन्होंने कहा कि चलो एक शादी में चलना है, वहीं भोजन करेंगे। जब हम उस गांव में गये, तो पता चला कि शादी तो एक साल पहले हो चुकी थी और मेरे साथी के हाथ में

सालभर पुराना कार्ड हाथ लग गया था। हालांकि इसका राजस्थान से कोई लेना-देना नहीं है।

कानून व्यवस्था पर कहा- राजस्थान को बचाने को भाजपा सरकार जरूरी : बीते पांच सालों में डबल इंजन की सरकार लगी होती तो यहां का विकास तेज हो जाता। कांग्रेस चीजों को अटकाने, भटकाने, लटकाने का काम करती है, उससे विकास के काम पटक दिये जाते हैं। न ये लोग खुद काम करते हैं और न ही ये करने देते हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति रोज खराब होती जा रही है। राजस्थान से जिस तरह की खबरें सामने आ रही हैं, उससे यह लगता है कि यदि राजस्थान की संस्कृति और गौरव को बचाना है, तो राज्य में भाजपा की सरकार लानी ही होगी।

दिल्ली-जयपुर के बीच ट्रैवल टाइम आधा हो जायेगा : पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार पिछले नौ साल से इस तरह के प्रोजेक्ट्स पर बड़ी रकम खर्च कर रही है। इस साल के बजट में सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए 10 लाख करोड़ का प्रोविजन किया गया है। यह 2014 की तुलना में पांच गुना ज्यादा है। उन्होंने कहा : इस हाइवे से जयपुर से दिल्ली जाने का टाइम आधा हो जायेगा। ये एक्सप्रेस-वे बंदरगाहों, लॉजिस्टिक पार्क को कई राज्यों से जोड़ेगा।

इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किये गये खर्च से सभी को फायदा : प्रधानमंत्री ने कहा कि आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण का एक और पक्ष है। जब यह तैयार हो जाता है, तो किसान, स्टूडेंट, व्यापारी सभी को अनेक सुविधाएं मिलती हैं। दुनिया में ऐसे अनेक अध्ययन हैं, जो बताते हैं कि इन्फ्रास्ट्रक्चर में लगायी गयी राशि जमीन पर कई गुना असर दिखाती है, इससे कई गुना निवेश आकर्षित होता है।

पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज ने मनाया पांचवां वार्षिकोत्सव

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के कपका स्थित पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में पांचवीं वार्षिकोत्सव मनाया गया। मंच संचालन संजय तिवारी ने किया। वार्षिकोत्सव में मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव, उपप्रमुख सुरजी देवी, झामुमो जिलाध्यक्ष शंभु लाल यादव, मुखिया कमल प्रसाद, मुखिया शंकर रविदास, पंसस डालेश्वर पंडित विद्यालय निदेशक सतेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। मौके पर अतिथियों ने फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत एवं गणेश वंदना के साथ किया। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि पीएम इंटरनेशनल स्कूल अपने पांच साल के दौरान ही शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा मुकाम हासिल कर ली है। आज शहर की तुलना में इस विद्यालय ने यहां के बच्चों को बेहतर सुविधाएं एवं माहौल देने का काम किया है। जिलाध्यक्ष शंभु लाल यादव ने कहा कि इस विद्यालय के निदेशक को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने कपका जैसे पिछड़े इलाके में शिक्षा की बेहतर सुविधा उपलब्ध करायी है। इस विद्यालय में बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ व्यावहारिक ज्ञान भी देने का प्रयास किया है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि यहां के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है उन्हें सिर्फ निखारने की जरूरत है। मौके विद्यालय के बच्चों के द्वारा कई बेहतरीन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रघुवीर, जिप प्रतिनिधि सीके पांडेय, प्राइवेट स्कूल केंद्रीय अध्यक्ष बिनोद भगत, गुरुकुल कोचिंग निदेशक जेपी जैन, प्रखंड अध्यक्ष प्रेम कुमार, प्रभु दयाल कुशवाहा, लक्ष्मण प्रसाद, उतिम महतो, यमुना प्रसाद, झखरु चौधरी, प्रदीप प्रसाद उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य दिनेश कुमार भारती, प्रबंधक निदेशक विरेंद्र प्रसाद, प्रबंधक राजेश कुमार यादव शिक्षक बैजनाथ कुमार मंडल, नंदु कुमार, राजीव पांडे, नेहा कुमारी, सुमन रानी, प्रकाश कुमार, आरती कुमारी, सपना कुमारी, गुड़िया देवी, मानती कुमारी, सीता कुमारी, ज्योति भारद्वाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आजसू नेता रोशनलाल समाजसेवी सुदेश्वर सिंह के ब्रह्मभोज में शामिल हुए

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के अंबाजीत निवासी युवा समाजसेवी दीपक सिंह के दादा समाजसेवी सुदेश्वर सिंह उम्र लगभग 91 साल का मृत्यु 30 जनवरी को हो गया था जिनके श्राद्ध कर्म में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी पहुंचकर समाजसेवी सुदेश्वर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर आजसू नेता रौशन लाल चौधरी ने उनके इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट कर कहा कि इस दुख की घड़ी में मैं उनके परिवार के साथ हूं। आगे उन्होंने कहा कि सुदेश्वर सिंह एक सच्चे और ईमानदार समाजसेवी थे और हमारे गार्जियन स्वरूप थे जो हमें मार्गदर्शन देते रहते थे। अब उनके जाने पर हमारे लिए एक अपूर्ण क्षति हुवा है। मौके पर मुख्य रुप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष चंदन सिंह, सांसद प्रतिनिधि जुगनू सिंह, आजसू अल्पसंख्यक नेता राजा खान, प्रभात सिंह, गोलू सिंह, मोहम्मद प्रिंस, संजय सिंह, विश्व रंजन सिंहा, विजय महतो, सूरज सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

टाटीझरिया में होंडा शोरूम मां दुर्गा आटोमोबाइल का उद्घाटन

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया प्रखंड के बाबा बालक नाथ मंदिर के सामने मां दुर्गा आटोमोबाइल, होंडा शो रूम का उद्घाटन रविवार को सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक, कैलाश पति सिंह, महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, सुरेंद्र यादव के द्वारा फीता काट कर किया गया। शोरूम संचालक पिंटु वर्णवाल एवं पत्नी राखी वर्णवाल के द्वारा पुजा अर्चना कर शो रूम की शुरूआत किया गया। संचालक पिंटु वर्णवाल एवं भुनेश्वर प्रसाद ने बताया कि प्रखंड में एक भी शोरूम नहीं था। क्षेत्र के लोग बाइक खरीदने के लिए जिला मुख्यालय की दौड़ लगाते थे, उन्हे वहां सुविधा भी नहीं मिल पाती थी। इसी को देखते हुए यहां इसकी शुरूआत की गई। मौके पर उमेश पांडेय, राजेंद्र वर्णवाल,रीता देवी, नितेश वर्णवाल, शैलेश सिंह, कौलेश्वर मिश्रा, राजेश कुमार, मनोज कुमार, शंभु प्रसाद,विजय पांडेय, सरयू ठाकुर, सुजीत वर्णवाल, प्राण कुंहार, प्रभु लाल समेत अन्य उपस्थित थे।

सामाजिक अधिकार शिविर का हुआ आयोजन

कोडरमा। समर्पण एवं आरएमआई की ओर से रविवार को ग्राम छतारा मे सामाजिक अधिकार शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे लगभग 50 से ज्यादा ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर मे कुल 12 राशन कार्ड से लाभुकों को जोड़ा गया, 12 लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति बीमा से जोड़ा गया। कुल 30 लोगो का ई – श्रम कार्ड बनाने और साथ ही 10 लोगों का आभा कार्ड बनाने का प्रोसेस किया गया। परियोजना उत्प्रेरक आलोक कुमार सिन्हा ने कहा की ग्रामीणों मे काफी उत्साह दिखी सरकारी योजनाओं से जुड़ने को लेकर खासकर महिलाओं मे जरुरत है। सरकार द्वारा तो कोशिश की जा रही है पर चैनल ऑफ कम्युनिकेशन की कमी साफ दिखती है जरुरत है इनको दुरुस्त करने की। मौके पर मुखिया पति वजीर भुइया शामिल रहे और इन्होने परेशानियों को लेकर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि अब ग्रामीण अब इन योजनाओं का लाभ आंगनवाड़ी सेविका के माध्यम से भी ले सकते है। मौके पर राजेश कुमार, मनीष लहेरी, राजेश कुमार, महेंद्र कुमार, बबिता देवी, संदीप यादव सहित अन्य साथी कार्यक्रम को सफल बनाने मे उपस्थित रहे।

जुगरा गांव में विश्वकर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू

मनीष जायसवाल और अंबा प्रसाद समेत आगंतुकों का हुआ भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। प्रखंड के जुगरा गांव में नवनिर्मित विश्वकर्मा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नौ दिवसीय रूद्र महायज्ञ का आयोजन का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। इस दौरान कलश यात्रा में चेपा खूर्द गांव के पास सदर विधायक मनीष जयसवाल एवं सूर्य मंदिर के पास बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के अलावा अन्य आगंतुक जनप्रतिनिधियों का पुरजोर स्वागत किया गया। भक्ति भाव से जुगरा से कलश यात्रा का जत्था भगवत जयकारे करते हुए और पारंपारिक वाद्य- यंत्रों के साथ आधुनिक धार्मिक गीतों के गूंज के बीच बड़कागांव-बरवाडीह-आराहारा होते हुए पकवा नदी से जल उठाकर तकरीबन 15 किलोमीटर पैदल कलश यात्रा कर पुनः यज्ञ मंडप लौटे। आयोजन समिति के लोगों के अलावे आरएसएस के स्वयंसेवकों की टोली कलश यात्रा के बेहतर संचालन में अपना योगदान दिया। कलश यात्रा में स्थानीय कलाकारों के जत्थे की टोली जागरण बैंड के माध्यम से भक्ति गीतों की रसधार बहाया जा रहा था। जिसपर कलश यात्री नाचते- झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे। 20 फरवरी को महायज्ञ का पूणार्हुति ,विशाल भंडारा एवं रात्रि मे प्रसिद्ध गायिका देवी के द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन होगा। इस महायज्ञ के यज्ञाचार्य वेद पंडित जयनंदन शास्त्री हैं। कथावाचक के रूप में अनिल बाल व्यास, बाल विदुषी अंजना गोस्वामी, वृंदावन धाम के गिरधर गोपाल रासलीला की टीम द्वारा विशेष प्रस्तुति और कथा वाचन का कार्यक्रम यहां संपन्न होगा। कलश यात्रा में जुगरा के 550 घर के 1101 महिला पुरुष कलश यात्रा में शामिल हुए । इस दौरान कड़ी धूप का सामना करते हुए 15 किलोमीटर पैदल लंबी दूरी तय की।

इनकी रही मौजूद

महायज्ञ में मुख्य पुजारी के रुप में यज्ञ समिति के अध्यक्ष कैलाश साव, सचिव पुर्व पंसस प्रतिनिधि राजेश रजक, कोषाध्यक्ष सुखदेव साव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि शंकर राम,वकील राणा, रामदुलार साव, धनेश्वर तुरी, तापेश्वर साव, दशरथ साव, चेतलाल रजक, फागुन साव अपने पत्नी संग शामिल हैं। मुख्य रूप से यज्ञाचार्य आचार्य जयनन्दन पंडित, ऋषिराज वेद व्यास मिश्रा, बद्रीनाथ नाथ पांडेय शास्त्री, उपाचार्य पंडित श्रीकांत शास्त्री वाराणसी,राधिका प्रसाद पांडेय आचार्य प्रयागराज, शास्त्री शिवराम पाण्डेय विंध्याचल मिजार्पुर, शास्त्री घनश्याम पांडेय विन्ध्याचल मिजार्पुर, मंटू मिश्रा, अर्जुन पांडेय, अरुण मिश्रा, देवेंद्र मिश्रा, दीपक तिवारी, आचार्य वाराणसी, हरिशंकर शास्त्री वाराणसी शामिल है। महायज्ञ में बालेश्वर साव, बृजेश सिंह, हरीशचंद्र गुप्ता, लालदेव साव, द्वारिका भारती, अनुज सिंह, रामविलास साव, तारकेश्वर साव, शुद्धलाल साव, सिकंदर साव, लखन साव, बंगाली ठाकुर, रंजीत साहू, बलदेव राणा, केदार साव के अलावा जुगरा गांव के तमाम प्रबुद्ध लोग महायज्ञ में अपना सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

महानगरों के बाद अब छोटे शहरों में भी हो रहे हनीट्रैप के मामले

सेवानिवृत्त शिक्षक की मौत अब तक अबूझ पहेली

संजीव

कोडरमा। पहले सेना के जवानों या फिर बड़े महानगरों में लोगों को हनीट्रैप के जरिए फंसाने, उनसे राज उगलने या फिर बड़ी रकम ऐंठने के मामले सामने आते थे। पर अब छोटे शहर और गांव भी इसके निशाना बन रहे हैं। कोडरमा के सेवानिवृत्त शिक्षक गिरिजा नंदन प्रसाद की मौत के अनसुलझे रहस्य में हनीट्रैप भी एक कड़ी हो सकती है। दरअसल 31 जनवरी को गायब हुए शिक्षक गिरिजा नंदन प्रसाद का शव शनिवार को बरामद किया गया तो यह बात सामने आई कि उन्हें उनके गायब होने के पहले लगातार फोन आ रहे थे। तो वहीं उन्होंने 20 हजार की रकम किसी के खाते में ट्रांसफर भी किया था। अब यह मामला क्या था, उनकी हत्या हुई या उन्होंने आत्महत्या की? उन पर किस का दबाव था, इसका खुलासा पुलिस को करना बाकी है। पर यह जरूर है कि वह किसी साजिश का या फिर हनीट्रैप को अंजाम देने वाले किसी गिरोह का शिकार हो गए हैं। हाल ही में तिलैया डैम से हजारीबाग निवासी युवक का शव बरामद किया गया था। जानकार बताते हैं कि वह मामला भी हनी ट्रैप ही था।

युवती मिलने को बुलाती और फंसाती है

आजकल कस्बों और गांवों में भी हनी ट्रैप की दस्तक हो चुकी है। साइबर क्रिमिनल इंटरनेट साइट्स से प्रोफाइल तलाशकर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते हैं। बातचीत करने के लिए पर्सनल नंबर मांगते हैं और फिर एक वीडियो काल के जरिए या तो अश्लील वीडियो बनाते हैं या फिर ऐसी बातचीत को रिकार्ड करते हैं जो बेहद गोपनीय होती है। कुछ मामलों में कोई युवती फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया के जरिये किसी व्यक्ति से दोस्ती करती है, फिर उन्हें मिलने के लिए बुलाती है। यहां पर उसके साथी पहले से मौजूद रहते हैं। वह हनीट्रैप में फंसे व्यक्ति की अश्लील तस्वीरें खींच लेते हैं। जिसके बाद उसे ब्लैकमेल कर रुपये वसूलते हैं। इस तरह के मामले अब इस इलाके में भी शुरू हुए हैं। यह भी बताया जाता है कि गिरोह ने कई लोगों को हनी ट्रैप का शिकार बनाया है। बदनामी के डर से कोई पुलिस के पास नहीं गया।

आखिर क्या होता है हनीट्रैप

अक्सर सेना के जवानों की हनीट्रैप में फंसने की खबर सामने आती हैं। हाल में एक मामला राजस्थान का सामने आया था, जहां सेना का एक जवान हनीट्रैप में फंसकर पाकिस्तानी एजेंट्स को खुफिया जानकारी देता था। लेकिन ये सवाल आता है कि आखिर ये हनीट्रैप होता क्या है। हनीट्रैप दरअसल जासूसी का एक तरीक होता है। खुफिया जानकारी इस्तेमाल करने के लिए हनीट्रैप का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें आमतौर पर खूबसूरत लड़कियों का इस्तेमाल कर किसी शख्स से राज उगलवाए जाते हैं। फोटो, वीडियो या फिर मैसेज के जरिए ब्लैकमेल किया जाता है। इसमें अक्सर लड़कियां टार्गेट शख्स को अपने हुस्न के जाल में फंसाकर उनसे किसी खास मुद्दे पर खुफिया जानकारी हासिल कर लेती हैं। पर अब बुजुर्गों या व्यवसायियों को इसका निशाना बनाकर ब्लैकमेलिंग करते हुए बड़ी रकम ऐंठने का मामला भी सामने आ रहा है।

नेशनल पब्लिक स्कूल की दसवीं के छात्रों को नम आंखों से मिली विदाई

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत परसाबाद स्टेशन रोड स्थित नेशनल पब्लिक उच्च विद्यालय में मैट्रिक बोर्ड परीक्षा के लिए 56 छात्र 26 छात्राओं को को विदाई समारोह का आयोजन कर विदाई दी गयी। विदाई समारोह कार्यक्रम में नृत्य संगीत हुआ एवं केक काटकर तथा कार्यक्रम का उद्घाटन में आये हुए अतिथियों के द्वारा फीता काटकर किया गया। मंच संचालन विद्यालय के छात्र फरदीन खान एवं साजिया प्रवीण ने किया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत गीत प्रस्तुत कर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। 4 वर्ष नर्सरी के छात्र दीपक राज ने देश भक्ति गीत मां तुझे सलाम में उपस्थित अभिभावक विद्यालय के शिक्षक गण अतिथियों का मन मोह लिया, लोग झूम उठे। विद्यालय के डायरेक्टर मुस्ताक खान ने कहा कि विद्या से बड़ा कोई धन नहीं, विद्या के बिना जीवन अधूरा है। हम सभी बच्चों को इसी आशा विश्वास के साथ विदा करते हैं कि अपने विद्यालय का अपने माता-पिता का और क्षेत्र का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, विधायक प्रतिनिधि राम जी यादव, प्राइवेट विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएनपी वर्णवाल, कन्हाई चंद्र यादव, नीलकंठ वर्णवाल, हीरामन मिस्त्री, वासुदेव यादव, समाजसेवी अरमान खान इब्राहिम अंसारी, मनान खान, पप्पू गुप्ता, विद्यालय के शिक्षक ऋतुराज सिंह, मिथिलेश सिंह, किशोर किसलय, अमित कुमार सिंह, विकास सोनी, धीरज कुमार, कैलाश कुमार, महेंद्र प्रसाद यादव, शब्बीर खान, मुस्तफा मंजर सद्दाम खान जितेंद्र राणा, संजय कुमार, शिक्षिकाएं आशियाना खान, सलोनी सिंह, शिवानी कुमारी, सिंपी कुमारी, पूनम कुमारी, प्रेमाकुमारी, अंजली कुमारी आदि मौजूद थे।

15 फरवरी को इचाक के छबेलवा में लगेगा पर्यावरण मेला

वृक्षों को रक्षा सूत्र बांध लेंगे पर्यावरण बचाने का संकल्प

दीपक सिंह

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम होंगे कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल

हजारीबाग। जिल के इचाक प्रखंड स्थित मोक्तमा के छ्बेलवा वन में 15 फरवरी को पर्यावरण मेले का आयोजन किया गया है। यह आयोजन जन जंगल एवं जल बचाव समिति मोक्तमा के द्वारा किया गया है। यह आयोजन बिना किसी सरकारी सहायता के केवल प्राकृतिक प्रेमियों के सहयोग से मोकतमा के छवेलवा वन में वृक्षों का रक्षबंधन सह पर्यावरण मेला का आयोजन 2009 से किया जा रहा है। इस वर्ष भी 15 फरवरी को महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस मेले में हजारों महिला पुरुष पहुंच सृष्टि को जीवन देने वाली देव तुल्य वृक्षों का पूजा-अर्चना करते है एवं मौन व्रत रखते हैं, उसके बाद वृक्षों को रक्षा सूत्र बांध उन्हे बचाने का संकल्प लेते हैं। मुख्य संरक्षक जीतेश्वर प्रसाद मेहता ने बताया की यह आयोजन टाटी झरिया के दूध मटिया में लगने वाले पर्यावरण मेले से प्रेरित होकर शुरू किया गया है। मैं 1995 से दुध मटिया के पर्यावरण मेले में शरीक होता था। शुरूआत में महेश मेहता, प्रमोद कुमार, हृदयांशु कुमार, प्रो रामप्रकाश मेहता, रामावतार स्वर्णकार आदि लोगों के साथ मिल कर छ्बेलवा में रक्षा बंधन कार्यक्रम शुरू किया जो आज पर्यावरण मेले का रूप ले लिया। दुख की बात यह है की इसमें वन विभाग का कोई सहयोग नहीं मिलता है। इस बड़े आयोजन में करियातपुर, मंगूरा, मोक्तमा, फुरुका, चंदा आदि गांव के लोगों का मुख्य भूमिका रहता है। साथ ही बताया की कार्यक्रम में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलम गिर आलम मुख्य रूप से शामिल होंगे। वन विभाग से मांग करते हुए कहा की वन विभाग चारो तरफ से तार का घेरा करवाये या ट्रेंच का गहरीकरण करवाये ताकी वृक्षों को बचाने में सहूलियत हो। साथ ही टाटीझरिया के दूध मटिया में जिस तरह प्रशिक्षण भवन बनाया गया है, उसी तरह छ्बेलवा में भी प्रशिक्षण भवन का निर्माण करे।

कार्यक्रम की समय सारिणी

प्रातः 6 बजे से अपराहन 9 बजे तक वृक्षों का पूजा अर्चना एवं मौन व्रत। प्रातः 10 बजे से अपराहन 3 बजे तक वन बचाव, वन्य जीव, जल बचाव, पर्यावरण बचाव जैसे विषय पर भाषण, गीत, नृत्य नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम। समय-समय पर वृक्षों को रक्षाबंधन एवं संध्या 3 बजे पुरस्कार वितरण कार्यक्रम।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया दशवें दिन भी भोजन का वितरण

चरही (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा चरही के 55 कमिटी भवन के समीप दशमा दिन भी निशुल्क भोजन वितरण किया गया। जिसमें बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो एवं नगर मंत्री राजेश कुमार के द्वारा भोजन वितरण किया गया। इस पुण्य कार्य के लिए चरही के समाजसेवी मोनू मिश्रा के द्वारा चावल का सहयोग के रूप में दिया है। इस नेक कार्य के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद परिवार उन्हें तहे दिल से धन्यवाद करता है। निशुल्क भोजन से गरीब एवं मजदूरों के लिए मिल का पत्थर साबित हो रहा है।

जोबर में वन समिति का गठन

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जोबर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में वन बचाव समिति की बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता मुखिया चेतलाल महतो संचालन महेश सिंह के द्वारा किया गया। कार्यसमिति में कुल 18 सदस्यों का चुनाव हुआ। जिसमें 9 महिला एवं 9 पुरुष सदस्यों का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष पोखलाल महतो उपाध्यक्ष सुरेश महतो एवम सचिव संजय कुमार महतो बनाये गये। तथा सभी ग्रामीणों ने जंगल बचाने का संकल्प लिया। जिसमें वक्ताओं में बारी-बारी से जंगल बचाव के बारे जानकारी दिए। जंगल बचाना हम सब की जिम्मेवारी है। जंगल से जड़ी बूटी शुद्ध हवा शुद्ध जल जलावन के लिए लकड़ी जंगल से समय पर वर्षा होती है। जंगल से हम सभी मानव प्राणियों को अनेकों प्रकार के औषधीय लाभ भी मिलता है है। सभा में उपस्थित जोबर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कैलाश महतो, बिरेंद्र सिंह, सुरेश महतो, उमेश महतो, महोरी महतो, मोहन महतो, लाखो महतो, गुलाबचंद महतो, बंदखारो से उमेश मंडल, बाबूचंद भोगता, लाखो तुरी, गंगिया देवी, चिंता देवी, अंजू देवी, रासो देवी, खेमलाल महतो, खिरिया देवी, रतनी देवी, सोहवा देवी, जानकी महतो, अनिता देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

सड़क मरम्मत कार्य का हुआ शिलान्यास

पदमा (आजाद सिपाही)। पदमा प्रखंड के सुरजपुरा ग्राम में रविवार को विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला यादव के हाथो सूरजपुरा से सूजी तक सड़क मरम्मती का शिलान्यास सूरजपुरा ग्राम के पांडेय होटल के समीप किया गया।इस मौके पर जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता,विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता,बीस सूत्री अध्यक्ष संजय यादव,मुखिया विजय मेहता,सीताराम मेहता, समाजसेवी राजेश मेहता, नईम जावेद,भुनेश्वर मेहता,मुकेश मेहता,अशोक राणा सहित कई अन्य ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

ग्राम बुकना में ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल का 7वां वार्षिकोत्सव मना

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। गैड़ा पंचायत अंतर्गत ग्राम बुकना में ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल का सातवां वार्षिक महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब के द्वारा फीता काटकर किया गया। अपने संबोधन में जिप सदस्य शेख तैयब ने कहा कि बहुत ही कम समय में ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही अहम योगदान दिया है. सुदूरवर्ती गांव बुकना में आज ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल शिक्षा की अलख जगा रहा है. यहां पर उपस्थित अभिभावक गणों से मैं आग्रह करूंगा कि आप एक टाइम खाना कम खाएं लेकिन बच्चों को अवश्य पढ़ाएं । आपके बच्चे हो कि नौकरी के काम आता है एक अच्छा इंसान भी बनाता है. मैं चाहता हूं हमारे गांव के बच्चे भी देश दुनिया में अपना नाम रौशन करें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बिष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब, विशिष्ट अतिथि झामुमो हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव, बिष्णुगढ़ प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल अंसारी, गैड़ा पंचायत समिति सदस्य महताब हुसैन जमूर्ने पंचायत के उप मुखिया शेख मोकीम, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के जिला उपाध्यक्ष मो. जहांगीर आंसरी,एडवोकेट आफताब आलम, हजारीबाग के शिक्षा विशेषज्ञ मो कासिम, स्कूल के संस्थापक सकील अंसारी,शिक्षक सागर सोनी, इरशाद आंसरी, सुनील साहू, सुनील कुमार शंभू महतो, फरजाना खातून, आरजू अमानत, तरन्नुम प्रवीण, अंनु यादव, जलील आंसरी, उसमन आंसरी, कयूम आंसरी, महेंद्र यादव,जितन यादव,हैदर अंसारी, हसरत आंसरी, बेलाल आंसरी, रोजन आंसरी, जलील आंसरी, जमील आंसरी, सुबोध कुमार सिंह, सहजादी खातून, फरीदा प्रवीण, नगमा खातून, अर्जुन ठाकुर समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

चाराडीह में महायज्ञ की पूर्णाहुति पर भंडारा का आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

झुमरी (आजाद सिपाही)। कोडरमा जिले के चाराडीह में श्री राधा कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात रविवार को महा भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद के रूप में खिचड़ी ग्रहण किया। स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने प्रसाद के रूप में खिचड़ी वितरण कर भंडारा कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके पूर्व श्री राधा कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की अंतिम संध्या साध्वी डॉ. विश्वेश्वरी देवी द्वारा श्रीमद्भागवत कथा की संगीतमय प्रस्तुति दी गयी। भंडारा कार्यक्रम में स्थानीय विधायक नीरा यादव, भाजपा नेता शिवेंद्र नारायण, अनूप जोशी, चंद्रशेखर जोशी, नितेश चंद्रवंशी समेत अन्य लोग शामिल हुए।

अधिवक्ताओ और जजों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग में न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं के बीच क्रिकेट टूनार्मेंट का आगाज रविवार को संत जेवियर स्कूल के मैदान में हो गया। उद्घाटन मैच में बार ए टीम और बेंच वाई टीम के बीच भीड़ंत हुआ। इस मैच में बेंच की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 114 रनों का लक्ष्य दिया, जिसका पीछा करते हुए अधिवक्ताओ की टीम ने 5 ओवर 2 गेंद में 9 विकेट रहते ही पूरा कर लिया। दूसरे मैच में बेंच की टीम ने टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवरों में 111 रन बनाये। जवाब में में अधिवक्ताओ के टीम ने 5 विकेट खोकर 98 रन ही बना सकी। इस तरह जजों की टीम ने 13 रनों से जीत का स्वाद चखा। स्कोरर के रूप में कुणाल कुमार ने अपना योगदान दिया। वहीं कॉमेंटेटर के रूप पूजा कुमारी, प्रवीण सिंह और सुमित सिन्हा ने अहम योगदान दिया। लीग का अगला मैच 18 फरवरी को होगा।

बोरोविंग पंचायत में कई दर्जन लोगों ने कांग्रेस छोड़ आजसू पार्टी का दामन थामा

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर चुनाव प्रचार अभियान तेज किया गया है। इसके तहत चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के बोरोबिंग पंचायत अंतर्गत छोटकी पोना में पार्टी द्वारा समारोह आयोजित कर कई दर्जन लोग कांग्रेस झामुमो एवं अन्य पार्टी छोड़कर आजसू पार्टी का सदस्यता ग्रहण किए। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि रामगढ़ जिला में जो पिछले 15 वर्षों में ऐतिहासिक विकास कार्य किए गए हैं। जिसे देख यहां के मतदाता आजसू पार्टी का भारी जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 3 वर्षों में यहां की भोली-भाली मतदाताओं को विकास के नाम पर ठगने का काम किया है, जिसे 2023 के रामगढ़ उपचुनाव में यहां की जनता सबक सिखाने का काम करेंगी और एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को भारी मतों से विजय बनाने का काम करेंगे। इस मौके पर उन्हें बताया कि रामगढ़ की जनता को विकास करने वाला प्रतिनिधि चाहिए यही वजह है कि अभी पूरे विधानसभा में सभी सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर तन मन से जुड़ने का काम कर रहे हैं और पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं। इस मौके पर कांग्रेस, झामुमो एवं अन्य पार्टी से छोड़कर आजसू पार्टी में शामिल हुए लोगों को सांसद द्वारा माला एवं पट्टी पहनाकर सभी का स्वागत किया गया। उन्होंने मतदाताओं से अपील किया कि सुनीता चौधरी प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह केला छाप क्रम संख्या 2 पर है। जिसे 27 फरवरी को होने वाले आगामी उपचुनाव में भारी से भारी संख्या में अपने-अपने बूथ पर पहुंचकर ऐतिहासिक विजय का ताज पहनाने के काम करें और झारखंड विधान सभा भेजने का काम करें इस मौके पर आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता अमृतलाल मुंडा अशोक महतो, अशोक बेदिया, पंचायत के मुखिया अरविंद सिंह, वरिय आजसू नेता दीपक सिंह, मोतीलाल करमाली, पप्पू कुमार अमरेश कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे आजसू पार्टी शामिल होने वाले मुख्य रूप से विमल सिंह बृजनंदन सिंह, रिंकू सिंह रेवालाल पटेल, किशोरी महतो, मनोज कुमार महतो, अनिल ओहदार, टूशु महतो, निर्मल केसरी, सगनू महतो सुनील साहू रूपलाल लाल महतो प्रदीप महतो चंद्र भूषण महतो संजीव सिंह सहित कई दर्जन लोग आजसू पार्टी में शामिल हुए।

एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित को लेकर बैठक, सांसद चंद्रप्रकाश हुए शामिल

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। छावनी परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर एक के बिंझार स्थित गुलदस्ता मैरिज हॉल के सभागार में रविवार को रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अरुण महतो ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद बेदिया और भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष शिव कुमार महतो शामिल हुए। इस दौरान बैठक में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को भारी मतों से विजय बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा के अधूरे विकास कार्यों को पूर्ण करने के लिए एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने कहा कि वाटर सप्लाई के भी अधूरे कार्यों को पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर ऋषिकेश सिंह, अविनाश सिंह, प्रदीप सिंह, अनिल कुमार, संजय कुमार, आनंद साहनी, अरविंद कुमार, संतोष कुमार, नवल साहू, सोमू खान, प्रदीप ठाकुर, किशोर कुमार, गौतम कुमार, संजीव कुमार, विनोद यादव, संजय सिंह, अरविंद तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

आरएसएस की शताब्दी वर्ष तैयारी को लेकर भुरकुंडा में संघ शाखा का हुआ आयोजन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा थाना चौक स्थित काली मंदिर परिसर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से विभाग के कार्यवाह संजीत कुमार उपस्थित थें। बैठक की शुरूआत संघ शाखा लगा कर किया गया। इस दौरान सभी स्वयंसेवक कतारबद्ध खड़े होकर भगवा ध्वज को प्रणाम करने के पश्चयात शारीरिक व्यायाम और खेल अभ्यास किया। तत्पश्चात बौद्धिक सत्र में विभाग कार्यवाह संजीत कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा की संघ की स्थापना सन 1925 ई. में हुई थी। हम सभी संघ के 97 वे वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। सन 2025 में संघ का शताब्दी वर्ष पूरा होने वाला है। उन्होंने कहा कि संघ कार्य विस्तार को ले प्रत्येक मंडल में संघ की साप्ताहिक शाखा या नित्य शाखा लगाने का निर्णय राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। इसी के तहत भुरकुंडा मंडल के दो पंचायत भुरकुंडा व जवाहरनगर के स्वयंसेवको का जुटान किया गया। उन्होनें कहा कि संघ का मूल उद्देश्य राष्ट्रवाद है। भारत प्राचीन हैं, भारत एक है, भारत हिन्दू राष्ट्र है। इन्ही विचारधारा के साथ संघ अपने कार्य को करता है। शताब्दी वर्ष की तैयारी को ले संघ का विस्तार भारत के प्रत्येक मंडल में शाखा लगाने की योजना है। उन्होंने कहा कि शाखा के माध्यम से ही ऊंच-नीच, अगड़ी-पिछड़ी व जात-पात के भेदभाव को समाप्त किया जा सकता है। वहीं सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया कि काली मंदिर परिसर में साप्ताहिक शाखा आरंभ की जाएगी। संघ प्रार्थना के बाद बैठक का समापन किया गया। मौके पर मुख्य शिक्षक लव कुमार, धनंजय कुमार, राजेश सिन्हा, उत्तम कुमार, योगेश दांगी, अजय पासवान, सुरेश उपाध्याय, सतीश मोहन मिश्रा, जगतार सिंह, प्रह्लाद पांडेय, राकेश सिन्हा, देवकुमार सिंह, राजेश सोनी, अरुण श्रीवास्तव, शैलेश कुशवाहा, शंकर विश्वकर्मा, संजय अग्रवाल, सुभाष दास उर्फ काला बाबू, अजय गुप्ता, देवेंद्र मेहता, नरेश जायसवाल, जयप्रकाश सिंह, अशोक चैहान, आशीष गुप्ता, धनंजय शुक्ला, गुड्डू पांडेय, राजेश मिश्रा, डब्लू गुप्ता, राजेश गुप्ता, नंदकिशोर राम, रंजीत मेहता सहित कई स्वयंसेवक मौजूद थें।

चुनाव चिह्न केला छाप पर वोट देकर सुनीता चौधरी को विजय बनायें: चंद्रप्रकाश चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

रजरप्पा। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर दुलमी प्रखंड अन्तर्गत होनहे पंचायत के बोंगासौरी गांव में जनसंपर्क अभियान आजसू पार्टी द्वारा जोर-शोर से चलाया जा रहा है। जिसमें मुख्य रुप से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी शामिल हुए पहुंचने पर सांसद को ग्रामीणों द्वारा बुके देकर भव्य तरीके से स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित ग्राम प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बताया गया कि रामगढ़ विधानसभा की जनता विकास की बाट जो रहे हैं और जो रामगढ़ का बेहतर ढंग से सर्वांगीण विकास कर सकता है उसके साथ ही मतदान करेंगे तथा आज के परिवेश में जनता की आवाज है कि जो विकास करेगा उसे ही वोट देना है। अब समय बहुत कम है और अपने अपने क्षेत्र में आजसू कार्यकर्ता मतदाताओं से डोर टू डोर संपर्क कर भारी मतों से वोट देकर विजय बनाने का काम करें। इस मौके पर सभी चुल्हा प्रमुखों के बीच आवश्यक बैठक भी की गई तथा सभी चुल्हा प्रमुखों को एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के चुनाव चिन्ह केला छाप क्रम संख्या 2 में अधिक से अधिक मत दिलाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर दिलिप महतो, प्रवीण महतो, रेतलाल महतो, हीरालाल महतो, सेराज अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, जमाल अंसारी, अली इमाम, भागीरथ महतो, गुदवा देवी, मुकेश कुमार, रतन कुमार, सुमित्रा देवी, सुमन देवी, गुड़िया देवी, किरण कुमारी, संगीता देवी, हसीना खातून, हैरुन निशा सहित अन्य लोगों की उपस्थिति मुख्य रूप से हुआ।

केला छाप के पक्ष में मिल रहा है मतदाताओं का भारी समर्थन: सुनीता चौधरी

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंक दी है और अपने अपने समर्थन में मतदाताओं से वोट मांग रहे हैं। इसी के तहत ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों गांव में रविवार को एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी का तूफानी दौरा किया गया। जिसमें सरगडीह,डीमरा, सोकला, एवं नावाडीह पंचायत के सोनडीमरा, नावाडीह गांव में पैदल- मार्च कर सभी माताओं बहनों एवं भाइयों एवं बुजूर्गों एवं अभिभावकों से अपने पक्ष में मतदान करने के लिए अपील की गई सुदूरवर्ती इलाकों में पहुंचने पर जगह-जगह पर सुनीता का मतदाताओं ने स्वागत किया और जीत दिलाने की भरसक आश्वासन भी ग्रामीणों ने दिया पिछले 3 वर्षों में यहां की विकास के नाम पर भोली-भाली जनता को ठगने का काम किया है जिसे अब कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। विधानसभा की दुर्दशा को देखते हुए मतदाताओं का इस बार मन बदल चुका है और केला छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने के काम करेंगे गांव टोला से भारी समर्थन मिल रहा है तथा यहां की जनता विकास के नाम पर अपना कीमती मतदान करेगी। प्रत्याशी वयोवृद्ध महिला पुरुषों से हाथ जोड़कर आशीर्वाद लिया और अपने चुनाव चिन्ह पर वोट करने की अपील की 2023 विधानसभा के उपचुनाव में बस एक ही आशीर्वाद मिल रहा।इस उप चुनाव में रिकॉर्ड मतों से विजय बनाएंगे सुनीता चौधरी के साथ जनता का पार जन समर्थन मिल रहा है। रामगढ़ विधानसभा 27 फरवरी को होने वाले उपचुनाव मे प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह केला छाप पर बटन दबाकर,एनडीए प्रत्याशी सुनिता चौधरी को विजय बनाए। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष- सुधा चौधरी, संगीता कुमारी, बबिता देवी, सरगडीह, पंचायत के मुखिया पूर्व उपप्रमुख प्रभाष प्रकाश सिंह, पूर्बी जोन अध्यक्ष- सरद त्रिपाठी, पंचायत प्रभारी-गोपाल महतो, आजसू छात्र संघ जिला उपाध्यक्ष-नीतीश कुमार, प्रखंड कार्यकारणी अध्यक्ष- प्रफुल राज,रविन्द्र महतो, गुरुचरण महतो, ऋतु लाल, रंजीत, बिभूती महतो, शैलेंद्र, संजीव, योगेंद्र, मुकेश, राजदेव, अमुल्य, दसरथ आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

मधुमक्खी बॉक्स का किया वितरण

चतरा (आजाद सिपाही)। चतरा जिले के चंगेर गांव में खादी ग्रामोद्योग रांची के द्वारा एसएचजी महिलाओं के बीच मधुमक्खी पालन के टूल कीट और प्रशिक्षण सर्टिफिकेट का वितरन को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके आये मुख्य अतिथियों को बुके एवं शॉल देकर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। मुख्य अतिथि खादी ग्रामोद्योग के ...मनोज कुमार सिंह ने कार्यक्रम में भाग लिए। इस विभाग ने सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार राज्य कार्यालय रांची के द्वारा गांव गांव में कई तरह की योजनायें चला रही है। इस योजनायें में जुड़ कर एसएचजी की महिलाए आत्मनिर्भर बन रही है। इस मौके पर खादी ग्रामोद्योग के मनोज कुमार सिंह ने कहा की हमारा सोच रहता है की कोई भी गांव जो पिछड़ा नही रहे। लोग ज्यादा से ज्यादा महिलाए इसमें जुड़े प्रशिक्षण लेकर खुद का मधुमक्खी पालन का व्यवसाय चालू कर सकें। अगले वर्ष भी 200 सौ मधुमक्खी का बक्सा वितरण और साथ में हनी टेस्टिंग रानी मधुमक्खी निर्माण करने का भी कीट वितरण किया गया था जो की आज बढ़कर 250 हो गया। मौके पर सुजीत भारती पूर्व प्रत्याशी सिमरिया, अनिल सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष, विनोद सिंह सांसद पतिनिधि, अभिषेक केसरी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, शिवबालक सिंह जिला मंत्री भाजपा, विनय सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष, मुकेश शाह, प्रदीप दांगी, रविशंकर पाठक, सुनील. सिंह खादी ग्रामोद्योग, श्यामदेव चौधरी और कई ग्रामीण महिलाए शामिल थी।

महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

रिकॉर्ड मतों से होगी बजरंग महतो की जीत: मुन्ना पासवान

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी द्वारा रामगढ़ छावनी क्षेत्र के वार्ड नम्बर 6 में डोर टू डोर जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। जो जिला कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर पतरातू बस्ती, बैंक कॉलोनी, दिप नगर, टुंगरी टोला, मुंडा टोला में जनसंपर्क रामगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान के नेतृत्व में किया गया। रामगढ़ नगर अध्यक्ष बलराम साहू ने कहा कि बजरंग महतो को हाथों को मजबूत करना है। 27 फरवरी को होने वाला उपचुनाव हो रहा है । गठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो को क्रम संख्या एक पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाना है। मौके पर मुख्य रुप से उपस्थित झारखंड प्रदेश के महासचिव बलजीत सिंह बेदी झारखंड प्रदेश के सचिव , सीपी संतन, रामगढ़ महिला अध्यक्ष अनु विश्वकर्मा , कांग्रेस सेवा दल के नगर अध्यक्ष, जे के अग्रवाल, सरिता महतो रीना देवी टिंकू खान, अनिल नायक, समीर खान, मन्ना मंसूरी , सागर नायक, राजन करमाली, नकुल महतो, गगन करमाली, संजू गुप्ता छोटू राम, विनोद कुमार, चंदन शर्मा, जगदीश कुमार, दीपक राकेश, बबन राम, छोटू कुमार, मुकेश प्रजापति राजा करमाली राजा खान नकुल माताहरमेंद्र, सूरज बलि यादव, अभिनंदन यादव, समीर हुसैन, सोनू सिंह दानिश कुरेशी अजय बांदा संजीव खंडेलवाल उपेंद्र वर्मा संतोष नायक विकी करमाली मनीष पासवान चंदन शर्मा छोटू राम विनोद राम छोटू कुमार गुलाम अली दीपक प्रकाश सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित हुए।

अनुशासनहीनता के आरोप में धनंजय पुटूस भाजपा से छह साल के लिए निष्कासित

रामगढ़। अनुशासनहीनता के आरोप में भारतीय जनता पार्टी से धनंजय पुटूस को छः वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया। प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने एक पत्र जारी कर धनंजय पुटूस को एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के खिलाफ चुनाव में खड़े होने को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के निर्देश पर पार्टी से छः वर्षो के लिए निष्कासित कर दिया है। जिसकी सूचना उन्हे भी जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता के द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से संप्रेषित कर दिया गया है।

जिला खाद्यान्न, फल और आलू-प्याज व्यवसायियों ने की बैठक

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। बाजार समिति के खाद्यान, फल व आलू-प्याज व्यवसायियों की बैठक देर शाम बाजार समिति परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के बाजार समिति सब कमेटी के चेयरमैन विनय कुमार अग्रवाल ने किया। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू बैठक में मुख्य रूप से बैठक में व्यवसायियों ने सरकार द्वारा दो प्रतिशित कृषि कर लगाये जाने का पूरजोर विरोध जताते हुए 15 फरवरी से अपने व्यवायिक प्रतिष्ठानों को अनिश्चितकाल के लिए बंद रखने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विनय कुमार अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार ने जो यह काला कानून लाया है, जिसे व्यवसायी किसी भी हाल में नहीं मानेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लगाया गया कृषि कर खाद्यान्न व्यवसायियों और आम जनता के हित में नहीं है। इस काले कानून को लागू होने के बाद सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा।इस काले कानून को लगने से महंगाई चरम सीमा पर होगी। बैठक में रामगढ़ आलू प्याज व्यवसायी संघ के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने अनिश्चितकालीन बंद को समर्थन देते हुए कहा कि यह काला कानून किसी भी स्थिति या परिस्थिति में हम लोग लागू नहीं होने देंगे। बैठक में मुख्य रूप से शंकर अग्रवाल, राकेश चौधरी, खुदरा व्यवसायी संघ के मांगीलाल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, जवाहर अग्रवाल, शंकर केसरी, नरेश कुमार राय, फ्लावर मिल एसोसिएशन से, विनोद कुमार, अरविंद गुप्ता, छोटू राय, खाद्यान्न व्यवसाय संघ के प्रदीप कुमार बरेलिया, संजय कुमार गोयल, अमर गुप्ता, रोशन अग्रवाल, कमल मित्तल, विक्की कोटेचा, काजल दत्ता, मनोज बंसल, विनोद कुमार गुप्ता नमक वाले, मुकेश अग्रवाल, अमित जैन, आलोक कुमार, राहुल अग्रवाल, राहुल साहू सहित जिले के दर्जनों खाद्यान व्यवसायी शामिल थे।

स्टेटिक सर्विलांस ने जब्त किया 10 लाख रुपये कैश

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ उपचुनाव को स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के अनुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के निर्देश पर जिले में विभिन्न स्टेटिक सर्विलांस दल एवं फ्लाइंग स्क्वायड दल का गठन किया गया है। इसी क्रम में रविवार को स्टेटिक सर्विलांस दल द्वारा चलाये गये जांच अभियान के दौरान एक निजी वाहन की डिक्की से 10लाख रुपये का कैश जब्त किया गया। जब्त राशि को संबंधित थाने में सुपुर्द कर इसकी सूचना जिले में गठित कैश रिलीज कमिटी को भेज दी गई है जिसके उपरांत कमिटी द्वारा आगे की कार्रवाई की जायेगी।

जवाहनगर हुडूमगड्डा में दर्जनों ग्रामीणों ने थामा भाकपा माले का दामन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भाकपा माले के वरिष्ठ नेता सरयू मुंडा के नेतृत्व में जवाहरनगर पंचायत के हुडूमगड्डा में दर्जनों नागरिकों ने रविवार को माले की सदस्यता ग्रहण की। माले नेता सरयू मुंडा ने कहा कि देश संक्रमण दौर से गुजर रहा है, देश के मोदी सरकार मजदूरों के हाथ से काम छीन बेरोजगार बना रहे हैं। किसानों की खेती को बर्बाद कर किसानों की जमीन को कॉरपोरेट घराने को देने के लिए अमादा हैं, शिक्षा का व्यवसायीकरण करके विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। मोदी सरकार देश को हिन्दू, मुस्लिम की आग में धकेल रही है। आगामी 15 फरवरी से 20 फरवरी को पटना में आयोजित पार्टी के 11वें महाधिवेशन में रामगढ़ जिला से हजारों लोग शामिल होंगे। सदस्यता ग्रहण करनेवालों में मनोज मांझी, दसाराम मुर्मू, महादेव मांझी, ब्राह्मदेव मुर्मू, सुलेन्द्र मुंडा, बिहारी मुंडा, नरेश गंझु, गीता देवी, अनीता देवी,कोमीला देवी, सनी देवी आदि लोग शामिल थे।

रैयत विस्थापित मोर्चा टंडवा के प्रतिनिधि मंडल चतरा की बैठक में हुए शामिल

टंडवा (आजाद सिपाही)। रैयत विस्थापित मोर्चा के एक प्रतिनिधि मण्डल टंडवा से चतरा सर्किट हॉउस रविवार को पहुंचे। जहां राज्य के मंत्री समन्वय समिति दर्जा प्राप्त बिनोद पांडेय,आरवीएम के केंद्रीय अध्यक्ष फागू बेसरा के साथ बैठक हुयी। इस बैठक में 13 फरवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की खतियानी जोहार यात्रा को लेकर विचार विमर्श किया गया। वही मंत्री बिनोद पांडेय ने मोर्चा के विभिन्न प्रमंडल, मण्डल, प्रकोष्ठ,परियोजना के अधिकारियो से अपील किया है की अधिक से अधिक लोग खतियानी जोहर यात्रा में शामिल हो। मौके पर इस बैठक में खतियानी जोहार यात्रा के बाद मगध आम्रपाली क्षेत्र में केंद्रीय अध्यक्ष फागू बेसरा 15 फरवरी के बाद एक दिवसीय दौरा में आने का वचन दिया। जिसमे सरकार के आदेश का स्थानीयता पर 75% रोजगार देने के सवाल समेत अन्य मुद्दे पर चर्चा करेंगे। इस मौके पर रैयत विस्थापित मोर्चा आम्रपाली परियोजना अध्यक्ष निरंजन राणा, सचिव अनिरुद सावं, लखन सावं, कोलेश्वर सावं, महेंद्र सावं, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन आम्रपाली अध्यक्ष उमेश गंझु, सचिव रामलाल उरांव, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन मगध अध्यक्ष तुलसी गंझु, सचिव गुरुदयाल सावं, पूर्व प्रमुख सीता राम साहू समेत कई उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री आज चतरा में, दो जिलों की विकास योजनाओं की देंगे बड़ी सौगात, तैयारियां पूरी

जोहार यात्रा के तहत गिनायेंगे सरकार के तीन साल की उपलब्धि

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। जोहार यात्रा के तहत दो दिवसीय दौरे पर आज 13 फरवरी को सीएम हेमंत सोरेन चतरा आयेंगे। दो दिवसीय प्रवास के तहत आ रहे मुख्यमंत्री जिला मुख्यालय स्थित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल में हुए विकास योजनाओं व उपलब्धियां गिनायेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन व कार्यक्रम की तैयारियों में जिला प्रशासन पूरी तरह जुट गया है। तैयारी भी पूरी कर ली गई है। सीएम के आगमन को ले जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे तैयारियों का श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अंतिम जायजा लिया। साथ ही मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। मंत्री ने बताया कि सीएम चतरा और लातेहार जिले के अधिकारियों के साथ संयुक्त मैराथन बैठक करने के साथ-साथ दोनों जिलों में संचालित विकास योजनाओं की भी गहन पूर्वक समीक्षा करेंगे। इस दौरान वे जनता को सरकार के तीन वर्षों के सफल कार्यकाल व इस दौरान हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों का भी उपलब्धि बताएंगे। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री चतरा और लातेहार जिले में संचालित करोड़ों की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर लोगों को विकास की बड़ी सौगात भी देंगे। परिसदन भवन में रात्रि विश्राम के बाद मुख्यमंत्री जिले में संचालित सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर स्थिति का जायजा भी लेंगे। मंत्री के साथ मौके पर महागठबंधन के घटक दलों के नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री सत्यानंद भोक्ता मुख्य रूप से उड़नखटोला में चतरा आयेंगे। देरशाम डीसी अबु इमरान जवाहर स्टेडियम पहुचें। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियों का फाइनल जायजा लिया। साथ मे डीडीसी एसपी राकेश रंजन समेत जिला थे। इस दौरान डीसी ने बताया मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई थी।

इसरो की कामयाबी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने एसएसएलवी-डी2 का सफल प्रक्षेपण करते हुए तीन उपग्रह पृथ्वी की कक्षा में पहुंचाये। उसकी यह कामयाबी कई वजहों से अहम है। पहली, कोरोना महामारी के चलते बार-बार टलने के बाद इसे लॉन्च करने का पिछले अगस्त में हुआ इसरो का प्रयास इस मायने में नाकाम हो गया कि यह उपग्रहों को उस ऑर्बिट में नहीं रख पाया, जहां रखना था। उस नाकामी ने स्वाभाविक ही इस सफलता की मिठास बढ़ा दी है। दूसरी बात यह कि जो तीन सेटेलाइट भेजे गये हैं, उनमें से एक, आजादीसैट 2 का निर्माण स्पेसकिड्ज इंडिया के मार्गदर्शन में देश के विभिन्न हिस्सों की 750 छात्राओं ने किया है। एयरोस्पेस स्टार्टअप स्पेसकिड्ज इंडिया का मकसद इस प्रॉजेक्ट के जरिए बच्चों में स्पेस को लेकर दिलचस्पी पैदा करना था, जिसका फायदा आने वाले दशकों में दिख सकता है। खास बात यह कि स्पेसकिड्ज ने इस सैटलाइट को एक्सपैंडेबल बनाया है। ऑर्बिट में पहुंचने के बाद इसका बाहरी फ्रेम खुल जायेगा और यह पहले के मुकाबले चार गुना बडे आकार का हो जायेगा। छोटे सेटेलाइटों का अंतरिक्ष में लंबे समय तक टिके रहना मुश्किल इसलिए भी होता है कि वे आवश्यक एनर्जी हासिल नहीं कर पाते। आजादीसैट-2 की एक्सपैंडबल संरचना का फायदा यह है कि छोटे आकार के कारण इसे ले जाने में अतिरिक्त खर्च नहीं पड़ता और ऑर्बिट में पहुंचने के बाद इसकी बढ़ी हुई संरचना में लगा सोलर पैनल इसके लिए ऊर्जा पाने का जरिया बन जाता है। छोटे सेटेलाइट के साथ इस तरह का प्रयोग पहली बार ही किया गया है। तीसरी और सबसे बड़ी बात यह है कि इस सफल अभियान के जरिए इसरो ने छोटे सेटेलाइटों के उभरते हुए बाजार में पैठ बनाने की कोशिश की है। इस प्रॉजेक्ट को डिजाइन और डिवेलप करते हुए इस बाजार की जरूरतों का खास ख्याल रखा गया है। मकसद यह स्थापित करना है कि इसरो मार्केट की डिमांड के मुताबिक सेटेलाइट लॉन्च करने की सुविधा प्रदान कर सकता है। ये रॉकेट एक छोटी सी टीम के जरिए मात्र कुछ दिनों के अंदर असेंबल किये जा सकते हैं, जबकि पीएसएलवी के मामले में 600 लोगों को भी छह महीने का वक्त लगता है। जानकारों के मुताबिक इसरो एक सप्ताह की समय सीमा में यह सुविधा उपलब्ध कराने की स्थिति में होगा। ध्यान रहे, अंतरिक्ष में लोगों की और इंडस्ट्री की जिस तेजी से दिलचस्पी बन रही है, उसके मद्देनजर इस क्षेत्र में विकास की जबर्दस्त संभावना देखी जा रही है। माना जा रहा है कि 2026 तक ही इसका वैश्विक कारोबार बढ़कर 7.4 अरब डॉलर तक पहुंच जायेगा। इसरो की यह सामयिक पहल न केवल उसे इस मार्केट के बड़े हिस्से पर अपनी पकड़ बनाने का मौका दे सकती है, बल्कि देश की इकॉनमी के लिहाज से भी वरदान साबित हो सकती है।

माना जा रहा है कि 2026 तक ही इसका वैश्विक कारोबार बढ़कर 7.4 अरब डॉलर तक पहुंच जायेगा। इसरो की यह सामयिक पहल न केवल उसे इस मार्केट के बड़े हिस्से पर अपनी पकड़ बनाने का मौका दे सकती है, बल्कि देश की इकॉनमी के लिहाज से भी वरदान साबित हो सकती है।

अभिमत
आजाद सिपाही

हाल ही में आये भूकंप में तुर्की एवं सीरिया में भयंकर ध्वंस हुआ। हजारों स्त्री, पुरुष, बच्चे अकाल काल के ग्रास बने। उनकी दारुण स्थिति, कष्ट एवं वेदना का उल्लेख करते हुए संसद में प्रधानमंत्री मोदी का गला रुंध गया, आंखें नम हो गयीं। भारत उन प्रथम देशों में भी अग्रणी था, जिन्होंने तुर्की और सीरिया की सहायता के लिए दवाएं, राहत सामग्री एवं आपदा में सहायता पहुंचाने वाले देवता स्वरूप आपदा प्रबंधन के वीर सैनिकों को भेजा।

हमारा आदर्श भाई कन्हैया का

तरुण विजय

किसी व्यक्ति या देश के संकटग्रस्त होने पर उसकी सहायता और सहयोग मानव धर्म है एवं इस कार्य का न तो किसी अनुग्रह के रूप में या प्रचार के लिए उपयोग अपेक्षित होता है। हाल ही में आये भूकंप में तुर्की एवं सीरिया में भयंकर ध्वंस हुआ। हजारों स्त्री, पुरुष, बच्चे अकाल काल के ग्रास बने। उनकी दारुण स्थिति, कष्ट एवं वेदना का उल्लेख करते हुए संसद में प्रधानमंत्री मोदी का गला रुंध गया, आंखें नम हो गयीं। भारत उन प्रथम देशों में भी अग्रणी था, जिन्होंने तुर्की और सीरिया की सहायता के लिए दवाएं, राहत सामग्री एवं आपदा में सहायता पहुंचाने वाले देवता स्वरूप आपदा प्रबंधन के वीर सैनिकों को भेजा। यह हमारा कर्तव्य था, हमारा धर्म था। हमारा आदर्श भाई कन्हैया का है, जिस सिख महायोद्धा ने मुगलों से लड़ते हुए शाम के बाद युद्ध थमा तो घायल मुस्लिम सैनिकों को भी पानी पिलाया था। किसी के दुख में दुश्मनी निकालना तो गिद्धों का काम होता है, मनुष्यों का नहीं। विश्व के अनेक देशों ने भी सहायता भेजी। ट्विटर पर एक मुस्लिम विद्वान ने ट्वीट किया कि तुर्की के अतिरेकी इस्लामी रवैये के बावजूद गैर मुस्लिम हिंदुस्तान ने बड़ी मात्रा में सहायता भेजी। अब मुस्लिम देशों ने प्रार्थनाएं भेजीं। भारत भी सिर्फ प्रार्थना कर सकता था और तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन से भारत के राष्ट्रप्रमुख फोन पर बातचीत करके संपूर्ण देश की ओर से संवेदना व्यक्त करके बात पूरी कर सकते थे, पर हमने ऐसा नहीं किया, क्योंकि भले ही तुर्की हर कदम और हर मुद्दे पर शत्रुतापूर्ण रवैया अपनाता रहा हो, उसने भारत के हर आंतरिक कदम का भी मुस्लिम नजरिए से तर्कहीन विरोध किया हो, अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर की तथाकथित आजादी का विरोध किया हो, वे सभी मुद्दे अपनी जगह पर टिके रहेंगे, लेकिन मानवता के मानदंड पर इन मुद्दों का राहत कार्य से कोई संबंध नहीं है। यह विचारधारा बहुत बड़ी है और विश्व में भारत को अन्य सभी ईसाई और मुस्लिम देशों से आगे प्रतिष्ठित करते हैं।

पाकिस्तान में शिया- सुन्नी हिंसक झगड़े, मस्जिदों में बम विस्फोट, अहमदिया मस्जिदों को खुलेआम तोड़ा जा रहा है, उनके बच्चों को मुस्लिम भी नहीं माना जाता, लेकिन जब प्रश्न हिंदुओं का आता है तो वे सब आपसी दुश्मनी भूलकर हिंदुओं के विरुद्ध एक हो जाते हैं। तुर्की का भी यही हाल है।

सर्वाधिक मुस्लिम जनसंख्या मुसलमानों के आपसी युद्ध में ही मारी जा रही है।

भारत में अनेक राजनीतिक तूफानों में तुर्की की बड़ी उपस्थिति रही है, जब तुर्की में खिलाफत खत्म हो रही थी और कमाल अतातुर्क के नेतृत्व में तुर्की की कट्टर इस्लामी चरित्र के तीव्र पश्चिमीकरण का तुर्की में मुल्ला, मौलवी जितना विरोध कर रहे थे, उससे ज्यादा विरोध भारतीय मुसलमानों द्वारा चलाये गये खिलाफत आंदोलन द्वारा किया जा रहा था। गांधी जी ने मुसलमानों से दोस्ती के लालच में प्रगतिशील कमाल अतातुर्क का विरोध कर खिलाफत आंदोलन का समर्थन किया और कट्टर जेहादी इस्लामी अली बंधुओं का साथ दिया, जिन्होंने हिंदुओं को कायर घोषित किया था। खिलाफत आंदोलन असफल हुआ। कमाल अतातुर्क ने तुर्की भाषा के लिए अरबी लिपि हटाकर रोमन लिपि को प्रचलित किया, कुरान रोमन लिपि में पढ़ाई जाने लगी।

देश में पश्चिमीकरण के माध्यम से आधुनिकता की नयी शुरुआत हुई और कालांतर में तुर्की ने यूरोपीय संघ का सदस्य बनने के लिए कोशिश शुरू कर दी। कमाल अतातुर्क भारत में भी लोकप्रिय हुए और कुछ समय पहले तक प्रधानमंत्री निवास वाले मार्ग का नाम कमाल अतातुर्क मार्ग ही था। अफगानिस्तान में तालिबान जिस प्रकार स्त्रियों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मार रहे हैं, स्कूल, कालेजों में लड़कियों की पढ़ाई प्रतिबंधित कर रहे हैं, मुस्तफा कमाल अतातुर्क की आधुनिक क्रांति मुल्लाओं के दबाव में धूमिल होने लगी। 2002 के चुनावों में इस्लाम समर्थक पार्टी एकेपी को 34 प्रतिशत वोट और 2007 के चुनाव में 46.6 प्रतिशत वोट मिले।

कमालवादी लोग हाशिए पर छिटक गए और तुर्की पुनः खिलाफत के समय वाली कट्टर इस्लामी लहर में बह गया। बस यहीं से वह दौर शुरू होता है, जब संयुक्त राष्ट्र संघ, आगेर्नाइजेशन ऑफ इस्लामिक यूनियन तथा अन्य अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर तुर्की ने मोदी का तीव्र विरोध प्रारंभ किया, आरोप लगाया कि भारत में मुसलमानों पर अत्याचार हो रहे हैं, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने का उसे संघ शासित प्रदेश का दर्जा देकर लद्दाख को अलग करने का तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन ने विरोध किया और कश्मीर को भारत से अलग आजाद करने का समर्थन किया। अर्थात जो पाकिस्तान भारत के विरुद्ध बोलता रहा, तुर्की ने उसे दोहराया। पाकिस्तान के आतंकवाद पर चुप्पी साधी तथा भारत के विरुद्ध पाकिस्तान का समर्थन किया। ऐसे देश को आप क्या कहेंगे? मित्र देश या शत्रु देश? वास्तव में आज विश्व राजनीति का सत्य यह है कि कोई भी दो मुस्लिम देश आपस में मित्र नहीं हैं। सर्वाधिक मुस्लिम जनसंख्या मुसलमानों के आपसी युद्ध में ही मारी जा रही है। पाकिस्तान में शिया-सुन्नी हिंसक झगड़े, मस्जिदों में बम विस्फोट, अहमदिया मस्जिदों को खुलेआम तोड़ा जा रहा है, उनके बच्चों को मुस्लिम भी नहीं माना जाता, लेकिन जब प्रश्न हिंदुओं का आता है तो वे सब आपसी दुश्मनी भूलकर हिंदुओं के विरुद्ध एक हो जाते हैं। तुर्की का भी यही हाल है। उसका सऊदी अरब, सीरिया, लीबिया खाड़ी के किसी भी देश से अच्छे संबंध नहीं हैं। कट्टरवाद के कारण उसकी अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। दुख इस बात का है कि भारत के जो छद्म सैकुलर बात-बात पर मोदी सरकार पर हमला बोलते हैं, वे भी मोदी सरकार के मानवता भरे कदम पर खामोशी ओढ़े बैठे रहे। तो क्या? सूर्य को चमकने के लिए जुगनुओं से प्रमाण-पत्र की आवश्यकता भला कब हुई?

जमशेदपुर की खबरें

टाटा स्टील के नोआमुंडी आयरन ओर माइंस ने एमइएमसी सप्ताह में छह पुरस्कार किया हासिल

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। झारखंड के टाटा स्टील नोआमुंडी आयरन ओर माइंस ने भारतीय खान ब्यूरो रांची के तत्वावधान में आयोजित 29वें खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह 2021-22 में छह पुरस्कार हासिल किया। नोआमुंडी आयरन ओर माइंस को ए-1 ग्रुप ऑफ माइंस के तहत ओवरऑल सेगमेंट, अफॉरेस्टेशन और मिनरल बेनिफिसिएशन में विजेता घोषित किया गया। वही अपशिष्ट डंप प्रबंधन,व्यवस्थित और वैज्ञानिक विकास में उपविजेता घोषित किया गया। इसके अलावा स्टॉल प्रदर्शनी में नोआमुंडी आयरन माइंस को द्वितीय पुरस्कार मिला। टाटा स्टील

के अधिकारियों में चीफ कंट्रोलर ऑफ माइन्स पंकज कुलश्रेष्ठ ने आईबीएम से पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर खनिज संरक्षण, पर्यावरण निगरानी, सतत विकास और प्रचार एवं प्रसार सहित विभिन्न श्रेणियों में कुल 79 पुरस्कार दिये गये। मौके पर कुलश्रेष्ठ ने कहा अन्य क्षेत्रों की तुलना में रांची क्षेत्र अयस्क के प्रचुर भंडार में समृद्ध है। लेकिन यहां आयरन व स्टील के लिए निर्माण इकाइयां कम हैं। उन्होंने कहा कि अधिक खानों की खोज पर ध्यान देने के साथ हमारे देश के विकास में योगदान देने के लिए ऐसी इकाइयों की स्थापना के बारे में सोचने का समय आ गया है। टाटा स्टील दुनिया भर में फैले अपने संचालन के माध्यम से सस्टेनेबल माइनिंग सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।उच्चतम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रमाणित कंपनी उन्नत तकनीकों के माध्यम से कच्चे माल की दक्षता और संरक्षण सुनिश्चित करती है।

इस अवसर पर खान नियंत्रक पूर्वी क्षेत्र आईबीएम डॉ वाईजी काले, महाप्रबंधक टाटा स्टील अतुल कुमार भटनागर, कार्यकारी निदेशक, सेल जॉयदीप दासगुप्ता, चीफ नोआमुंडी आयरन माइंस टाटा स्टील शिरीष शेखर, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट हिंडाल्को लिमिटेड प्रतीक गुप्ता, हेड ऑपरेशंस नोआमुंडी आयरन माइंस संजीत कुमार आद्या सहित राज्य भर की विभिन्न खदानों के अधिकारी और प्रतिनिधि शामिल रहे।

प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर का टूर्नामेंट संपन्न

खरकई नाइटराइडर्स चैंपियन, डायनामिक डिमना को मिला उपविजेता का उपहार

विधायक सरयू राय व समाजसेवी शेखर डे ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के तत्वावधान में 11 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय, विशिष्ट अतिथि समाज सेवी शेखर डे शामिल रहे। प्रेस क्लब के अध्यक्ष अतुल सिंह के नेतृत्व में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 8 टीम भाग लिया। रविवार को फाइनल मुकाबले के दौरान गोपाल मैदान में डायनामिक डिमना और खरकई नाइटराइडर्स के बीच टूर्नामेंट काफी रोमांचक रहा। क्रिकेट टूर्नामेंट के शुभारंभ खरकाई के कप्तान मोहम्मद अकबर व डायनामिक डिमना के कप्तान संजय पांडेय के बीच टॉस के माध्यम से किया गया। खरकाई की टीम ने टॉस जीतने के बाद बैटिंग पर सहमति जतायी। इस दौरान खरकई नाइटराइडर्स की टीम ने बेहतर बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में कुल 174 रन बनाया। जवाबी पारी खेलते हुए डायनामिक डिमना की टीम ने 15 ओवर में 4 विकेट पर 131 रन ही बना सकी। वहीं गोपाल मैदान में खेले गये फाइनल मुकाबले के बीच टूर्नामेंट काफी रोमांचक रहा। दिनभर पत्रकारों को भीड़ जुटी रही। छक्का और चौका के बरसात मैदान में देखने को मिला। ढोल नगाड़ा के साथ खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया गया। काफी मशक्कत के बाद खरकई

नाइटराइडर्स ने डायनामिक डिमना को 43 रनों से हरा कल जीत हासिल की। खरकाई नाइटराइडर्स के लिए पारी की शुरुआत चाणक्य और नवीन ने की, जिसमें बल्लेबाज चाणक्य साह ने 84 रन हासिल कर कैच आउट में काफी खुश दिखे। चाणक्य साह ने 50 गेंदों का सामना करते हुए 7 चौके और 6 छक्के लगाये। चाणक्य साह के आउट होने के बाद अभिषेक ने मोर्चा संभाला, लेकिन केवल 7 गेंदों का सामना करते हुए 13 रन बनाये और मुरारी की गेंद पर पंकज को कैच दे बैठे। अभिषेक ने 7 गेंदों में 1 चौके और 1 छक्के लगाये। सलामी बल्लेबाज नवीन ने 33 गेंदों पर 36 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए डायनामिक डिमना की टीम 15 ओवर में 4 विकेट पर 131 रन ही बना सकी। डायनामिक डिमना के बल्लेबाज आशुतोष ने 44 गेंदों में 10 चौके की मदद से 61 रन बनाये। वही बल्लेबाज बुलंद ने 10 गेंदों पर दो चौके की मदद से 19 रन बनाये, लेकिन अपनी टीम को जीत दिलाने में असफल रहे। अभिजीत ने 10 और मुरारी ने 12 रन बनाये। सर्वाधिक रन बनाने का पुरस्कार शुभदर्शी ने जीता। सबसे अधिक विकेट लेने का पुरस्कार संजय पांडे की झोली में गया। बेस्ट विकेटकीपर का पुरस्कार जयप्रकाश राय को और सबसे अनशासित टीम का पुरस्कार हुडको के कप्तान रत्नेश तिवारी को दिया गया। आनंद कुमार को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। सबसे बड़ी साझेदारी का पुरस्कार नवीन और चाणक्य की जोड़ी को दिया गया।

मौके पर विधायक सरयू राय व समाज सेवी शेखर डे के द्वारा दोनों टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी। मौके अतिथियों के द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम खरकाई नाइटराइडर्स और उपविजेता डायनामिक डिमना को टॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं दोनों टीम के खिलाड़ियों को मेडल से सम्मानित किया गया। रविवार को प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के द्वारा आयोजित गोपाल मैदान में अंतिम मुकाबले के दिन जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, जेएमएम के वरिष्ट नेता बब्बन राय, पवन सिंह, अजमेरी खान, अभय सिंह, शिव शंकर सिंह,अविनाश सिंह राजा, समाजसेवी अशोक गोयल के अलावा शहर के कई जाने-माने समाजसेवी, नेता एवं क्रिकेट प्रेमी शामिल रहे।

आग लगने से घर जला, भाजपा नेता ने की पीड़ित की आर्थिक मदद

चाकुलिया (आजाद सिपाही)। चाकुलिया प्रखंड के चालुनिया पंचायत के सीमांतशोल गांव के शोभाराम किस्कू के घर में रविवार दोपहर आग लग गयी, जिसमें घर के सारे सामान जल कर राख हो गये। घटना के वक्त घर में कोई नहीं था। आग लगने की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की, पर वे असफल रहे। आग की सूचना पाकर पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष सरोज महापात्र घटनास्थल पर पहुंचे और शोभाराम को तीन हजार रुपये की आर्थिक सहायता की। घटना में शोभाराम किस्कू के घर पर रखे जन वितरण के अनाज भी जल गया है। इस घटना के संबंध में सरोज महापात्र ने बीडीओ से बात कर पीड़ित को आवास मुहैया कराने के साथ ही बहरागोड़ा में दमकल वाहन उपलब्ध कराने की भी मांग की।

विधायक ने पटमदा व बोड़ाम में सड़क का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

बोड़ाम। पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित बोड़ाम में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना तहत स्वीकृत 9 किलोमीटर सड़क सौंदर्यीकरण का विधायक मंगल कालिंदी ने शिलान्यास किया। विधायक के पहल पर बोड़ाम प्रखंड के रिमडाडीह पीएमजीएसवाइ पथ से सोमाडीह कोइरा थोलकोडीह पहाड़ी टोला तक 3 करोड़ 10 लाख की लागत से सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया। मौके पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी का ग्रामीणों ने जमकर सराहना की। उन्होंने माला पहनाकर विधायक का भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने बताया यह सड़क कई वर्षों से जर्जर

स्थिति में रहा। अब इसका निर्माण होगा इसके लिए विधायक मंगल कालिंदी का आभार प्रकट करते हैं। वहीं दूसरी ओर विधायक मंगल कालिंदी ने विधायक मद से पटमदा प्रखंड अंतर्गत बिदरा पंचायत के पटमदा मेन रोड से बड़ा तालाब तक लगभग 800 फीट पीसीसी पथ का उद्घाटन किया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा हेमंत सरकार में जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में तेज गति से विकास का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत वाली गठबंधन की सरकार में राज्य के सभी जिले में विकास की गति में तेजी आयी है। मौके पर जामिनी प्रमाणिक, तिलोपमा कालिंदी, सनत महतो, दीपक रंजीत, काजोल सिंह आदि झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महत्वपूर्ण न्यूज

भाजयुमो बंशीधर नगर एवं ग्रामीण मंडल का अमृत बजट काल पर कार्यक्रम आज

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता युवा मोर्चा बंशीधर नगर एवं ग्रामीण मंडल के मंडल अध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं आशुतोष पाण्डेय के द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय जंगीपुर अटारी में बैठक की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि दिनांक 13.02.2023 दिन सोमवार को समय 12:00 बजे दिन में स्थानीय ठाकुर दयाल देव मानिक राज इंटर कॉलेज अधौरा में मोदी सरकार के अमृत बजट काल पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। नेताओं ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा आम लोगों के हितकारी बजट पर चर्चा कर जन जन तक बजट की खूबियों को पहुंचाने का काम करना है। जिससे आम लोगों को सरकार के द्वारा चलायी जा रही जनउपयोगी कार्यक्रम का फायदा आम लोग, किसान, मजदूर, युवा, व्यवसायी एवं महिलाएं उठा सकें। मौके पर मंडल अध्यक्ष विकास कुमार पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, मंडल महामंत्री राहुल देव पाल, मंडल महामंत्री धर्मदेव यादव, मंडल मंत्री मनोज बारी, सुरेंद्र राम, संदीप चंद्रवंशी, उमेश पासवान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वयंसेवक पर जियो टैगिंग के नाम पर आवास योजना में लाभुकों ने लगाया रिश्वत लेने का आरोप

विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड में इन दिनों आवास योजना पूर्ण करने को लेकर प्रशासन द्वारा 67 लाभुकों को केस दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं दूसरी ओर लाभुक से स्वयंसेवक द्वारा आवास योजना की प्रगति रिपार्ट और फोटो खींचने के नाम पर 5000 मांगने की शिकायत की है। अमहरखास पंचायत के पतागड़ा खुर्द निवासी लाभुक प्रतिमा देवी पति राजेन्द्र राम ने इसकी शिकायत मौखिक रूप से बीडीओ मुखिया, आवास कोर्डिनेटर के पास की लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। मामले में सुनीता देवी ने कहा कि एक तरफ सरकार के द्वारा हमलोगों को आवास पूरा करने का दबाव दिया जा रहा है और थाना में केस करने की कार्रवाई की जा रही है। दूसरी तरफ पंचायत स्वयंसेवक उमेश गुप्ता द्वारा फोटो खींचने के नाम पर 5000 रिश्वत की मांग की जा रही है। लाभुक प्रतिमा देवी ने इस पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं स्वयंसेवक उमेश गुप्ता से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि डिले आवास की सूची में नाम होने के कारण विभाग के द्वारा लाभुक के नाम से हमें नोटिस प्राप्त हुआ था जो लाभुक को घर जाकर दिये थे। लाभुक के द्वारा लगाये गय आरोप बेबुनियाद है। हमारे पास लाभुक अभी तक कोई सूचना नहीं दीये हैं आवास का फोटो खिंचवाने के नाम पर हमें यह भी नहीं पता है कि उनका आवास बना है या नहीं।

राकेश बेटा उर्फ सोनू की मौत पर भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने की श्रद्धांजलि अर्पित

मझिआंव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सोनपुरवा पंचायत ग्राम भटवालिया के राकेश बेटा उर्फ सोनू (25) जो पेशे से ड्राइवर थे। रायगढ़ के नजदीक 11000 वोल्ट बिजली की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। यह खबर सुनकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने उनके अंतिम संस्कार में शामिल होकर पुष्पांजलि अर्पित की एवं उनकी आत्मा को शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने ने उनके परिजनों को ढांढस बांधते हुए हर तरह के सहयोग करने की बात कही। इस मौके पर पवन गुप्ता, सोनपुरवा पंचायत के मुखिया प्रमुख प्रतिनिधि एवं शंभू चौधरी सहित सोनपुरवा पंचायत के कई लोग मौजूद थे।

अपराध : मिर्ची के खेत में 17 वर्षीय लड़की का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या किये जाने की आशंका

हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीण एवं परिजनों ने शव उठाने से पुलिस प्रशासन का किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

केतार। थाना क्षेत्र अंतर्गत बलीगढ़ पंचायत के टोला अंजनिया में मिर्ची के खेत में 17 वर्षीय लड़की का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटनास्थल पर आसपास के गांवों से सैकड़ों लोग उपस्थित हो गए। शव की पहचान मोटंगवा निवासी सुरेंद्र सिंह की 17 वर्षीय नाबालिग लड़की सुषमा कुमारी के रूप में की गई।

ग्रामीणों ने इसकी सूचना केतार पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संतोष कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचते ही प्रशासन ने शव को पंचनामा कर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया। इस दौरान पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार एवं थाना प्रभारी को ग्रामीणों का विरोध का सामना करना पड़ा। उपस्थित ग्रामीणों ने सामूहिक दुष्कर्म कर बेदर्दी से हत्या की आशंका जतायी है। हत्यारे को शीघ्र गिरफ्तारी करने के आश्वासन के बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिये जाने दिया। इधर सूचना पाकर मृतक लड़की के परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर चित्कार मार कर रोने लगे। माहौल एकदम गमगीन हो गया। घटनास्थल पर मौजूद मृतक के पिता सुरेंद्र सिंह खरवार ने बताया कि मेरी लड़की सुबह 4:00 बजे से गायब थी। उसके बाद हम लोग खोजबीन कर ही रहे थे कि सूचना मिला कि मेरी लड़की का शव अंजनिया में मिर्ची के खेत में पड़ा हुआ है। मेरी लड़की की बेरहमी से हत्या की गयी है।

मृतका के पिता ने अपनी लड़की के हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग प्रशासन से की है। इसकी सूचना पाकर डीएसपी प्रमोद केशरी मृतक के परिजन के घर एवं घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों को आश्वाशन देते हुए कहा कि हत्या एवं आत्महत्या दोनों पहलू पर जांचोपरांत शीघ्र दोषी को गिरफ्तार कर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एएसआई उस्मान शेख, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

यादव महासभा के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी समारोह 26 को

भारतीय सेना में अहिर रेजीमेंट देश स्तर पर जातिगत आधारित जनगणना की मांग की जाएगी : प्रदेश महासचिव अजय प्रसाद यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

धुरकी। धुरकी वन परिषद के सभागार में यादव सभा की बैठक युवा प्रखंड अध्यक्ष नागेंद्र यादव की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद यादव, प्रदेश महासचिव अजय प्रसाद यादव, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रामजी यादव, महासचिव बालसुकुन्द यादव, कोषाध्यक्ष गणेश यादव शामिल हुए। कृष्णा प्रसाद यादव ने कहा कि यादव सभा अपनी कार्यशैली के प्रति सजग एवं सावधान है, अपने इरादों के प्रति समर्पण भाव से दायित्वों को निर्वहन कर रही है। समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। समसामयिक विषय पर आवाज उठाने का कार्य करके उनके सफल होने तक संघर्ष करती है। जिसका उदाहरण आगामी 26 फरवरी को जिला मुख्यालय स्थान आशीर्वाद रेसिडेंसी के मैदान नवादा मोड़ में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के गठन के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पूरे गढ़वा जिला का यादव समाज के लोग शामिल रहेंगे।

वहीं प्रदेश महासचिव अजय प्रसाद यादव ने कहा कि भारतीय सेना में अहिर रेजीमेंट देश स्तर पर जातिगत आधारित जनगणना की मांग की जाएगी।

वहीं लक्ष्मण यादव ने बताया कि आगामी 26 फरवरी दिन रविवार को गढ़वा मुख्यालय में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के गठन का 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी समारोह का आयोजन किया जाएगा। हमारे धुरकी प्रखंड से जितना भी बन सके सभी को इस कार्यक्रम में शामिल होना अनिवार्य समझें। मौके पर अखिलेश यादव, सलेश यादव, पंचम यादव, अमरेश यादव, राजेन्द्र यादव, तुलसी यादव, रामजीवन यादव सहित काफी लोग उपस्थित थे।

कार्यकर्ताओं का मान सम्मान झामुमो में ही संभव है : अनंत प्रताप देव

झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

बंशीधर नगर। स्थानीय जलक्रांति भवन परिसर में झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अमर राम ने की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा माटी की पार्टी है। कार्यकर्ताओं का मान सम्मान इसी पार्टी में ही संभव है। प्रदेश की सरकार आम जनता की आकंक्षाओं पर खरी उतर रही है। कई जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ता बूथ कमेटी को मजबूत करने का कार्य करें। इस दौरान पूर्व विधायक ने विधायक भानू प्रताप शाही पर जमकर हमला बोला। उन्होंने पूर्व राज्यपाल रमेश बैस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एटम बम फोड़ने वाले फोड़ते फोड़ते चले गए। कार्यक्रम को झामुमो नेता ताहिर अंसारी, सूर्यदेव मेहता, मुक्तेश्वर पांडेय एवं अन्य ने संबोधित किया।

भाजपा की सरकार सभी को साथ लेकर चलने का काम करती है : अलखनाथ

बूथ वेरिफिकेशन एवं विभिन्न कार्यक्रमों के सत्यापन के लिए प्रभारी नियुक्त किये जाने पर अलखनाथ पांडेय ने की पथरा मंडल भाजपा की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। बूथ वेरिफिकेशन एवं विभिन्न कार्यक्रमों के सत्यापन के लिए भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के द्वारा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय को प्रभारी नियुक्त किये जाने के बाद पलामू के नरसिंहपुर पथरा के पंचायत भवन में मंडल कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि एवं प्रभारी के रूप में उपस्थित होकर दिये गये कार्यों के लिए पथरा मंडल के मंडल पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं एवं शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक के साथ बैठक की गयी।

बैठक में अलखनाथ पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार समाज के सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलने का काम करती है। यही कारण है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। उन्होंने बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के द्वारा दिए गए सभी कार्यों को पूरी मेहनत और लगन से करने के लिए कहा, जिससे कि पार्टी को और मजबूत बनाया जा सके।

बैठक में अपनी बातों को रखते हुए गढ़वा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि पार्टी को आगे लेकर जाने के लिए पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को बहुत ज्यादा मेहनत करने की आवश्यकता है, क्योंकि कार्यकर्ता मजबूत होंगे तभी पार्टी भी मजबूत होगी और आगे चलकर आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पथरा मंडल के मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी ने की एवं संचालन मनोज ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य रामलाल चौरसिया, राघवेंद्र तिवारी, प्रेम लाल चौधरी, अशोक, उपेंद्र, योगेंद्र, महिला मोर्चा से सरिता, निर्मला उपस्थित थे।

महाराष्ट्र के नासिक से मजदूर का शव उसके पैतृक आवास पहुंचते ही गांव-घर में मचा मातम

कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के गोसांग गांव से काम की तलाश में महाराष्ट्र के नासिक गये एक मजदूर का शव रविवार की सुबह उसके पैतृक आवास पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। बूढ़े मां-बाप व पत्नी की चीत्कार से पूरा गांव का माहौल गमगीन हो गया। युवक की दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी, एक छोटा बच्चा भी है। घर-परिवार के भरण पोषण को लेकर गोसांग गांव से महाराष्ट्र के नासिक जिला अंतर्गत इगत थाना क्षेत्र के खड़क वाली गांव में जीवीपीआर प्राइवेट कंपनी में मजदूरी करने के दौरान दिलीप विश्वकर्मा की मौत 8 फरवरी की रात हो गई थी। गरीब परिवार व बूढ़ा बाप शव लाने में सक्षम नहीं था, इसलिए खुटहेरिया पंचायत की मुखिया अनीता देवी ने गढ़वा उपायुक्त से शव घर लाने में मदद करने का आग्रह किया था। गढ़वा उपायुक्त के आदेश पर श्रम अधीक्षक गढ़वा ने भी झारखण्ड राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को पत्र लिखकर शव लाने में सहयोग की अपील की थी। इधर खुटहेरिया पंचायत के उप मुखिया आतिश कुमार सिंह, बीडीसी अभिनन्दन शर्मा व युवा संघर्ष सेना के केंद्रीय अध्यक्ष झुना सिंह के गाइड लाइन पर गांव के ही प्रेम सिंह ने शव का पोस्टमार्टम, एम्बुलेंस की व्यवस्था व कंपनी से बतौर मुआवजा राशि प्राप्त करने में सहयोग करते हुए शव को पैतृक आवास गोसांग पहुंचाया। रविवार को शव का अंतिम संस्कार गांव के समीप जरही नाला में किया गया, जहां पिता कृष्णा मिस्त्री ने मुखाग्नि दी। मृतक अपने पीछे 22 वर्षीय पत्नी प्रियंका देवी व दूधमुहा बच्चा पवन सहित बूढ़ा मां-बाप को छोड़ गया।

बैठक : महायज्ञ समिति ने आमसभा कर श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर की चर्चा

यज्ञ की सफलता के लिए हमें संकल्पित होना होगा : शारदा महेश प्रताप देव

कहा- यह यज्ञ प्रखंड या जिला स्तरीय नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर का है, इसमें विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु भक्तगण आयेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

बंशीधर नगर। श्री रामानुजाचार्य सहस्त्राब्दि जयंती स्मृति महोत्सव सह चातुर्मास्य व्रत एवं श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ को लेकर महायज्ञ समिति द्वारा रविवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय जतपुरा के प्रांगण में एक आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें श्री बंशीधर नगर क्षेत्र के सभी गांवों के प्रबुद्ध जन उपस्थित हुए। इसकी शुरुआत ब्रह्मलीन पूज्य श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज एवं पूज्यपाद श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज की तस्वीर के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चना कर की गयी। इसमें महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गयी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि यज्ञ की सफलता के लिए सबसे पहले हमें संकल्पित होना होगा। क्योंकि बिना संकल्प का कोई भी कार्य पूरा नहीं होता है। वर्ष 1993 में आयोजित श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के चातुर्मास्य श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के सफल संचालन का अनुभव साझा करते हुए कई सुझाव दिये। कहा कि 1993 में यज्ञ की पूणार्हुति के दिन स्वयं श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज ने महायज्ञ की सफलता पर कहा था कि यह महायज्ञ अभूतपूर्व है। ऐसा यज्ञ भूतो ना भविष्यति। हम श्री बंशीधर नगर वासी काफी सौभाग्यशाली हैं कि 30 साल के बाद पुनः उसी तरह के विराट चातुर्मास्य महायज्ञ का आयोजन कराने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह यज्ञ प्रखंड या जिला स्तरीय नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर का है। इसमें विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु भक्तगण आयेंगे। इस यज्ञ की सफलता के लिए पूरे प्रखंड वासियों को संकल्पित होकर अभी से ही लग जाना होगा। राजेश प्रताप देव ने कहा कि यज्ञ की सफलता के लिए हम सब युवा तन-मन-धन से सहयोग करने के लिए संकल्पित हैं। कमेटी द्वारा जो जबाबदेही दी जायेगी उसका पूर्णतया अनुपालन के लिए तत्पर रहेंगे।

आमसभा को श्यामबिहारी शुक्ला, श्रीकांत मिश्र, शिवशंकर चौबे, डॉ निशिथ नीरव, मंटू पांडेय, दयावंत शर्मा, कमलेश्वर पांडेय, तेजप्रताप पांडेय, हृदयानंद कमलापुरी, मथुरा पासवान, श्रीकांत चौबे, सोबरन चन्द्रवंशी, गदाधर पांडेय, प्रो बीडी सिंह आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शारदा महेश प्रताप देव, संचालन कमलेश पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन शिवनारायण चौबे ने किया। मौके पर शोभनाथ शुक्ला, यज्ञ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद चौबे, सचिव अवनीश शुक्ला, अमित शुक्ला, विंध्याचल शुक्ला, रजनी सिंह, अमर चौबे, ऋषि सिंह, अशोक पांडेय, गुलाब

जेएसएलपीएस के माध्यम से चलाया जा रहा महिला समूहों का छह दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

कांडी। प्रखंड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत अधौरा गांव में जेएसएलपीएस के माध्यम से चलाया जा रहा महिला समूहों का छह दिवसीय प्रशिक्षण रविवार को संपन्न हो गया। प्रावि हरिजन टोला अधौरा के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम व बीडीसी प्रतिनिधि लव कुश कुमार थे। जिन्होंने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर सभी अतिथियों का समूह की दीदियों ने बुके देकर स्वागत किया। वहीं उमा कुमारी ने स्वागत गान गाकर सभी का अभिनंदन किया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन महिला ग्राम संगठन का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रेमा देवी, सचिव नजबुन बीबी, कोषाध्यक्ष बबिता देवी, आईपीआरपी सीता देवी, बीआरपी परशु राम, जेआरपी रंजना कुमारी को बनाया गया। इस मौके पर सीनियर सीआरपी मगदली होरो जो रांची से आयी थी, ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला शसक्तीकरण को बढ़ावा देना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। आज यहां पर नौ महिला समूह को मिलाकर महिला ग्राम संगठन का निर्माण किया गया है। जो महिलाओं को सशक्तिकरण कर ग्राम संगठन को आगे बढ़ाएंगे। यह सभी कार्यक्रम जेएसएलपीएस के तत्वावधान में चलाये गये। अंत में महिला ग्राम संगठन को लेखा रजिस्टर व रोकड़ पंजी मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम व बीडीसी प्रतिनिधि लवकुश कुमार ने प्रदान किया गया। सक्रिय महिला सदस्या शोभा देवी ने मुखिया प्रतिनिधि से समूह की बैठक के लिए कमरे की मांग की। जिसपर मुखिया प्रतिनिधि ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपलोगों के लिए पंचायत की सरकार कमरे की व्यवस्था करेगी।

मौके पर सीआरपी अंजू तिग्गा, वार्ड पार्षद लालती देवी, नजमा बीबी, नंदकुमार राम, चंचला देवी, रीता देवी, शोभा देवी, उषा कुंवर, पूजा देवी, संयुक्ता पाठक सहित ग्राम संगठन के लोग उपस्थित थे।

चमातू कोलियरी में ब्लास्टिंग से घर क्षतिग्रस्त, कई मकानों में पड़ी दरार

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। सीसीएल की मगध संघमित्रा एरिया द्वारा संचालित बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्थित चमातू कोलियरी में कोयला उत्पादन के लिए सीसीएल की ओर से की जा रही हैवी ब्लास्टिंग से आरा के बुधन यादव का एक घर क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही कई अन्य घरों में दरार पड़ गई है। पिछली बार हुई ब्लास्टिंग के कारण एक मवेशी की मौत भी हो गई थी। जिसके मुआवजा का भुगतान कोलियरी प्रबंधन द्वारा काफी हो हंगामा होने के बाद किया गया था। वहीं ब्लास्टिंग के दौरान मतान का प्लास्टर व छज्जे आदि का गिरना आम बात हो गई है। इस कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि सीसीएल प्रबंधन कोई बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रही है। यही कारण है कि ग्रामीणों की जरूरतों को दरकिनार करते हुए अपने कार्य में लगी हुई है। कई ग्रामीणों ने बताया कि सीसीएल द्वारा कोलियरी खुले हुए 4 वर्ष से भी अधिक हो गए हैं। चमातू कोलियरी में ब्लास्टिंग के कारण कई घरों में दरार पड़ चुकी है। लेकिन अभी तक इस क्षेत्र के लोगों को नौकरी, उचित मुआवजा और रोजगार नहीं दिया गया है। ना ही यहां के लोगों को विस्थापित कर दूसरे जगह बसाया जा रहा है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में सीसीएल प्रबंधन के प्रति रोष है।

पोखरीकला में ऊर्जा दिवस सह मेले का आयोजन

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य विजली वितरण निगम लिमिटेड के निर्देशानुसार बरवाडीह प्रखण्ड के पोखरीकला में रविवार को ऊर्जा दिवस सह मेले का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार की ओर से 100 यूनिट मुफ्त बिजली, खराब मीटर बदलने, नया विद्युत कनेक्शन लेने, बिल गड़बड़ी, बिजली बिल बकाया आदि समस्याओं के समाधान को लेकर जर्जा की गई। इस दौरान बिजली संबंधित 26 मामले आए, जहां विद्युत सहायक अभियंता रामगोपाल राम की मौजूदगी में 15 मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। जबकि बचे हुए मामले का जल्द निष्पादन करने का आश्वासन दिया गया। इ, दौरान सहायक अभियंता रामगोपाल राम ने कहा कि सबसे ज्यादा समस्याएं मीटिर रीडिंग और बिजली बिल की थी। उपभोक्ताओं ने शिकायत दर्ज कराई है कि मीटर लगा होने के बावजूद बिल नहीं मिलता है। मासिक बिजली बिल भेजने में गड़बड़ी की जाती है। कई जगहों पर बिजली के खंभे जर्जर हालत में होने की भी शिकायत मिली है। उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनकर तत्काल मीटर रीडिंग में कम ज्यादा बिल का समाधान किया गया। मेला में यह जानकारी भी दी गई कि सरकारी योजना के तहत एक सौ यूनिट तक बिजली बिल मुफ्त मिलेगा। इसके लिए घर में मीटर लगा होना जरूरी है।

दो दिवसीय दुबियाखाड़ मेले का समापन

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। पलामू के प्रख्यात राजा, लोगों के दिलों धड़कन राजा मेदिनी राय की याद में लगने वाला दो दिवसीय दुबियाखांड मेला का रविवार को समापन हो गया। मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह चेरो ने कार्यकर्ताओ व समिति के लोगों के साथ राजा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। विधायक रामचन्द्र सिंह चेरो ने कहा कि राजा मेदिनी राय गरीबों के मसीहा थे। आज हम सभी उनके पद चिन्ह पर चलकर नया समाज का गठन कर सकते हैं। वहीं, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि राजा मेदिनीराय के शासनकाल में हर घर में दूध-दही पर्याप्त मात्रा में रहते थे। धनी-धनी राजा मेदनिया घर-घर बाजे मथानिया आज भी लोगों की जुबान पर है। राजा मेदिनी राय कुशल प्रशासक यशस्वी राजा थे। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू, आशुतोष सिंह चेरो, अजय सिंह चेरो, अनिल सिंह, अनवर अंसारी ने माल्यार्पण कर नमन किया।

भू-मापक अमीन परीक्षा में शामिल हुए 177 अभ्यर्थी

सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। नव भारत निर्माण संस्थान चास बोकारो के तत्वावधान में रविवार को पंचायत भवन सेन्हा में भू मापक अमीन का परीक्षा संपन्न हुआ। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन सेन्हा में 177 परीक्षार्थी भू मापक अमीन की परीक्षा में शामिल हुए। भू मापक अमीन प्रशिक्षण के दौरान नव भारत निर्माण संस्थान चास बोकारो के तत्वधान में परीक्षा नियंत्रक कृष्ण किशोर महतो, साहेब राव शर्मा एवं धनेश राम के मौजूदगी में परीक्षा सम्पन्न हुआ। परीक्षा के उपरांत प्रशिक्षक साहेब राव शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रखंड क्षेत्र में शिक्षित बेरोजगार को दो माह पूर्व से प्रत्येक रविवार को भू मापक अमीन का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। उन्होंने कहा अभी तक इच्छुक अभ्यर्थी क्या सीखे और प्रशिक्षण प्राप्त करने में कितने अभ्यर्थी सार्थक हुए हैं। इसकी जांच एवं आगे की प्रशिक्षण में कदम बढ़ाने को लेकर सभी का परीक्षा लिया गया। उन्होंने कहा कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में इच्छुक अभ्यर्थी अमीन की पढ़ाई कर क्षेत्र में एवं सरकारी नौकरी की दिशा में कदम उठा कर आत्मनिर्भर के साथ परिवार को आर्थिक मजबूती दे सकते हैं।

आदिवासी समाज की पहचान, अधिकार और इतिहास बचाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक

बारियातु (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत नचना ग्राम के सुरांगी टोला स्थित सहिमहुआ के समीप एकिकृत प्रखंड बारियातु, बालुमाथ व हेरहंज के आदिवासी समुदाय के लोगों ने आदिवासियों के पहचान, हक-अधिकार व इतिहास को बचाने को लेकर बैठक की। जिसकी अध्यक्षता जगदीश उरांव ने किया। इसके बाद उपस्थित समाज के लोगों को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त शिक्षक सरयू उरांव ने कहा कि आज से 191 वर्ष पूर्व हमारे पूर्वजों ने अंग्रेजों, जमींदारो, जागीरदारों एवं शोषक तत्वों से अपनी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था पड़हा, अपनी जमीन, भाषा, संस्कृति एवं धर्म की रक्षा करने और अंग्रेजों एवं शोषक तत्वों के अत्याचार से मुक्ति पाने के लिए कोल विद्रोह किया था। वहीं बालुमाथ से आए लालजी उरांव ने कहा कि आदिवासी समाज के अस्तित्व को मिटाने के लिए हम पर चौतरफा हमला किया जा रहा है। इसे रोकने के लिए सभी को एकजुट होने की जरूरत है।

रेलवे और सेन्हा पुलिस ने संयुक्त रूप से की कार्रवाई

किशोरी का अपहरण करने का आरोप, गया से एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

सेन्हा/लोहरदगा। नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर अपहरण करने के आरोप में पुलिस ने आरोपित युवक को बिहार के गया जंक्शन रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान दीपेंद्र कुमार के रूप में हुई है। वह बिहार के ही नवादा जिले के कादिरगंज ओपी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। सेन्हा पुलिस ने आरोपित को रेलवे पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर वापस सेन्हा थाने लाई और नियम संगत कार्रवाई करते हुए जेल भेज

बिहार के गया जंक्शन से गिरफ्तार आरोपित।

दिया। जानकारी के मुताबिक दीपेंद्र कुमार का फेसबुक के माध्यम से नाबालिक लड़की से दो वर्ष पहले से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बीच नाबालिग लड़की अचानक लापता हो गई। इसके बाद उसके माता-पिता की ओर से सेन्हा थाना में लापता होने का सनहा दर्ज कराया गया था। इस मामला को लेकर डीएसपी परमेश्वर प्रसाद ने संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू की तो आरोपित के गया जंक्शन में होने की सूचना मिली। इसके बाद थाना प्रभारी के निर्देश पर सआनि राजेश शर्मा ने नाबालिक लड़की के परिजनों के साथ गया जक्शन में छापामारी की और आरोपित को गिफ्तार कर सेन्हा थाना ले आए। किशोरी का मेडिकल जांच कराया और युवक को जेल भेज दिया। पूछताछ में आरोपी दीपेंद्र कुमार ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि नाबालिक लड़की के परिजनों के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए डीएसपी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में कारवाई करते हुए थाना कांड संख्या 22/23 दर्ज कर धारा 363,366 ए आईपीसी के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया गया। कहा कि शुक्रवार को ही लड़की को बहला फुसला कर भगा ले गया था।

लोहरदगा आ सकते है महेंद्र सिंह धोनी, सहवाग और युवराज सिंह : राज्यसभा सांसद धीरज साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

आइपीएल की तर्ज पर शुरू होने जा रहा क्रिकेट टूर्नामेंट

लोहरदगा। जिले के बीएस कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में मार्च महीने में आइपीएल की तर्ज पर क्रिकेट टूर्नामेंट होने जा रहा है। इसकी तैयारियों को लेकर जिला क्रिकेट एसोशियन जुटा हुआ है। बीएस कॉलेज स्टेडियम में सुंदरीकरण और तैयारी जोरो पर है। टूर्नामेंट का आयोजन जिला क्रिकेट एसोसियन और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा कराया जायेगा। इसे लेकर राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने रविवार को स्टेडियम में चल रही है तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम व तैयारियों को देखने के बाद स्टेडियम की रूप रेखा में बदलाव के लिए कई जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। मार्च के प्रथम सप्ताह में होने वाले इस क्रिकेट टूर्नामेंट में क्रिकेट जगत की कई बड़ी हस्तियों के लोहरदगा पहुंचने की उम्मीद है। इसमें टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, वीरेंद्र सहवाग और युवराज सिंह शामिल हो सकते है। राज्यसभा सांसद की ओर से इन्हें बतौर मुख्य अथिति आमंत्रित किया गया है। वहीं, दिग्गज खिलाड़ियों के लोहरदगा आगमन की खबर से जिले में उत्साह का माहौल है। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि कोरोना काल के दौरान क्रिकेट टूर्नामेंट जिले में दो-तीन साल नहीं हो पाई, लेकिन इस बार मार्च महीने में टूर्नामेंट कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि महेंद्र सिंह धोनी से बात हुई है। उनसे ही क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन कराया जायेगा। वीरेंद्र सहवाग और युवराज सिंह से भी बात हुई है। उनके भी लोहरदगा आने की उम्मीद है।

पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने की रिगन कुमार से मुलाकात

बारियातु (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व मंत्री कृष्णानंदन त्रिपाठी रविवार को बारियातु पहुंचे और कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार से की मुलाकात की। वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पाकुड़ विधानसभा के बरहरवा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पलामू लौटने के क्रम में बारियातु पहुंचे थे, जहां कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार ने औपचारिक मुलाकात की। इस बीच कार्यकर्ताओं को कहा कि आनेवाले समय में कांग्रेस की ही सरकार बनेगी। इसलिए अभी से ही तैयारियों में जुट जायें।

महाशिवरात्रि व शब-ए-बरात शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

किस्को/लोहरदगा। जिले के किस्को थाना परिसर में महाशिवरात्रि और शब-ए-बरात त्योहार के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर किस्को थाना में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सुखराम उरांव ने की। बैठक में किस्को अंचल पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार मौजूद रहे। इधर बैठक में सभी समुदाय के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए और आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनाने एवं क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई। उधर, महाशिवरात्रि एवं शब-ए-बरात त्योहार मनाने वाले गांव एवं जगहों का चयन किया गया। इस अवसर पर इंस्पेक्टर मंटू कुमार ने कहा कि त्योहार को आपसी सौहार्द व शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। नशापान कर हुड़दंग ना करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जुआ खेल ना हो इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण लोगों को जागरूक करें। यदि जुआ खेलते पकड़े जाने पर विधि संम्मत कार्रवाई की जाएगी। किसी प्रकार के विवाद उत्पन्न ना करें। ऐसा होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। अफवाह फैलाने से परहेज करें। मौके पर एएसआई अविनाश सिंह, कांग्रेस के प्रखण्ड अध्यक्ष युनूस अंसारी, मुखिया चांदमनी उरांव, पंसस बीरेंद्र उरांव, बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के सदस्य राजेन्द्र यादव, उप मुखिया सुधीर कुमार, पूर्व प्रमुख मुनीलाल उरांव, सुखमनी लकड़ा आदि थे।

उन्नत कृषि : उद्यान विभाग की ओर से करायी जा रही स्ट्रॉबेरी और पपीते की खेती

लोहरदगा में उन्नत किस्म की खेती से आत्मनिर्भर हो रहे किसान, सालाना कर रहे 5-6 लाख की आमदनी

राहुल कौशल

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले में स्ट्रॉबेरी और उन्नत किस्म के पपीते की खेती से किसानों के जीवन स्तर में तेजी से सुधार हो रहा है। 2019 में शुरू स्ट्रॉबेरी की खेती से किसानों की आर्थिक स्थिति बदली है। केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में चयनित किसानों से उन्नत किस्म की खेती कराई जा रही है। जिले में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उद्यान विभाग पूरी तरह से जुटा हुआ है। चयनित किसानों को प्रशिक्षण के साथ ही विभाग की ओर से 50 फीसदी का अनुदान भी दी जाती है। उद्यान विभाग की ओर से खासकर उन्नत कृषि स्ट्रॉबेरी और पपीते की खेती कराई जा रही है। ठंड का मौसम स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए उत्तम होता है और किसान अक्टूबर से लेकर फरवरी तक जिले में स्ट्रॉबेरी की खेती करते हैं।विभाग से जुड़कर

200 से ज्यादा किसान आत्मनिर्भर होकर अच्छी कमाई कर रहे हैं।

कुडू प्रखंड क्षेत्र के पंडरा निवासी किसान एमलीन कंडुलना ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र और उधान विकास योजना से जुड़कर वो प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बन गई है। उन्नत किस्म के पपीते और स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए वर्ष 2022 में झारखंड की एकमात्र किसान जिन्हें दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा सर्वश्रेठ कृषि उद्यमी का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला है। इससे पहले भी वर्ष 2021 में नर्सरी के लिए आईसीएआर पटना की ओर से पुरस्कृत किया गया था। एमलीन कंडुलना अपने खेतों में कई प्रकार की खेती करती हैं जिसमें ऑर्गेनिक और उन्नत किस्म की खेती जैसे पपीता, स्ट्रॉबेरी, टमाटर, आलू शामिल है इनसे उनका आय सालो भर होते रहता है। उन्होंने बताया कि आराम से सालाना 5-6 लाख रुपए की कमाई कर रही हैं। एमलीन कंडुलना खुद तो आत्मनिर्भर कृषि उद्यमी है ही वो दूसरे किसानों को भी कृषि तकनीकों के गुण को सिखाकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इसी कारण लोग एमलीन कंडुलना को पूरे क्षेत्र में बागे दीदी के नाम से जानते है। वह सुबह से अपने खेतों में कृषि के कार्य में लग जाती हैं और शाम तक कार्य करते रहती हैं। बागे दीदी से कृषि के गुण सीखने आए नए किसान जूनिका खलखो में भी उमंग और उत्साह है। वह प्रशिक्षण लेकर आगे बागे दीदी की तरह ही उन्नत किस्म की कृषि करने की चाहत रखती हैं।

वहीं उद्यान विभाग के प्रल्हाद कुमार ने बताया कि विभाग पुरजोर तरीके से किसानों के आय को दोगुणा करने में जुटा हैं। जिले में अब स्ट्रॉबेरी की खेती हो रही है जो बड़ी बात है और यहां हम फरवरी महीना तक इस खेती करते हैं जिसकी बाजार में अच्छी मांग है। बागे दीदी शुरू से ही मेहनती रही है जिस कारण उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार से भी नवाजा गया है। वो अपने साथ-साथ कई महिलाओं को भी प्रशिक्षण देकर कृषि के क्षेत्र में जोड़ रही हैं जो अच्छी पहल है।

महत्वपूर्ण न्यूज

बरियातु में हुई बैठक में शिक्षा पर हुई विशेष चर्चा

बारियातु (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित मकतब परिसर में रविवार को मोमीन कॉन्फरेंस प्रखंड कमेटी की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता मो शमीम ने किया। उपस्थित लोगों के बीच शिक्षा पर विशेष चर्चा की गई। अध्यक्षता कर रहे मो शमीम ने कहा कि शिक्षा के साथ ही अच्छे समाज में रहना भी उतना ही जरूर है जितना शिक्षा। आप सभी अपने-अपने बच्चे एवं बच्चियों पर जो विद्यालय जाते हैं विशेष ध्यान दें। इसके बाद विद्यालय में उर्दू शिक्षक न रहने के कारण मैट्रिक व इंटर मे पढने वाले बच्चों को उर्दू विषय को लेकर होरही परेशान को लेकर भी चर्चा की गई। सर्वसम्मति से उर्दू शिक्षक को लेकर लातेहार डीसी व शिक्षा विभाग के साथ ही साथ 14 फरवरी को खतियानी जोहर यात्रा को लेकर लातेहार आ रहे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आवेदन देने पर सहमति बनी। इस मौके पर मौलाना अबु शहमा, मो क्यूम, मो बेलाल, मो सफीर, मो अफजल, महमुद आलम, शफीक, अमजद, अफजल, मुम्मताज, महबूब आदि थे।

पुलिस ने अभियान चलाकर चार एकड़ में लगी अफीम की फसल को नष्ट किया

बारियातु (आजाद सिपाही)। लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर बालुमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार सिंह की ओर से एक टीम गठित कर शनिवार को बारियातु थाना के पुलिस अवरनिरिक्षक रवि कुमार के नेतृत्व में बालुभांग पंचायत के डाकादीरी जंगल के विभिन्न क्षेत्रों में अभीयान चलाया गया। इस दौरान करीब चार एकड़ भूमि पर लगे अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया। इस संबंध जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि लातेहार एसपी को बालुभांग पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में पोस्ते की लहलहाते खेती की गुप्त सूचना मिली थी। इसके आधार पर विनष्टी करण के लिए थाना स्तरीय एक टीम गठित कर बालुभांग पंचायत के डाकादीरी जंगली क्षेत्रों में नदी के किनारे अवैध रूप से चार एकड़ भूमि पर लहलहाते पोस्ते की खेती को सशस्त्र पुलिस बल के जवानों व ट्रेक्टर के सहयोग से नष्ट किया गया। साथ ही खेती करने में शामिल 12 नामजद अभियुक्तों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि अवैध पोस्ते की खेती करने वाले खुद अपनी खेती को नष्ट कर दें अन्यथा इस नशीले खेती में शामिल कोई भी व्यक्ति पकड़े गए तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। इस अभियान में बारियातु पुअनि रवि कुमार, बालुमाथ थाना के पुअनि सुरेश मरांडी के अलावा आईआरबी 4 बल के कई जवान शामिल थे।

वन रक्षियों ने डाकादीरी वन क्षेत्र में पांच एकड़ भूमि पर की गयी अवैध पोस्ता की खेती को किया नष्ट

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। लातेहार वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार के निर्देश पर बालूमाथ, चंदवा के वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार सिन्हा की ओर से एक टीम गठित कर बालूमाथव चंदवा के वनरक्षियों ने संयुक्त रूप से रविवार को बालुभांग पंचायत के डाकादीरी जंगल के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चला कर पांच एकड़ वन भूमि पर लगे अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया। इस बाबत जानकारी देते हुए वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि लातेहार वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार को बालुभांग पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में पोस्ते की लहलहाते खेती की गुप्त सूचना मिली थी। इसके आधार पर विनष्टीकरण के लिए बालूमाथ चन्दवा वन क्षेत्र स्तरीय एक टीम गठित कर पोस्ते की खेती को वन रक्षियो के जवानों ने लाठी डंडों के सहारे पोस्ते को पीट पीट कर नष्ट किया। खेती में शामिल नामजद अभियुक्तों पर वन अधिनियम के प्राथमिकी दर्ज की अंनुसंशा की गई है। इस अभियान में बालूमाथ, बारियातु चन्दवा वन कर्मियों की टीम में प्रभारी वनपाल विजय शंकर शर्मा, वनरक्षी आनंद कुमार चौधरी, अभय भगत, शिव शंकर राम एवं चंदवा वन प्रक्षेत्र के वनकर्मी थे।

बालूमाथ में भाजपा ने मनाया समर्पण दिवस

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। भाजपा मंडल कार्यालय बालूमाथ में पार्टी के प्रेरणा स्त्रोत, मानववाद, न्यायप्रिय, एकात्म, अंत्योदय, मार्गदर्शक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा मंडल महामंत्री राम कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर नमन किया गया। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। साथ ही कार्यकर्ताओं को समर्पण भाव से कार्य करने और पंडित जी के पद चिन्हों पर चलने का प्रण लिया गया। इस मौके पर मंडल महामंत्री राम कुमार गुप्ता, प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य अरविंद भगत, जिला कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री त्रिवेणी साहू, भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह, मंडल उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद साहू, पंचानंद पांडे, मंडल मंत्री प्रदीप यादव, रंजीत गुप्ता, अखिलेश भोक्ता, ओबीसी मोर्चा जिला कार्यालय मंत्री राजेंद्र साहू चावल, पूर्व डड्डु जिला महामंत्री देवनंदन प्रसाद, बालू संयोजक विजय ठाकुर, अजय प्रसाद, मंडल मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा उपस्थित थे।

अनियंत्रित होकर स्कूटी समेत नाली में गिरे तीन युवक, बाल-बाल बचे

किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को मुख्य चौक पर स्थित एक नाली में शराब के नशे में धूत तीन युवक स्कूटी के साथ अनियंत्रित होकर नाली में जा गिरे। हालांकि इससे किसी को गंभीर चोट नहींलगी है। जानकारी के मुताबिक लोहरदगा करचा टोली के तीन युवक एक स्कूटी पर सवार होकर किस्को होते हुए नवाडीह की ओर जा रहे थे। तभी किस्को मुख्य चौक पर शाहदेव होटल के समीप घुमावदार सड़क के किनारे पर नाली में तीनों युवक स्कूटी सहित जा गिरे जिससे तीनों युवक को हल्की चोट आई है।

20 सदस्यीय दल हुआ भुवनेश्वर रवाना

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित 14 वां जनजातीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत 20 सदस्यीय दल ओड़िशा के भुवनेश्वर के लिए रवाना हुआ। 158 वीं वाहिनी सीआरपीएफ नेहरू युवा केंद्र लोहरदगा के अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर सभी को रवाना किया गया। उक्त कार्यक्रम में देश के अन्य हिस्सों से आए जनजातीय युवाओं से उनके तौर तरीके जानेंगे।

अज्ञानता, मनोविकार और दुर्गुणों से मुक्त होना शिवरात्रि का संदेश : भगवान भाई

शिवरात्रि के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र में कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। शिवरात्रि हमारे लिए हीरा तूल्य है, क्योंकि इस समय हम सभी आत्माएं परमपिता शिव परमात्मा भोलेनाथ के ज्ञान और योग द्वारा अपने अंदर दुख देने वाले काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, घृणा, वैर, विरोध मुक्त हो जाते हैं। जिससे हमारा अपना जीवन दैवी गुणों से युक्त मर्यादा पुरुषोत्तम, हीरा तूल्य बन जाता है उक्त उदगार ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय माउंट राजस्थान से आये हुए बीके भगवान भाई ने कही। वे स्थानीय ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र पर 87वीं शिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल ईश्वर प्रेमी भाई बहनों को संबोधित कर रहे थे।

भगवान भाई ने परमात्मा के गुणों का वर्णन करते हुए कहा कि शिव परमात्मा गुणों के सागर हैं, ज्ञान के सागर हैं, प्रेम के सागर हैं, आनंद के सागर हैं, शांति-सुख के सागर हैं, जो उस भोलेनाथ को स्वयं को आत्मा समझकर यथार्थ रूप से याद करता है वह अपनी आत्मा को जन्म जन्मान्तर के लिए पावन बना सकता है अतः हमें परमात्मा शिव को यथार्थ विधि याद करना चाहिए इसी को राजयोग कहा जाता है। उन्होंने कहा कि भारत में जितने भी पर्व मनाये जाते हैं, सब किसी न किसी के दिव्य कर्तव्य के यादगार होते हैं। महाशिवरात्रि पर्व इन पर्वों में अपना अलग और विशेष महत्व रखता है। महाशिवरात्रि माने ही आत्मा और परमात्मा के मिलन का पर्व, युग परिवर्तन की संधि बेला है। भोलेनाथ शिव ने इस दिन आकर सृष्टि को बदलने का महान कार्य किया था। इसलिए भारत तथा भारत से बाहर के देशों में सर्वसम्मति से महाशिवरात्रि मनायी जाती है। माहेश्वरी समाज ट्रस्टी अजय मंत्री ने अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि क्रोध मानव जीवन का सर्वोपरि पराजय है। विश्व की आधे से अधिक समस्याएं क्रोध के कारण बनती हैं। कार्यक्रम में पवन अग्रवाल, बीके शिव भाई, बीके अंजिता बहन, बीके विनय आदि ने मुख्य भूमिका निभायी।

इंडोर स्टेडियम में राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन 3 मार्च से

गुमला (आजाद सिपाही)। जिला अंतर्गत इंडोर स्टेडियम में जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शंकर राम ने की। झारखंड स्टेट बैडरंस सेलेक्शन ट्रॉयल एवं चैंपियनशिप टूर्नामेंट प्रक्रिया का आयोजन के लिये आवश्यक तैयारियों के लिये विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि यह टूर्नामेंट 3 से 5 मार्च के बीच अयोजित की जायेगी। जिसमें पूरी पारदर्शिता बरतने एवं आयोजन व्यवस्थित रूप से करने की रणनीति बनायी गयी। बताया गया कि इस टूर्नामेंट से चयनित टीमों को गोवा में आयोजित होने वाले नेशनल टूर्नामेंट में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष हीरा सोनी ने कहा कि यह टूर्नामेंट गुमला जिला को गौरवान्वित करने वाला और ऐतिहासिक होगा। बैठक में जिला अध्यक्ष शंकर राम, अनिल साहू, मोहर लाल उरांव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

कांग्रेस ने छह लोगों को बनाया मास्टर ट्रेनर

गुमला (आजाद सिपाही)। संगठन को जिला स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से कांग्रेस कमेटी ने ट्रेनिंग कैंप लगाने का निर्णय लिया है। इस बाबत कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने ट्रेनिंग देने हेतु कुल छह लोगों को नामित किया है। जिसमें शाहिद वारसी, राजीव रंजन महतो, राजनील तिग्गा, फिरोज आलम, संतोष कुमार गुप्ता और रामनिवास प्रसाद के नाम शामिल हैं। जिलाध्यक्ष द्वारा जारी इस नोटिफिकेशन में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि प्रखंड, मंडल और पंचायत स्तर पर ट्रेनिंग देने के लिए मास्टर ट्रेनर के रूप में उक्त व्यक्तियों की नियुक्ति की गई है। चयानित व्यक्तियों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे प्रखंड, मंडल और पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेंगे। इस चयन की सूचना प्रदेश के वरीय पदाधिकारियों को भी दी गई है।

कुएं में डूबने से ग्रामीण की मौत

बसिया (आजाद सिपाही)। थानांतर्गत सरूडा सीबाटोली निवासी लगभग 48 वर्षीय मथुरा लोहरा पिता स्व. नाभो लोहरा की कुएं में डूबने से मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी मथुरा किसी काम से अपने घर से निकला था। उसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने साढ़े पांच बजे कुएं में मथुरा के शव को देखकर पुलिस और स्थानीय मुखिया को घटना के संबंध में सूचित किया। उसके परिवार में पत्नी, दो पुत्र और दो पुत्री हैं। लोगों ने बताया कि मृतक मानसिक रूप से कमजोर था। बसिया पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

पॉजिटिव न्यूज : लगातार विकास की ओर बढ़ रहा है गोल्डन गर्ल आशा किरण बारला का गांव

पिछले कई वर्षों से इस गांव को मिल रही है प्रशासनिक मदद

आशा के परिवारजनों को आवास योजना से किया जा चुका है आच्छादित, उनका बन रहा है किचेन-बाथरूम युक्त कई कमरों का पक्का मकान

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिले की गोल्डन गर्ल, अंतराष्ट्रीय एथलेटिक खिलाड़ी आशा किरण बारला का गांव अब पूराने ढर्रे वाला गांव नहीं रह गया है। इस गांव के विकास का ग्राफ लगातार कई वर्षों से ऊंचाई की तरफ बढ़ रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र से निकलकर एथलेटिक्स में जिले के साथ-साथ पूरे देश का नाम रौशन करने वाली अंतरराष्ट्रीय एथलिट आशा किरण अब देश में गोल्डन गर्ल के नाम से मशहूर हैं। गोल्डन गर्ल आशा किरण बारला के कारण प्रशासन उनके गांव के विकास पर विशेष ध्यान दे रहा है। कामडारा स्थित नवाडीह गांव की रहने वाली आशा किरण बारला अब तक एथलेटिक्स में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 13 स्वर्ण पदक को अपने नाम किया है। गुमला जिले की शान होने के नाते जिला प्रशासन की ओर से आशा के परिवार के साथ साथ पूरे गांव का विकास किया जा रहा है।

इस गांव के विकास में उपायुक्त सुशांत गौरव भी खासी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। उनके निर्देश पर इस गांव का समग्र विकास करने हेतु जिला प्रशासन की टीम लगातार प्रयासरत है।

गांव वालों ने कहा कि आशा पूरे गांव की बेटी है। उसके कारण ही पूरे गांव का तेजी से विकास हो रहा है। जिस गांव को जिला स्तर के लोग भी नहीं जानते थे अब उस गांव का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम है।

गांव वालों ने कहा- आशा है गांव की बेटी

जिला प्रशासन की ओर से आशा की उपलब्धियों के सम्मान में उनके परिजनों के साथ-साथ पूरे गांव को विभिन्न विकासकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। नवाडीह गांव सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावी क्षेत्र है, जहां के ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं से भी जूझना पड़ता था। लगभग 30 परिवार वाले नवाडीह गांव को मुख्यलाय तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क, हर घर नल से जल की सुविधा, घर घर बिजली की सुविधा सहित सोलर हाई मास्ट लाइट जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। इसके साथ ही आशा के गांव में रहने वाले सभी लोगों को राशन, पेंशन एवं सरकार की सभी विकासकारी योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। गांव में हर घर शौचालय एवं आवास योजना का भी लोगों को लाभ दिया गया है।

झानद की महापंचायत की तैयारियां को लेकर बैठक कर लिये गये कई निर्णय

झानद संयोजक विजय सिंह ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं से की 28 को महापंचायत में शामिल होने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल व भाकपा (माले) रेड स्टार द्वारा 28 फरवरी 2023 को रांची के राजभवन में झारखंड को बचाने और राज्य हित के मुद्दों को लेकर आयोजित महापंचायत की तैयारियां जोरों पर हैं। इसे लेकर गुमला कचहरी के पास झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि सरकारों की लूट नीति के कारण झारखंड पूरी तरह लूट राज में तब्दील हो गया है, जिसे बचाने और हमारे पूर्वजों तथा शहीदों के सपनों का खुशहाल झारखंड बनाने के लिए बुलाई गई राजभवन के समक्ष महापंचायत में गुमला जिला से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं से रांची चलने की अपील भी की। बैठक में गुमला जिला के घाघरा प्रखंड सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार-अन्याय पर निंदा प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार व पुलिस प्रशासन से महिला उत्पीड़न पर हर हाल में रोक लगाने की मांग की गयी। वहीं गुमला व सिसई विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में महापंचायत कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तैयारी को तेज करने, क्षेत्र में जागो अभियान का संदेश को गांव-गांव में ले जाने तथा संगठन की मजबूती व विस्तार के लिए कई निर्णय लिए गए हैं।

बैठक में भाकपा (माले) रेड स्टार के जिला प्रभारी प्रकाश उरांव, भूषण सिंह, गोपेश्वर गोप, मंगरा उरांव, सोमरा खड़िया, मालती देवी, कुसमा मिंज, रुकमणी कुमारी, सरिता देवी, गायत्री देवी, विमला देवी, मंजू उरांव, सुशीला उरांव, बेनेविभा किंडो, बिरसमुनी देवी, बंधनी कुमारी, सरिता कुमारी सहित दल से जुड़े कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

सेनिटरी दुकान के बाहर से टाइल्स लदे पिकअप की चोरी

घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के नेतरहाट रोड स्थित मां टाइल्स एंड सेनिटरी दुकान के बाहर से शनिवार की रात्रि टाइल्स लदे पिकअप की चोरी हो गयी। घटना के संबंध में मां सेनिटरी दुकान के संचालक संतोष साहू ने बताया कि बीते शनिवार को मालवाहक पिकअप में रांची स्थित बूटी मोड़ से टाइल्स व सेनिटरी का सामान लेकर घाघरा अपनी दुकान पहुंचे। जहां देर शाम होने के कारण सुबह समान खाली करने की बात कह पिकअप को दुकान के बाहर खड़ा कर दिया। अचानक से लगभग 12 बजे रात को पिकअप वाहन के स्टार्ट होने की आवाज सुनाई दी। जिसके बाद संतोष ने अपने घर का दरवाजा खोला। जैसे ही बाहर निकला टाइल्स लदा पिकअप को लेकर चोर भागने लगे। संतोष ने यह भी बताया कि चोर सफेद रंग की कार से आये थे। कुछ लोग कार से भागे और कुछ लोग पिकअप लेकर भागे। जब तक पीछा करते तब तक पिकअप लेकर चोर काफी दूर भाग चुके थे। जिसके बाद संतोष ने घाघरा थाना में जाकर रात में ही सूचना दी। सूचना मिलते ही घाघरा पुलिस ने विभिन्न रास्तों पर छापेमारी के लिए पुलिस को दौड़ाया पर कोई पता नहीं चला। संतोष ने बताया कि पिकअप वाहन में लगभग डेढ़ लाख रुपये का टाइल्स व सेनिटरी का सामान था। यहां बता दें कि पिकअप मालिक पवन कुमार गिरी हैं। इस संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी से पूछने पर उन्होंने कहा सूचना मिलते ही छापेमारी की गई तब तक चोर वाहन लेकर फरार हो चुके थे। छापेमारी की जा रही है जल्दी चोरों का पता लगा लिया जाएगा।

गुमला में महाशिवरात्रि पर निकलेगी भव्य शिव बारात

गुमला (आजाद सिपाही)। महा शिवरात्रि पर गुमला में भव्य-आकर्षक शिव बारात, भंडारा कराने का निर्णय लिया गया। इसके लिए सभी हिंदू धर्मावलंबियों से शिव बारात में शामिल होने का आग्रह भी किया गया है। यह निर्णय शमशान घाट समिति पालकोट रोड गुमला द्वारा एक बैठक आयोजित कर लिया गया। इस वर्ष 18 फरवरी महाशिवरात्रि के अवसर पर समिति द्वारा कई कार्यक्रमों के अयोजन को लेकर आवश्यक बैठक की गई। जिसमें समिति के भगवान सिंह, रिया राम, अमित पूरी को आवश्यक जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में मुख्य रूप से अशोक त्रिपाठी अनिल सिंह, अरविंद मिश्रा, संतोष दिवान, प्रसुन्न मिंज, प्रदीप सिंह, मुकेश सोनी आदि उपस्थित थे।

टाना भगत इंटर कॉलेज में प्रायोगिक परीक्षा 15 को

घाघरा (आजाद सिपाही)। टाना भगत इंटर महाविद्यालय में सत्र 2021-23 कला एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों का 15 फरवरी दिन बुधवार को 9 बजे से महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा ली जाएगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्राचार्य अरशद मोमिन ने सभी विद्यार्थियों को समय से एडमिट कार्ड के साथ महाविद्यालय पहुंचकर प्रायोगिक परीक्षा में भाग लेने की बात कही।

तीन युवकों की मौत को लेकर वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

सिसई (आजाद सिपाही)। बीएन जालान कॉलेज के समीप बीती रात सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत को लेकर बरगांव कुलंकेरी बगीचा टोली निवासी मृतक बुधदेव उरांव के पिता विरसा उरांव ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि बुधदेव उरांव, विरेन्द्र उरांव व विकास उरांव सिसई पुनाटोली स्थित रिश्तेदार चमरु उरांव के घर शादी समारोह से मोटरसाईकिल से लौटने के दौरान रात करीब पौने एक बजे कॉलेज के समीप आईसर ट्रक जेएच 01 ईएन 8301 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल सहित तीनों को कुचलने की सूचना मुझे व परिजनों को मिली। आनन फानन में हम घटनास्थल पहुंचे और देखा कि मेरा बेटा बुधदेव उरांव, विरेन्द्र उरांव व विकास उरांव मृत अवस्था में सड़क पर पड़े हुए हैं। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। उन्होंने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले आईसर ट्रक के चालक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगायी है।

कार्यक्रम : स्व. कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला का प्रतिभा सम्मान सह वार्षिक समारोह का आयोजन

116 जगहों पर संचालित रात्रि पाठशाला में बच्चों को शिक्षक दे रहे हैं मुफ्त शिक्षा : अरुण उरांव

रंगारंग नृत्य, गीत, अंग्रेजी भाषण एवं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति से बच्चों ने लोगों का मन मोहा

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

भरनो। प्रखंड के डूडीया गांव स्थित आम बगीचा में रविवार को स्व. कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला का प्रतिभा सम्मान सह वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व आईजी डॉ अरूण उरांव शामिल हुए। जहां रात्रि पाठशाला के संस्थापक डॉ अरूण उरांव का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही रात्रि पाठशाला के बच्चों द्वारा फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. बाबा कार्तिक उरांव और स्व. बाबा बंदी उरांव की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में गुमला, रांची और लोहरदगा के स्व. कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला के बच्चों द्वारा रंगारंग नृत्य गीत और अंग्रेजी से भाषण, नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि डॉ अरूण उरांव ने कहा कि 29 नवम्बर 2014 को मांडर के उचरी गांव से मात्र चार बच्चों से इस रात्रि पाठशाला की शुरुआत की गई थी, जो आज 116 जगहों पर संचालित है। जिसमें कुल 3000 बच्चे अध्ययनरत हैं, जिन्हें 350 शिक्षकों द्वारा सेवाभाव से मुफ्त शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि रात्रि पाठशाला में वैसे बच्चे पढ़ते हैं जो दिन में सरकारी या निजी स्कूलों में पढ़ाई करते हैं और रात में रात्रि पाठशाला में जाते हैं। इन बच्चों को गांव के ही पढ़े-लिखे युवक-युवतियों द्वारा सेवाभाव से निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है। इसके लिये ये सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ प्रत्येक गुरुवार को अखरा सभ्यता और शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें अपनी कला, सांस्कृतिक और सभ्यता के बारे बताया जाता है, साथ ही रात्रि पाठशाला के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं एवं पुरुषों को कार्यक्रम आयोजन कर समाज में फैली कुरीति, डायन विसाही, नशा पान, पलायन आदि के बारे भी जागरूक किया जाता है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डूडीया पंचायत की मुखिया रश्मि लकड़ा, पूर्व मुखिया बसंत उरांव, जितेंद्र सिंह, बिपिन सिंह, आरती कुमारी, अन्नू कुमारी, रवींद्रनाथ कर, मंगरु भगत, जोगी महतो, कुदपि मुंडा, कामेर्ला उरांव समेत कई लोगों ने सराहनीय भूमिका निभायी। मौके पर सैकड़ों रात्रि पाठशाला के छात्र- छात्राएं और अभिभावक उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर में ऊर्जा मेला में आये आवेदनों का किया गया निष्पादन

घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के परिसर में रविवार को ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया। ऊर्जा मेला में मुख्य रूप से मौजूद विद्युत विभाग के कनीय अभियंता सूरज दास ने मौजूद लोगों को बताया कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना 100 यूनिट फ्री बिजली स्कीम का आप उपभोक्ता लाभ उठायें। साथ ही निशुल्क मीटर चेंज और कृषि के लिए सब्सिडी वाला कनेक्शन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस क्रम में बिजली संबंधित शिकायतों का ऑन द स्पॉट निवारण भी किया गया। वहीं बिजली से संबंधित शिकायत भी प्राप्त हुए, जिसमें एफआईआर संबंधी 1, बिल सुधार संबंधित 4, नया कनेक्शन के लिए आवेदन 3 और खराब मीटर चेंज संबंधित 4 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर विभाग के लाइनमैन सुनरदेव यादव, राजेश गुड़िया, विश्वनाथ साहू, कृष्णा साहू छोटू, अमित उरांव, किशुन उरांव, अवधेश साहू सहित विद्युत उपभोक्ता व ग्रामीण शामिल थे।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल लरंगो खंड समिति का किया गया विस्तार

सिसई (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल लरंगो खंड समिति विस्तार को लेकर विद्या मंदिर लरंगो में विहिप प्रखंड मंत्री उदय कुशवाहा की अध्यक्षता में बैठक हुई। समिति विस्तार करते हुए अध्यक्ष सुरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष सुभाष यादव, मंत्री सुंदर साहू, सह मंत्री प्रकाश साहू को बनाया गया। वहीं बजरंग दल का संयोजक शिवकुमार साहू, सह संयोजक अभिषेक साहू, मातृशक्ति प्रमुख विमला देवी, सह मातृशक्ति प्रमुख सुगी देवी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका प्रियंका कुमारी, सह संयोजिका नीलम कुमारी व आरती कुमारी को बनाया गया। बैठक के दौरान उदय कुशवाहा ने कहा कि सरना सनातनी समाज एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों ही सहोदर भाई-बहन हैं। आज सरना सनातनी समाज के लोगों को धर्मांतरण और लव जिहाद के माध्यम से गुमराह करके उनके हक और समाज को विधर्मियों द्वारा बर्बाद करने का प्रयास किया जा रहा है, इससे सभी को सचेत रहना आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्त्ता 24 घंटे सरना सनातन समाज की रक्षा सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर हैं। मौके पर जिला सुरक्षा प्रमुख मनीष बाबू, सौरव ताम्रकार सहित सरना सनातनी सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

भास्कर एजुकेशनल एकेडमी इंग्लिश मीडियम कम प्ले स्कूल में वार्षिक महोत्सव मनाया गया

सिसई (आजाद सिपाही)। भास्कर एजुकेशनल एकेडमी इंग्लिश मीडियम कम प्ले स्कूल थाना रोड में रविवार को वार्षिक महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा स्वागत नृत्य व उपस्थित अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर किया गया। समारोह में विद्यालय के अध्ययनरत नन्हे छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक गीत-संगीत व नृत्य के माध्यम से समाज में विभिन्न अंधविश्वास, कुरीतियों के प्रति जागरूक करने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य व स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। इस मौके पर पूर्व शिक्षक सह प्रबुद्ध शिक्षा विंद पिताम्बर झा, समाजसेवी सुजीत उर्फ बबलू जायसवाल, वसंत यादव, प्रकाश वर्मा, गौरव ताम्रकार सहित अभिभावक, शिक्षक व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

श्री श्री रुद्र शहस्र चंडी एकादश दिवसीय महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

पालकोट (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत पम्पापुर पर्वत शिखर स्थित ऋषयमुख पर्वत शिखर आश्रम में श्री श्री 108 ब्रह्मकालीन बाबा कर्म योगी शिवसंभव जी महाराज उदासीन काल के आश्रम में श्री श्री रुद्र शहस्र चंडी एकादश दिवसीय हवनात्मक महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह यज्ञ 12 फरवरी से 22 फरवरी तक चलेगा। यह 86वां आयोजन है। आज भव्य रूप से कलश यात्रा निकाली गयी जिसमें 351 महिलाएं शामिल होकर निर्झर झरना से आचार्य सतीशचन्द्र शास्त्री, उपाचार्य शानतेश्वर पांडे, वैदिक दीनानाथ मिश्रा व सोनू पांडे के वैदिक मंत्रोचारण के बाद कलश में जल भर के नगर भ्रमण के बाद पम्पापुर पर्वत शिखर आश्रम स्थित यज्ञ स्थल में ले जाकर कलश स्थापना किया गया। मौके पर आचार्य सतीश चंद्र ने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोक कल्याण व शांतिमय वातावरण की स्थापना की जा सकती है। इस कार्यक्रम में शामिल रहे। केदार प्रसाद गुप्ता, अमर सोनी, सुजीत गुप्ता, सोनल गुप्ता, विकास गुप्ता, जगदीश बंगाली के अलावे कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

प्रदान संस्था ने मोरेंग पंचायत में ग्रामीणों को दिया स्वच्छता प्रशिक्षण

बसिया (आजाद सिपाही)। प्रदान संस्था बसिया के मार्गदर्शन में प्रशिक्षक सोनू सिंह के द्वारा मोरेंग पंचायत के पतुरा पहाड़ टोली में ग्रामीणों को स्वच्छता पर जानकारी दी गयी। सोनू सिंह ने लोगों को स्वच्छ पानी पीने, शौचालय का उपयोग करने एवं गांव की साफ-सफाई रखने एवं तिरंगा भोजन खाने के फायदे के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने लोगों को अपने आंगन में पोषण वाटिका बनाकर खेती करने की भी जानकारी दी। इस प्रशिक्षण में असनु कुल्लू, प्रेमारोश सोरेंग, प्रीति बरला, सन्ध्या देवी, उर्सेला डुंगडुंग, अरुणा डुंगडुंग, बेरोनिका बरला, मानुवेल बरला, बिनीत कीड़ो, याकूब डुंगडुंग के साथ अनेकों ग्रामीण उपस्थित रहे।

पीपरा में राजद के दर्जनों कार्यकर्ता राकांपा में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान के नेतृत्व में रविवार को पीपरा प्रखंड के ग्राम बरदाग में बैठक कर राजद के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने एनसीपी का दामन थामने का निर्णय लिया है। जिसकी अध्यक्षता रेखा यादव तथा संचालन अखिलेश यादव ने किया। इस दौरान सचिन यादव, कमलेश यादव संजय यादव, अनिल कुमार यादव, शिव प्रसाद यादव, संतोष यादव, प्रदीप कुमार पासवान, संतोष कुमार यादव, रानू यादव, अवधेश यादव, लखन यादव, निरज कुमार सिंह, अखिलेश कुमार यादव, कैलाश यादव, सत्येंद्र यादव, राजू यादव, अमलेश यादव, अजय यादव, राजेन्द्र यादव, सत्येंद्र यादव, प्रमोद यादव, काशी यादव, कमलेश यादव, राजेंद्र यादव, उदय पासवान सहित पच्चास लोगों ने आगामी 16 फरवरी को एनसीपी का दामन थामने का निर्णय लिया है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान ने कहा कि इसके पहले उक्त सभी लोग राजद के समर्पित कार्यकर्ता थे। किंतु पूर्व विधायक और राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव के गलत कार्यशैली की वजह से निष्ठावान कार्यकर्ताओं की घोर उपेक्षा हो रही थी। जिससे तंग आकर इन्होंने एनसीपी का दामन थामा है। उन्होंने बताया कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और पार्टी की नीतियों से पूर्व विधायक श्री यादव भटक चुके हैं। जिससे राजद का जनाधार बेहद कमजोर हो चुका है।

अनुसूचित जाति को तोड़ने की साजिश भाजपा विफल करेगी : बाबूलाल मरांडी

सरकार की उपलब्धियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कार्यकर्ताओं के कंधों पर

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति को संबोधित करते हुए प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा एक सशक्त संगठन है सभी मोर्चा इसके अभिन्न अंग हैं। गरीब,शोषित,वंचित,दलित समाज तक पार्टी की विचारधारा एवं मोदी सरकार की उपलब्धियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं के कंधों पर है। अनुसूचित समाज को तोड़ने वाले ताकत को विफल करना पार्टी की जिम्मेवारी है। अनुसूचित समाज के चर्चा कर मोर्चा संगठन तक पहुंचा कर एक सेतु का काम करता है। पार्टी में विचार रखने की स्वतंत्रता है प्रत्येक कार्यकर्ता प्रत्येक समाज की बात सुगमता से रख सकता है पार्टी पार्टी में विचार-विमर्श के साथ समस्याओं का निराकरण भी किया जाता है। अनुसूचित समाज भी राज्य और देश के विकास में अपनी सहभागिता निभाता रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत रत्न भीमराव अंबेडकर को सम्मान देकर उनके जन्म स्थान, शिक्षा दीक्षा, कार्यक्षेत्र, परिनिवारण स्थान तक पंचतीर्थ घोषित किया है जो समाज के लिए सम्मान की बात है। अटल जी ने भी अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सड़क योजना की शुरूआत कर विकास की परिकल्पना शुरू की थी। कार्यकर्ता संगठित रहें और 2024 के चुनाव में झारखंड के लोकसभा एवं विधानसभा पार्टी का परचम लहराकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं एवं राज्य में भाजपा की सरकार बनावे। प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि अनुसूचित जाति क्षेत्रों में नेताओं और कार्यकताओं का प्रवास होगा। दलित समाज की बात सड़क से लेकर सदन तक उठाकर समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। केंद्र के द्वारा अंत्योदय का लक्ष्य पूरा करना अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रथम कर्तव्य है। दलित गरीब कमजोर समाज जागरूक हो और केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों का लाभ उठाएं मूलभूत सुविधाएं उन तक पहुंचाना भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का कर्तव्य है। सांसद वीडी राम,विधायक आलोक चौरसिया, विधायक किशनदास ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इनकी रही मौजूदगी

विधायक पुष्पा देवी, बृजमोहन राम, जीतू चरण राम, सीता राम, मनोज सिंह, शिवधारी राम, भाजपा जिला अध्यक्ष विजय आनंद पाठक, उप महापौर मंगल सिंह, प्रभात भुइयां, रंजन भारती, रंजन पासवान, विमल बैटरी, सीमा पासवान, कमलेश राम, रामेश्वर राम, भवन पासवान, लक्ष्मण राम, राजेश पासवान,समीर बावरी, कमलेश किशोर, दीपक बैठा, बप्पी बावरी, संदीप कुमार, राजीव लाल, नीरज कुमार, राजीव लाल, राकेश राम, जितेंद्र राम, सुनील पासवान,शंकर रजक, गोविंद बाल्मीकि, अनिल कुमार, जोगिंदर लाल, राजेंद्र पासवान, कमलेश राम, विशाल बाल्मीकि, खुदा राम, रामेश्वर दास सहित भाजपा पलामू के धर्मेंद्र उपाध्याय, विजय ओझा, नरेंद्र पांडे, शिवकुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, ईश्वरी पांडे, संजय कुमार, संजय पांडे, भोला पांडे, आनंद सिंह, संजय गुप्ता, जय दुबे, विनोद सिंह, सुनील पांडे, अविनाश वर्मा, अनुज पांडे, सत्यवान तिवारी,ज्ञानधन चौरसिया,अमलेश चौरसिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हुसैनाबाद में चला सघन चेकिंग अभियान आधा दर्जन दोपहिया वाहन जब्त

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। पलामू एसपी के निर्देश पर सड़क सुरक्षा को लेकर हुसैनाबाद पुलिस के द्वारा लगातार शहर के पटेल चौक व जेपी चौक के समीप सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को वाहन चेकिंग में पुलिस ने नौ बाइक को जब्त किया।इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता है। वाहन चालक को हेलमेट व सभी आवश्यक कागजात रखना आवश्यक है। उन्होंने दो पहिया पर दो ही सवारी चलने सहित वाहनों से संबधित सभी कागजात लेकर चलने के प्रति लोगों को जागरुक किया। उन्होंने कहा कि नियमो का उल्लंघन किये जाने पर विभिन्न कारणों पर विभागीय दंड शुल्क का निर्धारण किया गया है। जिसमें हेलमेट, प्रदूषण, बीमा नहीं रहने व दो पहिया पर ट्रिपल सवारी करने पर एक हजार रुपये, वाहनों के लाईसेंस व फिटनेस नहीं रहने व वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करते पाये जाने पर पांच हजार रुपये का दंड शुल्क भरना होगा। शराब पीकर वाहन चलाने, आपात कालीन वाहनों को रास्ता नहीं देने व बिना परमिट के वाहन पकड़े जाने पर दस हजार रुपये का जुमार्ना लगेगा।उन्होंने कहा कि अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए यातायात नियमो का पालन करने की अपील की है। हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने वाहन चेकिंग अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिस यातायात नियमो का पालन कराने का प्रयास कर रही है जो सड़क सुरक्षा को लेकर सराहनीय कदम है।। मगर सरकार व वरीय पदाधिकारी को वाहन चालकों की समस्या के प्रति भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमो में एक निर्धारित फाइन का प्रावधान है। एक हजार रुपए फाइन भरने के लिए क्षेत्र के लोगों को 80 किलो मीटर दूर डाल्टनगंज जाकर फाइन की राशि जमा करने में समय के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ता है।जो न्याय संगत नहीं है। उन्होंने पलामू उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से थाना परिसर या अनुमंडल स्तर पर ई पॉश मशीन के द्वारा चालान जमा करने की व्यवस्था की मांग की है। उन्होंने कहा कि पलामू गरीब इलाका है।इस वर्ष अकाल की वजह आम लोग परेशान हैं। लोगों को यातायात नियमो का पालन करना चाहिए। मगर गलती हो जाती है, तो उन्हे चालान भरने की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गाड़ी जब्त कर चालान के लिए डाल्टनगंज भेजना अव्यवहारिक है।

मालगाड़ी की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। पूर्व मध्य रेल के मोहम्मदगंज स्टेशन के समीप पोल संख्या 346/20 के पास रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान डाउन ट्रैक में आ रही मालगाड़ी के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।घटना रविवार की सुबह करीब 9 बजे की है।मृतक रेहला थानान्तर्गत सिगसिगी भीतिहारा का मिदू राम उम्र 45 वर्षीय बताया जाता है,जो रेलवे थर्ड लाइन निर्माण में लगी अशोका बिल्डकॉन कम्पनी में बतौर मजदूर कार्यरत था।कार्य के दौरान घटना घटी बताया जाता है।मोहम्मदगंज के रेलकर्मियों द्वारा जीआरपी मेदिनीनगर व आरपीएफ पोस्ट जपला को घटना की सूचना दिया गया।मौके पर जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया।

बेंगलोर का ख्वाब बारालोटा में पूरा कर रहे हैं अंबिका

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। बैंगलोर में देखा गया ख्वाब झारखंड के पलामू जिला मुख्यालय स्थित बारालोटा में पूरा होने लगा। बारालोटा स्थित जनकपुरी निवासी अंबिका तिवारी का हनुमान मंदिर निर्माण का सपना सालों से अधूरा पड़ा था।जिसे अब राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी का बल मिला है। प्रदेश संरक्षक अर्जुन पाण्डेय(गुरु पांडेय)के निर्देश पर युवा वाहिनी ने जनकपुरी नहर के समीप अंबिका तिवारी के जमीन पर अर्धनिर्मित पंचमुखी हनुमान मंदिर निर्माण को तेजी दी।मंदिर का ढांचा बनकर तैयार है,अब उसे स्वरूप देना बाकी था।मंदिर निर्माण का मुख्य आकर्षण गुंबद की आधारशिला रविवार को युवा वाहिनी के अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी(पिंकू)मंदिर के संस्थापक अंबिका तिवारी ने विधिवत पूजन कर एवं प्रतिष्ठित सामाजिक चेहरे विभाकर नारायण पाण्डेय ने नारियल फोड़कर किया।इस दौरान राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के सदस्य एवं बारालोटा ग्राम के प्रबुद्ध लोगों ने बढ़चढ़ कर सहभागिता निभाई। अंबिका तिवारी ने समाज की सेवा के लिए सनातन धर्म संस्कृति के उत्थान हेतु मंदिर निर्माण का शुभारंभ किया। परंतु आर्थिक अभाव में निर्माण कार्य बंद हो गया।अर्धनिर्मित पंचमुखी हनुमान मंदिर के लिए अंबिका तिवारी,उनके अग्रज निरंजन तिवारी एवं गांव के लोगों ने अथक प्रयास किया जिन्हें सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने, मंदिरों को संरक्षित एवं सुव्यवस्थित करने का बीड़ा उठाए राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी का सहयोग मिला है।गुंबद निर्माण के साथ साथ हरसंभव मदद का भरोसा देकर परशुराम सेना ने अपनी कार्यतालिका का फिर से लोहा मनवाया है।इस दौरान युवा वाहिनी के सदस्यों ने आने वाले समय में भव्य धार्मिक आयोजन करने एवं धार्मिक स्थलों को संरक्षित एवं सुव्यवस्थित करने का भरोसा दिया। मौके पर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी,प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, प्रमंडलीय संरक्षक बृजेश शुक्ला,श्यामाकांत तिवारी,राकेश पांडेय, प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी, अध्यक्ष लल्लू पांडेय, जिला संरक्षक आनंद तिवारी, जिलाध्यक्ष विकास दूबे,उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी, विकास तिवारी(छोटू),सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा, राजनाथ तिवारी, निरंजन तिवारी, विजय तिवारी, रूपेश तिवारी,सत्येंद्र तिवारी, सुधीर तिवारी, पिंटू शुक्ला,संतोष तिवारी, सुधीर तिवारी व सोनू तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

उत्पाद विभाग ने चार सौ लीटर स्प्रीट और 241 लीटर अवैध शराब की बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। हरिहरगंज थाना क्षेत्र के खड़गपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम पारपहाड़ में रविवार को उत्पाद अधीक्षक बिमला लकड़ा के नेतृत्व में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान एक घर से शराब बनाने वाली मशीन, स्प्रीट, रैपर, बोतल और अवैध शराब बरामद किया गया। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक बिमला लकड़ा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर 400 लीटर स्प्रीट, 241 लीटर बोतल में पैक और शराब बनाने वाली मशीन को बरामद किया गया है। वहीं शराब तस्करों के द्वारा गोवा ब्रांड के नाम से बोतल में शराब पैकिंग की जाती थी।उन्होंने बताया कि सुदूरवर्ती क्षेत्र का लाभ लेते हुए पिछले कई महीनों से तस्कर कारोबार चला रहे थे।

तस्कर शराब को बनाकर बिहार भेजा करते थे। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान किसी की गिरफ्तारी नही हुई ही। उत्पाद विभाग की टीम कार्य मे संलिप्त शराब तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

मार्शल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबले में टंडवा ने पीपीएल कप पर किया कब्जा

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। जिला के पीपरा थाना स्थित खेल मैदान में रविवार को मार्शल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला पीपरा प्रखण्ड के दलपतपुर तथा बिहार के टंडवा के बीच खेला गया।इस दौरान दलपतपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्ले बाजी करते हुए 16 ओवर में 7 विकेट खोकर 195 रनो का लक्ष्य टंडवा को दिया। वहीं शानदार जवाबी पारी खेलते हुए टंडवा ने पांच विकेट पर 12 ओवर में ही लक्ष्य को पूरा कर कप पर कब्जा जमा ली। इससे पहले पीपरा प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, भाजपा नेता विजय मेहता, विन्देश्वर पाठक, रंजीत बहादुर सिंह,विरजू चन्द्रवंशी, अरुण मिश्रा, विरेंद्र सिंह आदि लोगों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन करने की

शुभ कामना दी।वहीं आयोजकर्ता एक्स सीआरपीएफ कपिल देव राम ने कहा कि पीपरा प्रीमियम लिग मैच का आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों का छुपी प्रतिभा को निखारना मुख्य उद्देश्य है।इस दौरान पीपरा पंसस प्रतिनिधि रवि रौशन रवि, मधुबाना पंचायत मुखिया राजेश राजवंशी, चितरंजन राम, विशुनदेव गुप्ता, रामप्रसाद राम, वकील राम, सुजीत राम, अजय राम, बीडी मिश्रा, बबन राम, रंधीर सिंह, मुंटी सिंह, आमोद पासवान के सैकड़ो दर्शक मौजूद थे।

मनोकामना सिद्धपीठ पंचमुखी हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 21 फरवरी से

बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। रेहला के केतात कला में भव्य पंचमुखी हनुमान मंदिर बनकर तैयार हो गया है। नव निर्मित मंदिर में अब आदमकद हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित होना है। जिसके लिए मनोकामना सिद्धपीठ पंचमुखी हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया

गया है। पांच दिनों तक चलने वाला यह महायज्ञ आगामी 21 फरबरी को कलश शोभा यात्रा के साथ शुरू होगा। 25 फरवरी को महा भंडारा के साथ यज्ञ की पूणार्हुति होगी। यज्ञ आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि यज्ञ मे कई साधु संत व कथावाचक जुटेंगे। जगतगुरु बासुदेवाचार्य विद्या भाष्कर स्वामी जी महाराज के कृपापात्र स्वामी राजेंद्रचार्य महाराज जी के नर्गदा पीठाधीश्वर के तत्वाधान में यज्ञ संपन्न होगा। मंदिर प्रांगण में पिछले आठ फरवरी से ही प्रतिदिन विष्णु विक्रम जी महाराज का प्रवचन चल रहा है। वहीं 21 से 25 फरवरी तक विद्या भाष्कर जी महाराज का प्रवचन होगा। इधर महायज्ञ की तैयारी जोरों पर है। सैकड़ों धर्म प्रेमी महायज्ञ के सफल आयोजन हेतु दिन रात लगे हुए हैं।

अनुशासन और संस्कारपूर्ण शिक्षा है आज की जरूरतः अभिमन्यु सिंह

संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल का मना सातवां वार्षिकोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर के संत जोसेफ कॉन्वेन्ट स्कूल का सातवां वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच समारोह पूर्वक मनाया गया। वार्षिकोत्सव समारोह का उद्घटान मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी सह राजनीतिज्ञ अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह, विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, युवा ग्रासिम इंड्रस्टीज के एचआर हेड अजित तिवारी, बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, पड़वा प्रमुख गीता मेहता, समाजिक सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक, स्कूल के संस्थापक विजय पांडेय, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, राजद नेता नईमुद्दीन अंसारी,गांधी विचार मंच के संस्थापक अध्यक्ष रवींद्रनाथ उपाध्याय, एएसआइ अनंत कुमार सिंह,प्रोग्रेसिव चिल्ड्रेन एकेडमी के निदेशक डॉ अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घटान समारोह की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक नारेंद्र कुमार तिवारी ने किया, जबकि संचालन अमित कुमार सिंह व स्कूल के प्राचार्य आरके सिंह ने संयुक्त रूप से किया। अभिमन्यु सिंह ने कहा कि बच्चों को अनुसाशन एवं संस्कारपूर्ण शिक्षा देने की जरूरत है। इस बात की खुशी है कि यह स्कूल बच्चों को अनुसाशन में रखते हुये संस्करपूर्ण शिक्षा दे रहा है। एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि स्कूल में चरित्र व व्यक्तित्व का निर्माण आवश्यक है। अच्छा चरित्र और अच्छा व्यक्तित्व ही बच्चों को मंजिल तक पहुंचायेगा। ग्रासिम इंड्रस्टीज के एच आर हेड अजित तिवारी ने स्कूल प्रबंधन की तारीफ करते हुए कहा कि कम शुल्क में बेहतर शिक्षा देने का उल्लेखनीय कार्य यहां हो रहा है। निदेशक नारेंद्र कुमार तिवारी ने स्कूल के सात वर्षों की विकास यात्रा के बारे में लोगो को बताया। कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही हमारा एक मात्र उद्देश्य है। वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़ कर एक गीत-नृत्य व नाटक प्रस्तुत कर अतिथियो का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में बेहतर प्रस्तुति करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन ने पुरस्कृत भी किया।

मौके पर ये रहे मौजूद

मौके पर शुशील शुक्ला,नागेंद्र प्रसाद पांडेय, गोपाल पांडेय, मो. सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, राहुल दुबे, धनंजय यादव,प्रवीण सिंह, राजू राम,राजू श्रीवास्तव, दिनेश शुक्ला, सलीमुदिन अंसारी सहित स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्रा और काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

स्पोर्ट्स

यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की ओर से पुरानी रांची शोमा बाड़ी में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

हिंदपीड़ी इलेवन ने जूनियर फाइटर को 27 रनों से हरा कर जीत हासिल कर ली

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की ओर से पुरानी रांची शोमा बाड़ी में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 16 टीम ने भाग लिया, तीन दिवसीय खेल के बाद रविवार को जूनियर फाइटर और हिन्दपीड़ी इलेवन के बीच फाइनल हुआ। इस फाइनल मैच में हिन्दपीड़ी इलेवन ने 27 रनों से जीत हासिल कर ली। अलेक्स हेल्पलाइन के अध्यक्ष

मोहम्मद मुमताज ने बताया कि मौजूदा दौर में युवा पीढ़ी नशा और मोबाइल की लत से खेलकूद से दूर हो रहें, दौर यह आ गया है कि बच्चे मोबाइल फोन में ही गेम खेल कर अपना शारीरिक और मानसिक दोनों नुकसान कर रहे हैं, युवा पीढ़ी खेल से दूर भाग कर नशा की ओर जा रहे हैं, इस लिए मौजूदा दौर को देखते हुए हमलोगों ने खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए पुरानी रांची शोमा बाड़ी मे क्रिकेट टूनार्मेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस खेल आयोजन में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद असलम नाजिया, मो रशीद, मो अफताब, अल अंसार पंचायत के मो जावेद, मो रिजवान, शहबाज, राजन उर्फ. सलमान, आदि लोगों ने आकर खिलाड़ियों को बधाई दी।

राज्य सरकार को उनके वादों को याद दिलायेंगे पंचायत स्वयंसेवक

बैठक कर बनायी बेमियादी आंदोलन करने की रणनीति

आजाद सिपाही सवांददाता

जरीडीह बाजार (बेरमो)। बेरमो बोकारो जिला पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की बैठक रविवार को जैनामोड़ स्थित प्रजापति धर्मशाला में हुई। अध्यक्षता श्यामा कुमार गोस्वामी व संचालन सचिव देवेंद्र कुमार ने किया। प्रदेश कमेटी के आह्वान पर से 3 सूत्री मांगों को लेकर 20 फरवरी से रांची में बेमियादी आंदोलन में शामिल होने की तैयारियों पर बैठक में रणनीति बनायी गयी। संघ के अध्यक्ष श्यामल कुमार गोस्वामी ने कहा कि इस आंदोलन में राजभर के पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक शामिल होकर राज्य सरकार को उनके वादों को याद दिलाएंगे। वर्तमान राज्य सरकार से राज्य के 18 हजार पंचायत सचिवालय स्वयंसेवको में निराशा का माहौल है। सरकार बनने के बाद पिछले लगभग 3 वर्षों से मुख्यमंत्री से वार्ता के लिए समय देने की आग्रह किया जा रहा है समय नहीं मिलने पर बाध्य होकर आंदोलन में जाने की घोषणा किया गया है, बोकारो जिला के पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक भी आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगी, यहां बैठक कर इसी की रणनीति बनाई गई है। सचिव देवेंद्र कुमार जिला उपाध्यक्ष, अनिल कुमार, पेटरवार प्रखंड अध्यक्ष मंटू कुमार ने कहा कि हम लोग अपनी मांगों को लेकर सरकार से कई बार वार्ता करना चाहा, मगर वार्ता के समय देने में संबंधित अधिकारियों द्वारा टालमटोल किया जाता रहा है और संघ की मांग है कि प्रोत्साहन राशि की जगह सम्मानजनक मानदेय दिया जाये, उच्च स्तरीय बहाली के सम्मान में सेवा स्थाई की जाये, पदनाम को बदलकर पंचायत सहायक की जाये। इस मौके पर सभी जिला कमेटी के सदस्यों सहित प्रखंड कमेटियों के अध्यक्ष सचिव अन्य जिम्मेदार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

गोलीकांड में गोविंदपुर पुलिस की कार्रवाई, घटना में इस्तेमाल कार, एक गैलन चोरी का डीजल व मोबाइल फोन जब्त

डीजल चोर गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। गोविंदपुर थानांतर्गत पथरकुनी में विगत गुरुवार को डीजल चोरी करने के दौरान टायर रिपेयरिंग संचालक को गोली मारने के मामले का पदार्फाश करते हुए पुलिस ने डीजल चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी ग्रामीण एसपी रेशमा रमेशन ने दी। रविवार की दोपहर एसएसपी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने बताया कि 10 फरवरी की रात गोविंदपुर के पथरकुनी स्थित रत्न होटल के समीप आरिफ रजा के टायर रिपेयरिंग दुकान के सामने लगे दो हाइवा से डीजल चोर गिरोह के सदस्य अपनी कार से डीजल चोरी कर रहे थे। तभी टायर रिपेरिंग दुकान संचालक शौच के लिए बाहर निकला। उसने डीजल चोरी करते देख शोर मचा दिया। जिससे हाइवा में सोये चालक व आसपास के लोग जग गए और एकत्र होने लगे। लोगों से घिरता देख चोरों के दल ने टायर रिपेयरिंग दुकान के संचालक पर दो गोली चला दी। जिसमें एक गोली उक्त व्यक्ति के पेट में जा लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर, हमलावर चोरों का दल अपनी कार और चोरी की डीजल के साथ गोविंदपुर की ओर भाग गए। दूसरी ओर, घटना के बाद पुलिस टीम का गठन कर मामले की छानबीन शुरू की गई जिसमें बैंक मोड़ थानांतर्गत मटकुरिया के रहने वाले सुरेश विश्वकर्मा के बेटे राकेश विश्वकर्मा (29), धनसार थाना क्षेत्र के हीरा सोनी के बेटे भोला सोनी (23), गोधर काली बस्ती के केदार रवानी के बेटे मनजीत कुमार रवानी (22) और बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के सुंदर लाल महतो के बेटे कालू राम महतो (25) को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से लाल रंग की कार, एक गैलन में रखा चोरी का 30 लीटर डीजल और 5 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधीयों ने संगठित अपराधियों के सहयोग से जीटी रोड और बीसीसीएल के विभिन्न कोलियरी में चलने वाहनों से डीजल चोरी करने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार राकेश कुमार विश्वकर्मा की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कार और लूटा गया डीजल भी बरामद किया गया है। गिरोह के बाकी सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। इस मौके पर हेडक्वार्टर डीएसपी 1अमर कुमार पांडेय, गोविंदपुर थाना प्रभारी उमेश प्रसाद सिंह सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

गिरफ्तार डीजल चोरों की जानकारी देती ग्रामीण एसपी रेशमा रमेशन व अन्य

झामुमो छोड़ मासस में शामिल हुए दर्जनों युवा

आजाद सिपाही संवाददाता

चिरकुंडा। झारखंड मुक्ति मोर्चा के दर्जनों युवक एवं महिलाएं रविवार को ईस्ट कुमारधुबी कोलियरी में मार्क्सवादी समन्वय समिति(मासस) द्वारा आयोजित मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता नंनटू गोस्वामी ने किया जहां मुख्य अतिथि के रूप में निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी उपस्थित रहे। पार्टी में जुड़े सभी साथियों को श्री चटर्जी ने माला पहना कर स्वागत किया और कहा कि आज से यह सभी साथी मासस परिवार का एक अंग है और जिसकी रक्षा करना हम सब का कर्तव्य है पूर्व में भी ईस्ट कुमारधुबी कोलियरी मजदूर हित के लिए मासस हमेशा लड़ाई लड़ते आई है और आगे भी मजदूर हित की लड़ाई निरंतर लड़ती रहेगी कुमारधुबी कोलयरी क्षेत्र पूर्व से ही मासस काफी मजबूत थी और सभी साथियों के जुड़ने से मासस और भी मजबूत हुए हैं आने वाला समय में निश्चित रूप से सभी साथियों को लाभ मिलेगा वही सभी मजदूरों ने पूर्व विधायक अरूप चटर्जी को भव्य पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया

महत्वपूर्ण न्यूज

रेलवे का नोटिस मिलने पर ग्रामीणों में हड़कंप, पूर्व विधायक ने दिया मामला सुलझाने का आश्वासन

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। कुमारधुबी रेलवे स्टेशन के पश्चिम नया नगर बस्ती स्थित झीलिया किनारे रह रहे लोगों को रेलवे द्वारा हटने का नोटिस दिए जाने के बाद वहां के ग्रामीणों के बुलावे पर पूर्व विधायक अरूप चटर्जी पहुंचे। वहां लोगों की समस्या से अवगत हुए। लोगों को आश्वासन दिया कि आसनसोल रेल डीआरएम से इसको लेकर सकारात्मक वार्ता हुई है। किसी भी व्यक्ति का घर बिना कारण नहीं तोड़ा जाएगा। हम लोगों को जितनी जरूरत होगी उतना ही जमीन लेंगे। जिस तरह केएफएस काली मंडा का इलाका को तोड़ने के लिए नापी किया गया था उस नापी को कम कर काफी घरों को बचाया गया उसी तरह यहां पर जिस तरह रेलवे द्वारा करीब 400 फीट नापी किया गया है उसको भी कम करा कर काफी घरों को बचाया जा सकता है यहां के लोग जब भी मास पार्टीशन दें। उसके बाद हम लोग 10 से 15 दिन के अंदर बैठक कर इसका समाधान कर दिया जाएगा, जितने भी लोग विस्थापित होंगे हम लोग उनको सरकारी जमीन पर बसाने का काम करेंगे, यह मेरा वादा है जितना कम घर तोड़ा जाए उतना ही अच्छा है उसी हिसाब से रेलवे के अधिकारियों के साथ मुलाकात कर सकारात्मक पहल की जाएगी। मौके पर मेढा ग्राम पंचायत के मुखिया मनोज रावत, रामजी यादव, रामजी शर्मा, रोशन मिश्रा, माले नेता नागेंद्र सिंह, मुन्ना यादव, शुभम कुमार आदि थे।

जीवन के इस पल को हमेशा याद रखें : स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती

बोकारो (आजाद सिपाही)। चिन्मय विद्यालय के तपोवन सभागार में रविवार को 12वीं के छात्र-छात्राओं के आर्शीवचन, सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि स्वामिनी संयूक्तानंद सरस्वती शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जीवन का ये पल हमेशा ही स्मरणीय होता है। जिन्होंनें तुम्हें बनाने मे अपने सपनों को पीछे छोड़े। इसे कभी भूलना नहीं। वो इंसान बहुत ही भाग्यशाली होता है जिन्हें अपने बड़ो का आशीर्वाद और गुरुजनों का मार्गदर्शन मिलता है। ऐसे इंसान को जीवन की हर सफलता आसानी से प्राप्त होती है। समाज से जो मिला हमेशा उसे वापस देने के लिए खुद को सशक्त बनाएं। जिस क्षेत्र में जाएं माता-पिता, परिवार, शिक्षक, समाज व देश के लिए अवश्य सोंचें। वहीं, कार्यक्रम की शुरूआत स्वामिनी संयूक्तानंद सरस्वती, अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्जवलीत कर किया गया। उधर, 11वीं के छात्र-छात्राओ ने गणेश वंदना नृत्य प्रस्तुत किया। सौम्या एवं ग्रुप, भुमिका एवं ग्रुप, अन्नया एवं अरिका ने अपने सीनियर के लिए कई संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।12वीं कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को विषयवार, ऑल राउण्ड, संगीत, खेलकुद एवं छात्र-सदन में विषेश योगदान के लिए 122 छात्र-छात्राओं को पदक एवं प्रशस्त्री पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, कशिश, मेघा , विदिशा सिंह, ईशिका सरकार एवं दिव्या प्रियदर्शनी को स्टार परफोर्मेंस से सम्मानित किया। प्राचार्य सुरज शर्मा ने सभी को आर्शिवाद देते हूए कहा कि आप सभी में अद्वितीय प्रतिभा है। अपने जीवन में समय प्रबंधन का उपयोग करें। जीवन में आगे बढ़ने के लिए आप सबसे पहले खुद से प्यार करें। जब आप खुद से प्यार करेगें तब आप को स्वयं अपनी मातृभूमी, अपने माता-पिता, अपने समाज से प्यार होगा। विद्यालय का जीवन एक इंसान के जीवन का सवार्धिक स्वर्णिम काल होता हैं।

शौर्या	मिस्टर चिन्मया
अल्का कुमारी	मिस चिन्मया
हर्षिता सिंह	मिस नाइट एंगल
खुशबू रानी	मिस एथलेटिको
स्तुती व अर्गा	मिस आइकोनिक
हर्ष राज	मिस्टर आइकोनिक

जो श्रीराम का नही वो किसी का नहीं : चंदन

बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। चिटाही रामराज मंदिर में वार्षिक महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न होने पर रामराज मंदिर परिसर में मंदिर कमेटी ने संवाददाता सम्मेलन कर कमेटी के अध्यक्ष चंदन महतो ने कहा कि विधायक के विरोधी देखते रह गए और विधायक की पत्नी और उनके भाईयो व राम भक्तो की देखरेख में भव्य रामराज मंदिर का वार्षिक महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। बाघमारा क्षेत्र में विधायक जब-जब धर्म को आगे बढ़ाना चाहते हैं तब उनके विरोधी एक जूट होकर धर्म को हानी पहुंचाने के लिए षड्यंत्र रचते रहते है। मंदिर समिति ने एक स्वर में कहा कि जो प्रभु श्रीराम का नहीं वैसे लोग किसी काम के नहीं हैं। पत्रकार वार्ता में समिति के सचिव राजकुमार साहू, बिनोद महतो, आचार्य आशीष पांडेय, रवि पांडेय, इंद्रजीत पांडेय, विकास पांडेय, मंतोष पांडेय, अजय महतो, हराधन महतो, राजेश रंजन साहू आदि थे।

बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी से जनता त्रस्तः पवन महतो

तेतुलमारी (आजाद सिपाही)। मार्क्सवादी युवा मोर्चा दक्षिणी बौआ कला पंचायत के द्वारा रविवार को ईस्ट बसुरिया फुटबॉल ग्राउंड में संजय दास की अध्यक्षता एक बैठक हुई।जिसमे सर्वसम्मति से मार्क्सवादी युवा मोर्चा दक्षिणी बौआकला पंचायत अध्यक्ष संदीप बाउरी,सचिव अमृत तंतुबाई,उपाध्यक्ष ओरधनु दत्ता, सह सचिव आनंद रवानी को बनाया गया।

वही बैठक में मुख्य रूप से पहुँचे मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन महतो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी से देश की आम जनता त्रस्त हो चुकी है ' यह सरकार पूर्ण रूप से अडानी-अंबानी की सरकार है। कहा की केंद्र सरकार गैस, खाद्य पदार्थ, दवा, कलम, कॉपी, किताब आदि को महंगा कर पूर्ण रूप से व्यापारीकरण कर रही है। बीसीकेयु शाखा अध्यक्ष दुलाल चंद्र बाउरी ने कहा कि युवा देश के भविष्य है और केंद्र सरकार युवाओं के साथ छल कर रही है। अब युवा जागे और केंद्र के मोदी सरकार से जवाब-तलब करें। बैठक में मुख्य रूप से भवानी दास,डगरू बाउरी,मनोज रवानी,दीपक तांती,सोहन

कॉ सुशील चक्रवर्ती व समीर बाईन को दी गयी श्रद्धांजलि

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। मैथन क्लब मैथन में रविवार को सभा आयोजित कर डीवीसी श्रमिक यूनियन के संस्थापक रहे कॉमरेड सुशील चक्रवर्ती एवं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम कार्यकारी अध्यक्ष कॉमरेड समीर बाइन की अध्यक्षता में किया गया। श्रद्धांजली सभा में डीवीसी के कई स्थानों से कर्मचारी व ट्रेड यूनियन के सदस्य श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे हुए थे। सभी ने सर्वप्रथम दोनों श्रमिक नेताओं के तस्वीर पर पुष्प माला देकर श्रद्धांजली अर्पित किया गया।

आंदोलन को सफल बनाने को लेकर बाघमारा स्वयंसेवक संघ की बैठक

बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। कतरास लिलोरी मंदिर प्रांगण में रविवार को पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ बाघमारा की एक आवश्यक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सेन ने किया। इसमें बाघमारा प्रखंड के सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे। बैठक का मुख्य प्रयोजन 20 फरवरी से रांची में अपने 5 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के संदर्भ में था। इसमें आंदोलन और संघ को मजबूती प्रदान करने के लिए विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक में अनुराग प्रसाद गुप्ता, कार्तिक कुम्हार, शिव तिवारी, हीरालाल कुमार, भरत रजक, मानिक रजक, वीरेंद्र उरांव, सुनील महतो, नीरज कुमार, जितेंद्र प्रसाद, रंजीत महतो, श्याम लाल महतो, संतोष कुमार, देवेंद्र सरकार, उपेंद्र महतो, आनंद महतो, लक्ष्मण कुमार, सुनीता कुमारी, राखी कुमारी आदि उपस्थित थे।

लीगल एंड डिफेंस काउंसिल ने किया धनबाद मंडल कारा का दौरा, दी जानकारी



धनबाद (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर लगातार फरवरी माह के दूसरे रविवार को लीगल एंड डिफेंस काउंसिल की चार सदस्यीय टीम ने धनबाद जेल का दौरा किया। टीम ने जेल में बंदियों की समस्याओं को सुना। वैसे बंदियों की पहचान की गई। जिनकी ओर से कोर्ट में पैरवी करने वाला कोई नहीं है। पैरवीकार के अभाव में वह लोग अदालत में अपना पक्ष नहीं रख पा रहे जिसके कारण वह जेल में बंद है तथा उन बंदियों की भी जानकारी ली गई जिन्हें सजा हो चुकी है परंतु पैसे के अभाव के कारण या अन्य कारणों से उनकी अपील ऊपरी अदालत में दाखिल नहीं हुई है। अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला ने बताया कि टीम को मंडल कारा में पांच ऐसे बंदी मिले जिनकी ओर से अदालत में पैरवी करने वाला कोई नहीं है।

डीवीसी सीएसआर की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन

अंधापन दूर करने के लिए डीवीसी का प्रयास सराहनीयः जयमंगल सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो थर्मल। डीवीसी सीएसआर की ओर से ऑफिसर्स क्लब बोकारो थर्मल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर मोतियाबिंद ऑपरेशन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बेरमो विधायक जय मंगल सिंह, परियोजना प्रधान एनके चौधरी एवं धर्म पत्नी कमला चौधरी, उपमहा प्रबंधक बीजी होलकर एवं धर्म पत्नी स्वाति होलकर, जिप सदस्य शहजादी बानो ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में बोकारो थर्मल सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लगभग 150 महिला पुरुष मरीजों का निःशुल्क नेत्र जांच किया गया। जिसमें से 42 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। जिनका निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन मंगलवार को नेताजी नेत्र अस्पताल रामचंद्रपुर पुरुलिया में किया जायेगा। जहां रहने खाने सहित मरीजों पर होने वाली सारी खर्च निःशुल्क होगें। मरीजों की जांच डॉ हिमाद्रि रंजन, गौतम राय, राणा सेनगुप्ता, सुभाजित, सुमन, सुरजीत प्रधान आदि स्वास्थ्य कर्मी कर रहे थे। बेरमो विधायक जय मंगल सिंह ने डीवीसी सीएसआर द्वारा किए जा रहें इस सामाजिक कार्य की सराहना की। कहा कि मोतियाबिंद के कारण कई लोग अंधापन का शिकार हो जा रहें हैं। इसे में डीवीसी प्रबंधन इस तरह का सामाजिक कार्य कर कई गरीबों को अंधापन का शिकार होने से बचा रहीं हैं। जो सराहनीय हैं। वहीं परियोजना प्रधान एनके चौधरी ने कहा कि लोगों के सहयोग से डीवीसी द्वारा सदैव इस तरह की सामाजिक कार्य की जाती रहीं हैं। आगे भी इस तरह के सामाजिक कार्य करने की बात कहीं। वहीं उपमहा प्रबंधक बीजी होलकर ने कहा कि डीवीसी सीएसआर अपने 10 किलोमीटर एरिया अंतर्गत इस तरह के सामाजिक कार्य व विकास कार्य करते चली आ रही हैं। जिसमें ग्रामीणों के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों का लगातार सहयोग प्राप्त हो रहा हैं।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता यांत्रिक एस भट्टाचार्य, डीवीसी अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी एसके झा, बेरमो उपप्रमुख विनोद साहू, समाजसेवी योगेंद्र गिरी, सुनील सिंह, गोविंदपुर ए पंचायत मुखिया अंजू आलम, बी पंचायत मुखिया चंद्रदेव घांसी, डी पंचायत मुखिया चांदना मिश्रा, ई पंचायत मुखिया बीएन महतो, एफ पंचायत मुखिया कविता कुमारी, पंचायत समिति सदस्य अख्तर अंसारी, सुनील कर्ण, मुखिया प्रतिनिधि दीपक रजक, मेहबूब आलम, सीताराम महतो, हरी दास सहित कई लोग उपस्थित थे

खतियान ही माटी की पहचान : उमाकांत रजक

पूर्व मंत्री उमाकांत बने झारखंड मूल खतियानधारी मोर्चा के मुख्य संरक्षक और पूर्व विधायक बाटूल महतो संरक्षक

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। चास जेल मोड़ मैदान कमलडीह में झारखंड मूल खतियानधारी मोर्चा का खतियानी समागम सह वनभोज समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गयाराम सिंह चौधरी और संचालन विश्वनाथ महतो ने किया। कार्यक्रम में शामिल पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि खतियान ही हमारी माटी की पहचान है। स्थानीय, भाषा, साहित्य और संस्कृति ही हमारी धरोहर है। उन्होंने कहा कि बलिदानियों के अधूरे सपनों को साकार करने की नैसर्गिक कड़ी खतियान ही है। इसके बिना ना तो हम अपने अधिकार ले सकते हैं और ना ही बाहरी व्यक्ति से अपने पूर्वजों की संस्कृति एवं परंपरा की रक्षा ही कर सकते हैं। कहा कि खतियानधारियों की दशा और दिशा दिन प्रतिदिन दयनीय होते जा रहा है, युवाओं का रोजगार छीना जा रहा है। जमीन देकर कल कारखाने स्थापित करने वाले लोग आज षड्यंत्र के तहत शोषण का शिकार हो रहे हैं। वर्तमान समय में खतियानधारी लोगों का राजनीतिक वर्चस्व कमजोर हो रहा है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि हम खतियानधारी मिलकर चट्टानी एकता को स्थापित करते हुए अपने हक और अधिकार के लिए, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों की कंपनियों में स्थानीय को 75 फीसदी नियोजन के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए, अपने आने वाले पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प लें। वहीं, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटूल ने कहा कि झारखंड का निर्माण झारखंडियों के लिए हुआ है, लेकिन आज झारखंड के मूलवासी खतियानधारी अपने ही घर में न्याय के लिए तरस रहे हैं। बाहरी तत्व झारखंडीयों के हक और अधिकार को दबाने, मिटाने और कुचलने में लगी हुई है। संतोष रजवार ने कहा कि गरीब किसान को उजाड़कर उद्योगपतियों को बसाने और मूल खतियानधारियों को बेदखल करने की साजिश हो रही है। मूलवासियों के हित पर कुठोराघात हो रहा है। खतियानधारियों के हक और अधिकार को छिनन जा रहा है। इसके पूर्व सर्व सम्मति से संरक्षक मंडल एवं कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। संरक्षक मंडल में मुख्य संरक्षक पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, संरक्षक योगेश्वर महतो बाटूल, संतोष रजवार, हाकिम प्रसाद महतो, देवाशीष मंडल, जवाहरलाल माहथा, अजीत सिंह चौधरी कार्यकारिणी समिति में अध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष पार्वती चरण महतो, हसनूल अंसारी, शत्रुघ्न महतो,उपाध्यक्ष गयाराम सिंह चौधरी, उमेश महतो, लखन ख्वास, सुनील महतो, मोहन मूर्मू, रफीक अंसारी, प्रधान सचिव विश्वनाथ महतो महासचिव सुनील महतो, संतोष सिंह, जूबिल अहम आदि शामिल हैं।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 13 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in

कानून के छात्र अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार रहें : विशेषज्ञ

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। सोआ लेक्स कॉन्सिलियम सोआ विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन नेसनल इंस्टीच्यूट ऑफ लॉ द्वारा किया गया था। वाडिया घांडी एंड कंपनी के पार्टनर यश अग्रवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। शनिवार को कांफ्रेंस में इस बात पर चर्चा की गयी कि छात्रों को कानून के क्षेत्र में कैसे काम पर रखा जा सकता है और किस विभाग में अपना करियर बनाना है। यह पहली बार है कि कॉन्सिलियम का आयोजन कानून के छात्रों के लिए किया गया है। देश की 11 प्रमुख लॉ फर्मों के प्रतिनिधियों ने छात्रों से चर्चा की है।

कानून के छात्रों के लिए अब रोजगार के कई अवसर खुल रहे हैं। हालांकि, छात्रों इस अवसर का लाभ कैसे उठाते हैं, यह उन पर निर्भर करता है और जिन कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में वे पढ़ रहे हैं, उन्हें जिम्मेदार होना चाहिए, जश अग्रवाल पार्टनर वाडिया गांधी एंड कंपनी, देश में एक प्रमुख कानूनी सेवा प्रदाता कहते हैं। श्री अग्रवाल ने शनिवार को सोआ नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ द्वारा आयोजित पहले लॉ कॉन्क्लेव सोआ लेक्स कॉन्सिलियम में अपने भाषण में छात्रों को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं।

श्री अग्रवाल ने कहा कि जहां देश में लगभग 1700 लॉ स्कूल हैं, वहीं हर साल 4 लाख से अधिक छात्रों हर साल शिक्षा समाप्त कर बाहर रहे है । कानून के छात्रों न सिर्फ वकील या अदालतों में जज बनते हैं बल्कि उनके लिए विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के कई अवसर सृजित हुए हैं। इसलिए, इतनी सारी नौकरियां पाने के लिए, छात्रों को इस अवसर का बुद्धिमानी से उपयोग करना चाहिए। श्री अग्रवाल ने कहा कि शिक्षण संस्थानों को भी अपने छात्रों को दूसरों की तुलना में अधिक सफल बनाने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने विद्यार्थियों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिये।

कॉन्क्लेव के उद्घाटन कार्यक्रम में सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार नंद ने विश्वविद्यालय के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सोआ में कुल छात्रों में 47 प्रतिशत छात्री हैं, जबकि यहां 35 प्रतिशत महिला फैकल्टी काम कर रही हैं।

नवीन पटनायक ने एक कॉलेज को दिया विश्वविद्यालय का दर्जा

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक रविवार को ओड़िशा के एक प्रतिष्ठित कॉलेज को विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया। वह कॉलेज क्योंझर का धरणीधर स्वायत्त कॉलेज है। एक वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि कॉलेज ने विश्वविद्यालय का दर्जा हासिल कर लिया है।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक सोमवार को क्योंझर का दौरा कर रहे हैं। वे धरणीधर महाविद्यालय के कार्यक्रम में शामिल होंगे। उनका क्योंझर के लोगों के लिए करीब 4700 करोड़ रुपये की एक परियोजना की आधारशिला रखने का कार्यक्रम है। इसलिए क्योंझर में बड़ी तैयारी चल रही है। हाल ही में मुख्यमंत्री ने जयपुर में विक्रम देव कॉलेज के स्थापना दिवस में शामिल होने से पहले इसे विश्वविद्यालय घोषित किया था।

समर्पण दिवस के रूप में मनायी पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि

पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि देते लक्ष्मण प्रसाद सिंह और अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

राजधनवार। भाजपा कार्यालय बरजो मे रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भाग लिया। श्री सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय कालजयी संस्कृति के पुजारी थे। उन्हीं की प्रेरणा से पूर्व प्रधानमंत्री अटल वाजपेयी के शासनकाल से अंत्योदय योजना के तहत गरीब परिवार को राशन दिया जाता है। उनका कहना था कि जब तक अंतिम व्यक्ति तक विकास नहीं पहुंचता, देश को संपूर्ण आजादी नहीं मिलेगी। कहा कि आजादी के बाद देश कई समस्याओं से जूझ रहा था। राष्ट्रहित में भारतीय जनसंघ की उन्होंने स्थापना की। राष्ट्र के समग्र विकास तथा गरीबों के हित के लिए वे हमेशा लड़ते रहे। उनकी संदेहास्पद स्थिति में असामयिक मृत्यु हुई। शव मुगलसराय स्टेशन के पास पाया गया। तत्कालीन सरकार ने राजनीतिक विद्वेष के कारण मामले की जांच तक करना मुनासिब नहीं समझा।

उन्होंने कहा कि उनकी जीवनी से हमेशा सीख लेनी चाहिए। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित था। उनके आदर्शों पर चल कर ही देश प्रगति कर सकता है। मौके पर पवन सिंह, उपेंद्र सिंह, मुकेश कुमार सिंह, नरेश प्रसाद सिंह, उपेंद्र सिंह, भोपाल सिंह, कैलाश पासवान, सरफराज अंसारी, प्रदीप सिंह, संतोष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

थाना परिसर में लगी भीषण आग कार, बाइक और ऑटो जलकर राख

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। मयूरभंज जिले के महुलडीहा थाना क्षेत्र में भीषण आग लग गयी। थाना परिसर में अचानक आग लग गई। कुछ वाहनों और बाइकों को जलकर राख कर दिया। महुलडीहा थाना अधिकारी ने बताया कि 8 बाइक, 1 कार और 3 ऑटो संपूर्ण रूप से जल गया। आग लगने का कारण अस्पष्ट है। बताया जा रहा है कि दमकल ने पहुंच कर आग पर काबू पाया। सूचना मुताबिक रविवार दोपहर को थाने के पीछे जब्त किया गया वाहन में अचानक आग लग गयी। महुलडीहा थाना अधिकारी ने दमकल केंद्र को सूचना दी, लेकिन जब तक वे पहुंचे तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। थाने के पीछे कुल 52 वाहन थे। इनमें एक कार, तीन ऑटो आठ बाइक और चार साइकिल पूरी तरह से जल गयीं।

सैकड़ों कांग्रेसियों को कम्युनिस्टों ने मारा : शाह

कांग्रेस आज उन्हीं के साथ ईलू-ईलू कर रही है

एजेंसी

अगरतला। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा में चांदीपुर और उनाकोटी में दो चुनावी रैलियां को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कम्युनिस्टों ने सैकड़ों कांग्रेसियों को मार दिया, आज उन्हीं के साथ कांग्रेस ईलू ईलू कर रही है। शाह ने आगे कहा कि विपक्ष ने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा से हार मान ली है, तभी तो कांग्रेस ने कट्टर दुश्मन लेफ्ट पार्टी से गठबंधन किया है।

ट्रिपल ट्रबल से बचना है तो डबल इंजन की सरकार बनायें : अमित शाह ने कहा कि त्रिपुरा में लंबे समय तक आदिवासियों को धोखा देने वाला लेफ्ट अब लोगों को ठगने के लिए एक आदिवासी नेता को मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में पेश कर रहा है। शाह ने आगे बोले कि अगर आप कांग्रेस, माकपा, तिपरा मोथा की 'तिहरी मुसीबत' से बचना चाहते हैं, तो डबल इंजन वाली भाजपा सरकार की सरकार बनायें। दरअसल, जितेंद्र चौधरी माकपा के बड़े आदिवासी नेताओं में से एक हैं। त्रिपुरा में कांग्रेस और लेफ्ट के गठबंधन में आने की स्थिति में उन्हें ही उट पद के दावेदार के रूप में देखा जा रहा है।

कांग्रेस ने त्रिपुरा को जस का तस छोड़ दिया : गृहमंत्री ने कहा कि आपने कांग्रेस का शासन तो देखा है। उन्होंने इस राज्य को जस से तस छोड़ दिया। हमारी पार्टी के नेता बिप्लब देब फिर माणिक शाह ने त्रिपुरा के विकास को आगे बढ़ाया है। राज्य के डेवलपमेंट के लिए गरीब मिडिल फैमिली के युवा को जोड़ने का काम भाजपा ने किया है। कांग्रेस ने कभी भी आदिवासी का कल्याण नहीं किया है। हमारे प्रधानमंत्री ने सभी को सामान अधिकार का अवसर दिया है।

2025 तक गरीब को घर दे देंगे : शाह ने चुनावी रैली में कहा है कि राज्य में आज क्राइम रेट में 30% की कमी आई है। साल 2025 तक हम गरीब को घर दे देंगे। कॉलेज की छात्रों को मुफ्त में स्कूटी देंगे। भाजपा जो कहती है, वो करती है। हम राज्य में बांस की खेती को आगे बढ़ाने पर जोर देंगे। अमित शाह का एक सप्ताह में त्रिपुरा में यह दूसरा दौरा था। उन्होंने 6 फरवरी को साउथ त्रिपुरा के खोवाई जिले और संतिरबाजार में भी 2 चुनावी रैलियों को संबोधित किया था।

पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोपी की थाना से निकाल कर हत्या की

भीड़ ने लाठी-डंडों से पीटा, पुलिसकर्मी बचाने की जगह भाग गये

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपी को पुलिस स्टेशन से बाहर निकालकर मार डाला। भीड़ ने जब थाने पर हमला किया तो पुलिसवाले वहां से भाग खड़े हुए। हालांकि, बाद में वो एक्सट्रा फोर्स के साथ लौटे और ईशनिंदा के आरोपी की लाश को जलने से बचा लिया। आरोपी का नाम मोहम्मद वारिस (45) था। घटना पंजाब प्रांत के ननकाना साहिब जिले की है।

घटना के बाद ननकाना के डीएसपी और एसएचओ को सस्पेंड कर दिया गया। मोहम्मद वारिस पर कुरान का अपमान करने का आरोप लगे थे। इसके बाद रविवार सुबह उसे गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया- ईशनिंदा की खबर के बारे में सुनकर सैकड़ों लोग पुलिस स्टेशन में घुस गए। लॉकअप का ताला तोड़ कर वारिस को बाहर ले गए। उसे लाठी और रॉड्स से मारा गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

भीड़ ने पुलिस स्टेशन में तोड़-फोड़ की : पाकिस्तानी अखबार 'द डॉन' की रिपोर्ट के मुताबिक, भीड़ आरोपी को फांसी देना चाहती थी। वक्त रहते पुलिस मौके पर पहुंची और उसे पुलिस स्टेशन ले गयी। लोगों का गुस्सा इससे शांत नहीं हुआ। वो पुलिस की गाड़ी का पीछा करते हुए थाने पहुंचे। हंगामा करते हुए आरोपी को भीड़ के हवाले करने को कहा, लेकिन जब पुलिस नहीं मानी तो लोग मेन गेट तोड़ते हुए पुलिस स्टेशन के अंदर घुस गए। यहां तोड़फोड़ की और आरोपी को बाहर ले जाकर मार डाला।

जोशीमठ-बदरीनाथ हाइवे पर लामबगढ़ के पास टूटा ग्लेशियर

गोपेश्वर(चमोली)। उत्तराखंड के चमोली में खराब मौसम के बीच जोशीमठ-बदरीनाथ हाइवे पर लामबगढ़ के पास ग्लेशियर टूट गया। घटना शनिवार देर शाम की बतायी जा रही है। जब यहां बहने वाले नाले में ग्लेशियर बहकर आया तो लोगों में हड़कंप मच गया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्लेशियर टूटने की 12 दिन में यह दूसरी घटना है। हेमकुंड साहिब के गुरुद्वारा प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया कि ग्लेशियर टूटा जरूर है, लेकिन किसी भी प्रकार की कोई नुकसान की सूचना नहीं है।

30 जनवरी को भी टूटा था ग्लेशियर

बता दें कि बीती 30 जनवरी को भी चमोली जिले में ग्लेशियर टूटा था। नीती घाटी के मलारी गांव से 200 मीटर की दूरी पर मलारी नाले में ग्लेशियर टूटने से लोग दहशत में आ गए थे।। करीब पंद्रह मिनट तक क्षेत्र में बर्फ की धुंध छायी रही। हालांकि सुबह दस बजे तक स्थिति सामान्य हो गयी तब लोगों ने राहत की सांस ली।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**